RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 299
नई दिल्ली, शुक्रवार, 9 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



कोहली के शतक के साथ भारत एशिया कप से विदा
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# राजपथ इतिहास, कर्तव्य पथ से नई शुरुआत

## प्रधानमंत्री ने देश को समर्पित किया सेंट्रल विस्टा का महत्वपूर्ण हिस्सा कर्तव्य पथ

● इंडिया गेट के पास ग्रेनाइट से बनी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का भी किया अनावरण

● दासता का प्रतीक अब इतिहास हुआ: प्रधानमंत्री

**दीपक उप्रेती।** नई दिल्ली






**नए** सिरे से कायापलट के बाद राजपथ को कर्तव्य पथ नाम देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जनता को समर्पित कर दिया। विशाल क्षेत्र में फैले इस सौंदर्यीकृत कर्तव्य पथ का उद्घाटन करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दासता का प्रतीक अब इतिहास हो चुका है। उन्होंने इंडिया गेट के पास ही स्थित छतरी के नीचे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की एग्रेनाइट से बनी प्रतिमा का अनावरण भी किया। पूरा क्षेत्र रंग-बिरंगी रोशनी में नहाया था। इससे सेंट्रल विस्टा के 1.8 किमी का हिस्सा उत्सवी माहौल में डूबा नजर आया। बोस की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद पीएम मोदी ने कहा यदि भारत ने सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण किया होता, तो देश एक नई ऊंचाई पर पहुंच गया होता। यह दुखद है कि उन्हें भुला दिया गया। मोदी ने कहा कि इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा अब हमें प्रेरणा देगी और हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी।

हमने पिछले 8 वर्षों में कई ऐसे फैसले लिए हैं, जिनमें नेताजी के आदर्शों और सपनों की छाप स्पष्ट झलकती है। उन्होंने कहा कि किंग्सवे या राजपथ गुलामी का प्रतीक था, जो अब इतिहास को सौंप दिया गया है और इसे हमेशा के लिए मिटा दिया गया है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि राजपथ उस ब्रिटिश राज के लिए था, जिसका भारत गुलाम था। अब इसकी वास्तुकला और आत्मा दोनों ही बदल गई हैं। विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि जो लोग सेंट्रल विस्टा परियोजना का विरोध करते थे, वे दिल्ली में नए रक्षा कार्यालय परिसर के शुभारंभ पर सुविधाजनक रूप से चुप हो जाएंगे, जो कि सेंट्रल विस्टा का ही हिस्सा है। वे जानते हैं कि इससे उनकी कलई खुल जाएगी। मोदी ने कहा कि डिफेंस एन्क्लेव राष्ट्रीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्तव्य पथ के दोनों किनारों पर नया विकसित क्षेत्र गोल चक्कर, इंडिया गेट, समेत बोस की काली ग्रेनाइट से बनी 28 फीट ऊंची प्रतिमा की मेजबानी करने वाली छतरी पूरी तरह रंगीन रोशनी में नहाई थी। इस पूरे क्षेत्र की लंबाई 1.8 किमी, चौड़ाई 12 मीटर और दोनों तरफ लाल ग्रेनाइट फुटपाथ की चौड़ाई 4.2 मीटर है। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्तव्य पथ का उद्घाटन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की और पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों द्वारा ढोल बजाते हुए बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। यहां प्रधानमंत्री का स्वागत कई केंद्रीय मंत्रियों हरदीप सिंह पुरी, जी किशन रेड्डी, अर्जुन राम मेघवाल, मीनाक्षी लेखी और कौशल किशोर ने किया। बोस की काली ग्रेनाइट से बनी प्रतिमा का वजन 280 मीट्रिक टन है। इसे ग्रेनाइट पत्थर की विशाल शिला पर उकेरा गया है, जिसे तेलंगाना से दिल्ली लाया गया। इसे बनाने में दो महीने का समय लगा। कर्तव्य पथ के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने विस्टा एवेन्यू के निर्माण में शामिल श्रर्मजीवी (श्रमिकों) के साथ बातचीत की। इन श्रमिकों को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित किया जाएगा। यह प्रतिमा केंद्र की 13,450 करोड़ रुपये की सेंट्रल विस्टा परियोजना का ही हिस्सा है। इस पूरी परियोजना में नया संसद भवन, प्रधानमंत्री के लिए नया कार्यालय और आवास, उपराष्ट्रपति के लिए आवास और नए मंत्रालय भवन होंगे। राष्ट्रपति भवन के बगल में स्थित सचिवालय भवन नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को संग्रहालयों में बदल दिया जाएगा। एक अधिकारी के अनुसार 74 ऐतिहासिक लाइट पोल और सभी चेन बेहतर तरीके से संवारा गया है। इसके साथ ही यहां 900 से अधिक नए लाइट पोल लगाए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह जगह हमेशा आगंतुकों के लिए सुरक्षित रहे।

# गोगरा-हॉटस्प्रिंग्स में पीछे हटने लगीं भारत-चीन की सेनाएं

● लद्दाख में एलएसी पर तनाव वाले बिंदुओं से सैनिकों की वापसी का चौथा चरण शुरू, डेमचोक और देपसांग में अभी भी तनाव

● शंघाई सहयोग संगठन की बैठक से पहले महत्वपूर्ण फैसला, इस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम मोदी व शी जिनपिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लद्दाख** सीमा पर गोगरा-हॉटस्प्रिंग्स (पैट्रोलिंग पॉइंट (पीपी) -15) पर भारत और चीन की सेनाओं ने गुरुवार को पीछे हटना शुरू कर दिया। इसे पिछले लगभग दो साल से दोनों देशों के बीच चले आ रहे गतिरोध को कम करने की दिशा में बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि डेमचोक और देपसांग में तनाव की स्थिति अभी भी बनी हुई है।

मई 2020 से वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर दोनों पक्षों की सेनाएं आमने-सामने डटी हैं। तनाव कम करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण घोषणा उज्बेकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से कुछ दिन पहले की गई है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी (शेष पेज 8)

### एलएसी पर अरुणाचल में तैनात की गईं एम 777 हॉवित्जर तोपें



**पायनियर समाचार सेवा।** नामसई (अरुणाचल प्रदेश)

**भारतीय** सेना ने चीन से जारी गतिरोध के बीच अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ले जाई जा सकने वाली एम-777 अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर तोपों की तैनाती की है। सेना के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि ये तोप 30 किलोमीटर दूर तक मार करके दुश्मन को धराशाई करने में सक्षम हैं। लद्दाख सेक्टर के कई संवेदनशील इलाकों में हॉवित्जर तोप तैनात किए जाने के बाद अब अरुणाचल प्रदेश (शेष पेज 8)

# रास्ते में होटल नहीं, कंटेनर में ठहरेंगे राहुल

**भारत जोड़ो यात्रा**

● अभियान के दूसरे दिन विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने मुहिम में की हिस्सेदारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/कन्याकुमारी



कन्याकुमारी में भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी

**पूर्व** कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे दिन कन्याकुमारी जिले के आगास्तीसवरम से नागरकोइल के बीच विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने इस यात्रा में शिरकत की। इस बीच, राहुल गांधी ने रास्ते में होटलों में भोजन करने और ठहरने से इनकार करते हुए वातानुकूलित कंटनेरों में ठहरने का फैसला किया है। दक्षिण के राज्य में पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं से मिलने के साथ ही राहुल ने जवाहर लाल मंच पेटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इसके बाद कोट्टायम में दलित कार्यकर्ताओं और सिविल सोसाइटी के बीच चर्चा में भी उन्होंने भाग लिया। इसके पश्चात यात्री सुचिंद्रम स्थित उस ऐतिहासिक स्कूल भी गए जहां 1937 में महात्मा गांधी और राजगोपालाचारी ठहरे थे। इस बीच राहुल ने एस अनिता के परिजनों से भी मुलाकात की। पांच साल पहले नीट परीक्षा में पास न होने पर अनिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अनिता के भाई एस मणिरत्नम ने कहा कि उनका परिवार नीट परीक्षा के कारण 'व्यक्तिगत रूप से प्रभावित' हुआ है। राहुल के साथ 118 भारत यात्री है (पूर्णकालिक भागीदार) और हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ता भी इसमें शामिल हैं। वरिष्ठ पार्टी नेता केसी वेणुगोपाल, पीसी चिदंबरम, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा अन्य ने दूसरे दिन यात्रा में भाग लिया। 11 सितंबर को केरल पहुंचने के बाद यात्रा 18 दिन तक राज्य के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरेगी। इसके बाद 30 सितंबर को कर्नाटक पहुंचेगी। उत्तर की ओर जाने से पहले चुनावी राज्य कर्नाटक में यह यात्रा 21 दिन रहेगी। पार्टी के नेताओं ने कहा कि राहुल ने रास्ते होटल में ठहरने और खाने से इनकार कर दिया। इसके बदले उन्होंने पूरे यात्रा के दौरान पोर्टेबल वातानुकूलित शिप कंटनेरों में ठहरने का फैसला किया है। कुछ कंटेनरों में बिस्तर, टायलेट तथा एसी लगाए गए हैं।

# नीतीश और सोरेन के साथ मिलकर 2024 में भाजपा को हराएंगे: ममता

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह और पड़ोसी राज्य- बिहार और झारखंड के उनके समकक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल करने के लिए कई अन्य विपक्षी दलों के साथ हाथ मिलाएंगे। अपनी पार्टी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो बनर्जी ने दावा किया कि भाजपा अपने अहंकार और लोगों के गुस्से के कारण घोर पराजय का सामना करेगी।

उन्होंने कहा, मैं, नीतीश कुमार, हेमंत सोरेन और कई अन्य लोग 2024 में एक साथ आएंगे। सभी विपक्षी दल भाजपा को हराने के लिए हाथ मिलाएंगे। एक तरफ हम सब होंगे और दूसरी तरफ भाजपा। भाजपा को 300 सीटों के अहंकार का दंड मिलेगा। 2024 में खेला होबे। खेला होबे (खेल जारी है) पिछले साल विधानसभा चुनावों के दौरान टीएमसी का सशक्त नारा था, जिसमें उसने (टीएमसी ने) भाजपा को हराकर लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की थी। बनर्जी ने दावा किया कि हाल ही में बंगाल पुलिस ने झारखंड के विधायकों को बहुत अधिक नकदी के साथ गिरफ्तार करके पड़ोसी राज्य में खरीद-फरोख्त को रोका और हेमंत सोरेन सरकार को गिरने से बचाया।

पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले के पंचला में 30 जुलाई को झारखंड के तीन कांग्रेस विधायकों के वाहन को रोककर उससे लगभग 49 लाख रुपए नकद बरामद किए गए थे और तीनों विधायकों को गिरफ्तार कर लिया गया था। विधायकों ने दावा किया था कि यह पैसा उनके राज्य (झारखंड) में एक आदिवासी त्योहार के लिए साड़ियां खरीदने के वास्ते था। झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार (शेष पेज 8)

# ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का हुआ निधन

**भाषा।** लंदन, नई दिल्ली



**ब्रिटेन** की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 96 वर्ष की थीं। एलिजाबेथ द्वितीय ब्रिटेन पर सबसे लंबे समय तक राज करने वाली शाही हस्ती हैं। वह 70 साल शासन के शीर्ष पर रहीं। बकिंघम पैलेस ने एक बयान जारी कर कहा, आज दोपहर बाल्मोरल में महारानी का निधन हो गया। किंग और क्वीन कंसोर्ट आज शाम बाल्मोरल में रहेंगे। वे कल लंदन लौटेंगे। बीबीसी के मुताबिक, एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद उनके सबसे बड़े बेटे प्रिंस चार्ल्स ब्रिटेन के नए महाराज और राष्ट्रमंडल देशों के नए राष्ट्राध्यक्ष के रूप में महारानी के अंतिम संस्कार और श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अगुवाई करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन पर शोक व्यक्त करते (शेष पेज 8)

# भारत-जापान नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को प्रतिबद्ध



टोक्यो में जापानी समकक्ष यासुकाजु हमदा के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● द्विपक्षीय वार्ता में राजनाथ सिंह ने तकनीकी सहयोग में दोनों देशों की साझेदारी के विस्तार पर बल दिया

**भारत** और जापान ने बृहस्पतिवार को नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था को बरकरार रखने की प्रतिबद्धता दोहराई तथा इस बात जोर दिया कि सभी देश विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से हल करे न कि धमकी या ताकत अथवा एकतरफा ढंग से यथास्थिति में बदलाव की कोशिश करें।

दोनों देशों ने पहली बार संयुक्त लड़ाकू विमान युद्धाभ्यास में भी भाग लेने पर सहमति जताई है। ये मुद्दे टोक्यो में आयोजित दूसरे टू प्लस टू वार्ता में प्रमुखता से उठे। चीन द्वारा भारत-प्रशांत, ताइवान और दक्षिण चीन सागर मे शक्ति प्रदर्शन को लेकर दोनों देशों के रक्षा और विदेश मंत्रियों के बीच वार्ता हुई। इस मौके पर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उपकरण, तकनीकी (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,688 | ↑ 659 | |
| निफ्टी | 17,798 | ↑ 174 | |
| सोना | 51,056 | ↑ 251 | /10g |
| चांदी | 54,934 | ↑ 862 | /kg |

### क्विक न्यूज

**अमृतसर में निहंग सिखों ने एक व्यक्ति की हत्या की**

**अमृतसर, चंडीगढ़।** अमृतसर में दो निहंग सिखो और एक अन्य व्यक्ति ने 22 वर्षीय एकव्यक्ति पर स्वर्ण मंदिर केपास शराब पीने और तंबाकू के सेवन का आरोप लगाते हुए उसकी कथित तौर पर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बुधवार की रात कहिया वाला बाजार में हुई इस घटना को करीब आधा दर्जन लोग मूकदर्शक बनकर देखते रहे और इसे रोकने के लिए आगे नही आए। घटना एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। पुलिस ने कहा कि हमले के बाद हरमनजीत सिंह रात भर सड़क पर पड़ा रहा और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौत हो गई जो अमृतसर के छतीविंड का रहने वाला था। पुलिस ने कहा कि उसने तीनो आरोपियो की पहचान कर ली है।

# नीट-यूजी में चार अभ्यर्थियों को प्राप्त हुए समान अंक

● टाईब्रेकर नीति से तय हुआ शीर्ष स्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**इस** साल मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में चार अभ्यर्थियों को 720 में से सर्वाधिक 715 अंक मिले हैं। हालांकि, पिछले साल के विपरीत इन चारों को संयुक्त रूप से शीर्ष रैंक नहीं मिली है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने राजस्थान की तनिष्का को पहला स्थान देने के लिए एक नई टाई-ब्रेकर नीति का इस्तेमाल किया।

दिल्ली के वत्स आशीष बत्रा को दूसरी रैंक मिली, जबकि कर्नाटक के हृषिकेश नागभूषण गंगुले और रुचा पावाशे को क्रमश: तीसरी और चौथी रैंक मिली है। एनटीए अधिकारियों के अनुसार, रैंक तय करने के लिए एक पूर्व-निर्धारित क्रम में नौ कारकों का उपयोग टाई ब्रेकर के रूप में किया गया। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के मामले में, जीव विज्ञान (वनस्पति विज्ञान और प्राणी विज्ञान) में उच्चतम अंक और पर्सेंटाइल प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी।

इसके बाद रसायन विज्ञान में उच्चतम अंक और पर्सेंटाइल प्राप्त करने वाले तथा इसके बाद भौतिकी में उच्चतम अंक और पर्सेंटाइल प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी। उनके अनुसार, परीक्षा में सभी विषयों में सही उत्तरों की तुलना में कम गलत उत्तरों वाले अभ्यर्थी, उसके बाद जीव विज्ञान (वनस्पति विज्ञान और प्राणी) में सही उत्तरों की तुलना में सबसे कम गलत उत्तर अनुपात, इसके बाद रसायन विज्ञान में सही उत्तरों की तुलना में सबसे कम गलत उत्तर (शेष पेज 8)

# आतंकी मेमन की कब्र का सौंदर्यीकरण, उठा विवाद

● भाजपा ने लगाए पिछली महाअघाड़ी सरकार और उद्धव ठाकरे पर आरोप

● शिवसेना-कांग्रेस ने पूछा- परिवार को क्यों सौंपा गया था आतंकी का शव

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई



दक्षिण मुंबई में मरीन लाइंस के बड़ा कब्रिस्तान में स्थित 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन की कब्र

**मुंबई** में 1993 के बम धमाकों के दोषी याकूब अब्दुल रज्जाक मेमन की कब्र के सौंदर्यीकरण को लेकर गुरुवार को राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। मेनन को सात साल पहले फांसी दे दी गई थी।

इसके बाद उसका शव दक्षिणी मुंबई के मेरिन लाइन स्थित बड़ा कब्रिस्तान में दफनाया गया था। आतंकी की कब्र को मजार में तब्दील किए जाने की सुगबुगाहट के बाद मुंबई पुलिस ने यहां की गई लाइटिंग का कनेक्शन काट दिया। इसके कुछ ही घंटों बाद सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी एवं विपक्षी कांग्रेस और शिवसेना ने एक-दूसरे पर इस कब्र का सौंदर्यीकरण कराने का आरोप लगाया। भाजपा ने दावा किया है कि मेमन की कब्र का सौंदर्यीकरण किया गया है और उसे एक इबादतगाह में बदलने की कोशिश की जा रही है। कोविड-19 के दौरान मेनन की कब्र की साफ-सफाई कर उसे नया रूप दिया गया और इस मार्बल पत्थर के साथ लाइटिंग की व्यवस्था की गई। मुम्बई में अप्रैल 1993 में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों में 257 लोग मारे गए थे और 713 घायल हुए थे। इन धमाकों के एक आरोपी याकूब मेनन को नागपुर स्थित सेंट्रल जेल में 30 जुलाई 2015 को फांसी दी गई थी। पोस्टमार्टम के बाद याकूब के शव को उसके सगे भाई सुलेमान और चचेरे भाई उसमान को सौंप दिया गया था, जो इंडिगो फ्लाइट से शव को मुंबई ले आए थे। शव को यहां दक्षिणी मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में दफना दिया गया था।

यह वह कब्रिस्तान है जहां सुरैया, महबूब खान, नर्गिस दत्त, इस्माइल मर्चेंट जैसी बॉलीवुड की मशहूर हस्तियों के साथ-साथ स्मगलर से राजनेता बने हाजी मस्तान भी दफन है। भाजपा नेता राम कदम ने मेनन की कब्र की फोटो ट्वीट करते हुए कहा कि मेनन की कब्र को दरगाह में बदला जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे बताएं कि वह चुप क्यों हैं। राम कदम ने कहा कि उद्धव ठाकरे उस समय मुख्यमंत्री थे, जब इस कब्र को सजाया-संवारा गया। ठाकरे, राहुल गांधी और शरद पवार को मुम्बई के (शेष पेज 8)

# बच्चे पर पिटबुल का हमला, चेहरे पर आए 150 टांके

## गाजियाबाद में पार्क में घूम रहा था बच्चा, कुत्ते ने एक कान और गाल बुरी तरह से नोंचा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में पार्क में घूम रहे 11 साल के बच्चे पर पिटबुल डॉग ने हमला कर दिया। एक कान और दूसरी तरफ के गाल पर काट लिया। बच्चे के चेहरे पर डेढ़ सौ से ज्यादा टांके आए हैं। सर्जरी के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया है।

मामले में पीड़ित बच्चे के पिता ने पुलिस में शिकायत की है। वहीं नगर निगम ने कुत्ता मालिक पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। ये मामला बीते शनिवार का है, जिसकी फुटेज गुरुवार को सामने आई है।

मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के संजयनगर सेक्टर-23 के ब्लॉक में सचिन त्यागी परिवार सहित रहते हैं। उनका 11 साल का बेटा पुष्प त्यागी शनिवार को पार्क में घूम रहा था। वहां पर एक लड़की अपने पालतू पिटबुल डॉग को घुमा रही थी। इस दौरान


घायल अवस्था में पुष्प त्यागी

पिटबुल उस लड़की के हाथ से छूट गया और पुष्प त्यागी पर हमला कर दिया। हमले में बच्चा जमीन पर गिर गया और पिटबुल ने उसको बुरी तरह नोंच डाला।

आसपास के लोगों ने भागकर बच्चे की जान बचाई और दोनों को अलग किया। आनन-फानन में घायल बच्चे को परिजन नजदीकि हॉस्पिटल ले गए। डॉक्टरों ने सर्जरी करने के बाद करीब डेढ़ सौ टांके चेहरे पर लगाए हैं।

परिजनों ने इस मामले में यूपी-112 को फोन करके शिकायत भी दर्ज कराई। हालांकि पुलिस स्टेशन में कोई लिखित शिकायत अभी तक नहीं की गई है। फिलहाल बच्चे के चेहरे पर पट्टी बंधी हुई और घर पर आराम कर रहा है। वह कुछ बोलने या खाने-पीने की स्थिति में भी नहीं है। इस घटना के बाद से वो बुरी तरह डरा हुआ है। सोसाइटी के अन्य लोग भी भयभीत हैं। बच्चे के पिता सचिन त्यागी ने बताया बेटा पार्क में खेल रहा था। इस दौरान पिटबुल ने बेटे पर अटैक कर दिया। उसके मुंह पर डेढ़ सौ से ज्यादा टांके आए हैं।

एक कान कट गया और दूसरी तरफ गाल कट गया। सचिन त्यागी ने कहा पिटबुल इतना खतरनाक कुत्ता है कि लखनऊ में एक महिला को खत्म कर चुका है। ये सब देखते हुए अगर लोग फिर भी इतना खतरनाक कुत्ता पाल रहे हैं तो हमारे बच्चे सेफ नहीं हैं। पार्क समाज के लिए नहीं हैं। बच्चे कहां खेलने जाएं। रोड पर जाएंगे तो एक्सीडेंट हो जाएंगे, पार्क में जाएंगे तो कुत्ते काट लेते हैं।

## लिफ्ट में कुत्तों के प्रवेश को लेकर महिलाओं में हुई बहस

नोएडा। दो प्रमुख शहरों गाजियाबाद-नोएडा की हाउसिंग सोसाइटीज में पालतू कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ी हैं। दोनों शहरों में पिछले एक हफ्ते में ही ऐसे 10 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। अब ये घटनाएं झगड़े की वजह बन गई हैं। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एस एस्पायर सोसाइटी में कुत्ते को लिफ्ट में ले जाने पर दो महिलाएं आपस में भिड़ गई। इसका वीडियो सामने आया है। हालांकि, मामला पुलिस तक नहीं पहुंचा है।

लिफ्ट में कुत्तों के काटने के 2 मामले सामने आने के बाद अब इस बात पर बहस छिड़ गई है कि लिफ्ट में इनकी एंट्री बंद की जाए। हाउसिंग सोसाइटीज के एसोसिएशन फिर से डॉग्स को लेकर गाइडलाइन बनाने में जुट गए हैं। नोएडा में एथेना वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष संगीता बताती हैं, सोसाइटी के सेंट्रल पार्क पर पूरे तरह कुत्तों का कब्जा है। रेजिडेंट्स इसी पार्क में उन्हें बाथरूम और ब्रीडिंग कराते हैं। पार्क में घूमने वाले बच्चों पर डॉग्स कई बार अटैक कर चुके हैं। इसलिए अब बच्चों का वहां जाना काफी कम हो गया है। हमने इस बारे में कई बार निर्देश भी दिए हैं, लेकिन असर नहीं होता। नोएडा अथॉरिटी भी कोई कार्रवाई नहीं करती। राजनगर एक्सटेंशन रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने कहा हर अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन को अपनी सोसाइटी में कुत्ता पालने वालों की लिस्ट प्रशासन को भेजनी चाहिए। कितने स्ट्रीट डॉग सोसाइटी में हैं, कौन-कौन उनको खाना देता है।

## संक्षिप्त समाचार


अस्पताल के डॉक्टरों संग यशोदा के एमडी डॉ. पीएन अरोड़ा।

### आर्थराइटिस के मरीजों को दिया निशुल्क परामर्श

गाजियाबाद। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ऑस्टियो आर्थराइटिस के मरीजों को निशुल्क परामर्श एवं जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में 100 से भी ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ पी.एन अरोड़ा ने किया। इस अवसर पर यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के फिजियोथेरेपी विभाग के प्रमुख एवं वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट मुबारक हुसैन ने बताया कि ऑस्टियो आर्थराइटिस बीमारी में हड्डियों का गलना प्रारंभ हो जाता है, यह बीमारी ज्यादातर मोटापे से ग्रसित लोगों में ज्यादा कुप्रभाव दिखाती है।

### विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर दिया हर घर सेहत का मंत्र



गाजियाबाद। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर गुरुवार को वैशाली स्थित नवीन अस्पताल में विशेष 'हर घर सेहत' थीम पर फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। नवीन ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अनिल तोमर ने कहा फिजियोथेरेपी की परंपरा हमारे देश में प्राचीनकाल से है। प्रबंधक डॉ. धनंजय तेवतिया ने कहा कि हमारा लक्ष्य सामुदायिक स्तर पर मरीजों की सेवा करना है। डॉ. ख्याति शर्मा ने कहा कि नवीन अस्पताल का लक्ष्य 'हर घर सेहत' का है। फिजियोथेरेपी विभाग की टीम के डॉ. सुमित त्यागी, डॉ. तरुण त्यागी, डॉ. तुलिका, डॉ. श्रद्धा और डॉ. प्रेक्षा का विशेष योगदान रहा। शिविर में आए मरीजों को डॉ. नीहित जैन, हर्षित जैन, डॉ. अंकित त्यागी, डॉ. गोरिका सिंघल, डॉ. हर्षा ने मरीजों की जांच की और उचित परामर्श दिया। शिविर में राजेश्वर, विक्की, रेखा यादव, गौरव शर्मा, केसी गुप्त आदि मौजूद थे।

### सेक्टर-46 में होगी रामलीला की धूम

नोएडा। कोविड महामारी के कारण तीन साल सूनेपन के बाद इस साल श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी के पदाधिकारियों में उत्साह है। कमेटी की ओर से सेक्टर.46 के ए.ब्लॉक में रामलीला का मंचन किया जाएगा। इसकी तैयारी जोर.शोर से चल रही है। गुरुवार को इस धार्मिक आयोजन के लिए भूमि पूजन किया गया। श्री राम लखन धार्मिक लीला कमेटी के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने बताया कि रामलीला मंचन के मद्देनजर आज सेक्टर.46 के ए.ब्लॉक में भूमि पूजन किया गया।

### नॉर्थ.ईस्ट फेस्टिवल ने जीता नोएडावासियों का दिल



नोएडा। सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित नार्थ-ईस्ट फैस्टिवल नोएडावासियों के लिए खास बन गया है। यहां लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं। 17 दिन तक चल रहे इस आयोजन का गुरुवार को 14वां दिन खास बनकर रह गया। यहां त्रिपुरा, मिजोरम और मेघालय के उत्पादों की जमकर खरीददारी हुई, जिसके चलते इन तीनों राज्यों के सारे उत्पाद बिक गए। त्रिपुरा से यहां आई संध्या ने बताया कि उनके सभी उत्पाद नोएडावासियों को पसंद आए जिसके चलते उनके सभी उत्पाद बिक चुके हैं। उधर मेघालय से पन्ना ने बताया कि यहां के लोग क्वालिटी पसंद करते हैं, जिसके चलते हमारा सारा माल बिक्री हो गया। वहीं गुरुवार को अलग अलग स्कूलों के करीब 200 छात्र छात्राओं ने नोएडा हॉट पहुंचे।

## नीट परीक्षा में फेल होने पर इमारत से कूदी छात्रा

**मरने से पहले कहा था, पापा मैंने बहुत मेहनत की फिर ऐसा क्यूं हुआ**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में नीट की परीक्षा में फेल होने पर छात्रा ने 19वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया।

छात्रा संपदा सिंह का शव गुरुवार सुबह 11 बजे सोसायटी के पार्क में पड़ा मिला। आसपास के लोगों ने मामले की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों का कहना है कि नीट में फेल होने की वजह से छात्रा डिप्रेशन में थी। इसके के चलते फ्लैट से कूदकर जान दे दी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

जेपी अमन सोसायटी के टावर नंबर 4 में अनुज चौहान अपनी पत्नी, बेटी संपदा सिंह चौहान और बेटे के साथ रहते हैं। संपदा नीट की तैयारी कर रही थी। उसने एग्जाम भी दिया था। बुधवार रात नीट का रिजल्ट आया। इसमें संपदा फेल हो गई थी। अनुज ने बताया रिजल्ट देखने के बाद से बेटी लगातार रो रही थी। बेटी ने कहा था कि पापा मैंने बहुत मेहनत की थी, फिर ऐसा क्यूं हुआ।

ससुबह तक सब कुछ ठीक था। सुबह सोसायटी में उसका शव मिलने की सूचना मिली। पिता ने आगे बताया, रिजल्ट आने के बाद से ही बेटी परेशान थी। उसका डॉक्टर बनने का सपना था। इसके लिए वह बहुत मेहनत कर रही थी, लेकिन नीट की परीक्षा का रिजल्ट आया तो उसका सपना टूट गया। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। फॉरेंसिक टीम ने भी जांच की है। परिजन सदमे में है इसलिए ज्यादा पूछताछ नहीं हो पाई है।

## खत्म हो चुकी है सपा, पार्टी का कोई भविष्य नहीं: मौर्य


ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य।

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तैयारियों का जायजा लेने ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट पहुंचे। उन्होंने कहा कि अखिलेश का स्वास्थ्य इस समय बहुत खराब है उन्हें स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए। उनके स्वयं के 100 विधायक उनके साथ नहीं है लेकिन अभी हम उन्हें लेना नहीं चाहते। समाजवादी पार्टी समाप्त वादी पार्टी है। भविष्य का उसके अंदर कोई लक्षण दिखाई नहीं देता है।

गुंडे माफिया अपराधी दंगाई जिनके सरदार अखिलेश यादव है। पिछड़ों के विरोधी दलितों के विरोधी गरीबो के विरोधी और किसानों के विरोधी है। सत्ता में रहेंगे तो गुंडों के सरदार बनकर लोगों को सताने का काम करेंगे। सत्ता से बेदखल होने के बाद मछली की तरह तड़पने का काम करेंगे। राहुल गांधी की कांग्रेसी जोड़ो यात्रा चल रही है तो कांग्रेसियों की कांग्रेस छोड़ो यात्रा चल रही है। अखिलेश यादव की मुझसे कोई सहानभूति नहीं है वो चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश में पिछड़ी जाति जाति का कोई भी नेता बड़ा न बन पाए। अखिलेश यादव का उत्तर प्रदेश व देश व कोई भविष्य नहीं है।

### डेयरी समिट की तैयारियों का लिया जायजा

### कैलाश अस्पताल में तीमारदारों का हंगामा

नोएडा। नोएडा के सेक्टर.27 कैलाश अस्पताल में बुधवार की देर रात जमकर हंगामा हुआ। अस्पताल के डॉक्टरों पर दिल्ली की एक प्रसव पीड़ित महिला का दो बार गलत ऑपरेशन करने का आरोप है। जिसके चलते महिला और उसके नवजात शिशु को वेंटिलेटर पर रखना पड़ा है। प्रसव पीड़ित महिला की हालत बिगड़ती देखकर परिवार के लोगों ने डॉक्टरों से सवाल किया। सूचना मिलने पर प्रसूति एवं महिला रोग विभाग की एचओडी डॉ उमा शर्मा मौके व सांसद डाक्टर महेश शर्मा मौके पर पहुंचे।

### नोएडा में 15 तक निजी ड्रोन उड़ाने पर होगी रोक

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले की पुलिस ने ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में 12 सितंबर से शुरू हो रहे वर्ल्ड डेयरी समिट-2022 के मद्देनजर बृहस्पतिवार को एक आदेश पारित 15 सितंबर तक नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा में निजी व्यक्तियों या संगठनों द्वारा ड्रोन उड़ाने पर रोक लगा दी। पुलिस ने यह प्रतिबंध शहर में निषेधाज्ञा लागू करते हुए लगाया। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ग्रेटर नोएडा आने का कार्यक्रम है। अपर पुलिस उपायुक्त अनिल कुमार यादव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति संस्था द्वारा आठ सितंबर से 15 सितंबर तक ड्रोन का संचालन नहीं किया जाएगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनमोहन नारंग/वरुण नारंग/ LBDEL00004310338 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर- 27-बी, दूसरी मंजिल, ब्लॉक-बी, पॉकेट-डी, पश्चिम शालीमार बाग, दिल्ली, दिल्ली- 110088/ सितंबर 06,2022 | अप्रैल 16, 2022 रु. 24,64,247/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | प्रवीण कुमार मल्होत्रा/ प्रियंका मल्होत्रा/ LBDEL00002414855 | फ्लैट नंबर 2828, दूसरी मंजिल, ब्लॉक- सी-1, कंट्री होम स्कीम, सुशांत लोक फेज- I, हरियाणा, गुड़गांव/ सितंबर 06,2022 | अप्रैल 28, 2022 रु. 31,73,188/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | निपमैन फास्टनर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड/ प्रवीण कुमार मल्होत्रा/ प्रियंका मल्होत्रा LBFDB00001542263 | यूनिट नंबर- 1006, डीएलएफ टॉवर-बी, 10वीं मंजिल, जसोला नई दिल्ली-110044/ सितंबर 06,2022 | अप्रैल 16, 2021 रु. 80,63,279/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | राजीव कुमार चौधरी/ मुन्नी चौधरी/ LBDEL00003019564 | डीडीए फ्लैट नंबर- 1194, पॉकेट नंबर जीएच -1, तीसरी मंजिल, पॉकेट जीएच -1, एलआईजी सेक्टर-28, रोहिणी, नई दिल्ली, दिल्ली- 110042./ 06 सितंबर, 2022 | अप्रैल 25, 2021 रु. 18,79,501/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | अरुण गायकवाड़/ अनीता/ LBDEL00005478914 | डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर-01, ग्राउंड फ्लोर, पॉकेट 1, ब्लॉक-बी 20, सेक्टर- 34, रोहिणी, दिल्ली, दिल्ली- 110085./ 06 सितंबर, 2022। | अप्रैल 25, 2021 रु. 12,86,606/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | कुलवंत कौर/ गुरमीत सिंह LBDEL00004660255/ LBDEL00005332879 | डीडीए एलआईजी, फ्लैट नंबर- 107 ए, ग्राउंड फ्लोर, एलआईजी कॉलोनी, राजौरी गार्डन, दिल्ली- 110027./ 06 सितंबर, 2022 | अप्रैल 28, 2021 रु. 26,66,786/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : सितंबर 09, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड** — बिक्री सूचना

Mahindra HOME FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय :- महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग वर्ली, मुंबई -400018, भारत, फोन : +91 22 66523500 फैक्स : +91 22 24972741

आंचलिक कार्यालय : एलडीए कालोनी, बी 2/बी 70, कानपुर रोड, निकट फीनिक्स मॉल, लखनऊ शाखा कार्यालय : तृतीय तल, 139-141, मंगल पांडे नगर, सीसीएस यूनिवर्सिटी के सामने, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250002

प्रतिभूत आस्तियों का प्राइवेट ट्रीटी के तहत निपटान, जैसीकि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(5)(डी) के तहत व्यवस्था दी गई है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :-

प्रतिभूत लेनदार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी ने, प्रतिभूत ऋणों की वसूली के प्रयोजनार्थ वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसमें आगे "सरफासी ऐक्ट" कहा गया है) की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (इसमें आगे "नियमावली" कही गई है) के नियम 8 और 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) बेचने का निर्णय किया है। प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त सम्पत्ति का कब्जा सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत प्राप्त किया जा चुका है, जो "जैसी है जहां है आधार" तथा "जो है जैसी है आधार" पर बेची जाएगी तथा सर्वसाधारण और सभी संबंधित जन जिसमें संबंधित कर्जदार/बंधकदाता, उनके प्रतिनिधिगण, यथास्थिति, शामिल हैं, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध प्रतिभूत आस्तियां बेची जाएगी, जिनका विवरण यहां नीचे दिया गया है :-

| कर्जदार/गारंटर | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | अचल सम्पत्ति (प्रतिभूत आस्तियों) का वर्णन | प्राप्त की गई ऑफर राशि |
|---|---|---|---|
| एलएएन : 634551/ XSEMMER00524294 शाखा : मेरठ कर्जदार : नरेन्द्र पता : पुत्र दल सिंह, मकान नंबर 4 सीसी शताब्दी नगर, रिठानी, मेरठ, उत्तर प्रदेश -250103 सह-कर्जदार : गीता देवी पता : पत्नी नरेन्द्र धामा, ग्राम आसिफाबाद नारंग पुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250406 अन्य पता : पत्नी नरेन्द्र धामा, मकान नंबर 4 सीसी शताब्दी नगर, रिठानी, मेरठ, उत्तर प्रदेश -250103 | 03-12-2020 रू. 6,80,875/- भौतिक कब्जा की तिथि 22-06-2021 | प्लॉट नंबर 179, खसरा नंबर 64/1, मोहल्ला श्रीराम गार्डन, ग्राम डुंगरावली, जिला मेरठ- 250103 चौहद्दी :- उत्तर : पाइप लाइन की भूमि, दक्षिण : प्रमोद चेयरमैन, पूरब - रोड, पश्चिम : रास्ता | रू. 3,00,000/- (रूपए तीन लाख मात्र) |

1. एमआरएचएफएल को अपने प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से कार्यवाही करते हुए अब उसके लिए ऑफर प्राप्त हुई है (ऑफर राशि ऊपर तालिका में दी गई है) और हम, अन्य के साथ इस तथ्य पर विचार करते हुए इसको स्वीकार करने के इच्छुक हैं कि पिछली सार्वजनिक नीलामी असफल हो चुकी है।
2. इच्छुक बिडर्स को नीलामी में भाग लेने हेतु सुरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।
3. नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में समाविष्ट की गई हैं। निविदा प्रपत्र www.mahindraruralhousingfinance.com पर और शाखा कार्यालय में उपलब्ध हैं। बिक्री, नीलामी प्रपत्र में वर्णित नियम एवं शर्तों के तहत होगी।
4. अतिरिक्त विवरण के लिए प्राधिकृत अधिकारी दीप चन्द्र जोशी से 8853265434 पर सम्पर्क करें। निर्धारित निविदा प्रपत्र में सीलबंद ऑफर्स ईएमडी के साथ उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 27-सितम्बर-2022 समय पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक है। अधूरी निविदाएं अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदाएं अवैध मानी जाएंगी तथा अस्वीकृत होंगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
5. उपरिवर्णित पते पर स्थित शाखा कार्यालय में सम्पत्ति हेतु ऑफर्स खोलने की तिथि 29-सितम्बर-2022 समय पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 3.00 बजे है। निविदा प्राधिकृत अधिकारी की मौजूदगी में खोली जाएगी।
6. अचल सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि 26-सितम्बर-2022 समय पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक है।
7. कजर्दार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का नोटिस दिया जाता है कि वे उपरिवर्णित बकाया राशि नीलामी की तिथि से पहले जमा कर दें जिसमें असफल रहने पर प्राप्त की गई ऑफर स्वीकार कर ली जाएगी तथा अचल सम्पत्ति नीलाम कर दी जाएगी तथा शेष राशि, यदि कोई, ब्याज और लागतों सहित वसूल की जाएगी। यदि कर्जदार महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की पूरी बकाया राशि बिक्री की तिथि से पहले चुका देता है तो नीलामी रोक दी जाएगी।
8. अचल सम्पत्ति उच्चतम बोलीदाता को बेची जाएगी। तथापि, अधोहस्ताक्षरी का एकमात्र अपने विवेक के अनुसार परस्पर बोलीदान की अनुमति देने का अधिकार सुरक्षित है, यदि ऐसा आवश्यक समझा जाता है।

स्थान : दिल्ली, एनसीआर, मेरठ तिथि : 09-09-2022 हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी, महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

**PUBLIC NOTICE**

General Public Is Hereby Informed That We, Laxmi Devi W/o Late Narayan R/o E-10, Prem Nagar-III, Astha Vihar, Kirari, Suleman Nagar, Delhi-110086 Have Disinherited And Disowned My Daughter Ms. Preeti R/o E-10, Prem Nagar-III, Astha Vihar, Kirari, Suleman Nagar, Delhi-110086 From All My Moveable And Immoveable Properties And Also Severed All My Relationship With Her Due To Her Adament And Impromptu Behavior As She Is Disobeying Me And My Other Family Members & Further She Is Out Of My Control And Also She Misbaves With Me & My Other Family Members. Any Person Dealing With Her In Any Manner Shall Be Doing So At His/her Own Risk And Responsibility.

REENA SHARMA ADVOCATE
CHAMBER NO. C-77.C.L. JOSEPH BLOCK,
TIS HAZARI COURTS, DELHI-110054

**PUBLIC NOTICE**

My Clients **Arvinder Singh, Aman Deep Singh, Karan Deep Singh** S/o Late Smt. Ranjeet Kaur and **Harleen Kaur** D/o Smt. Ranjeet Kaur **R/o WZ-197, Krishna Puri, Gali No.1, Tilak Nagar,NDelhi-18** have severed all their relations with their **Father Gurdev Singh** due to his misbehaviour. If anybody deals with him in any manner he/she all do so at his/her own risk. My Clients shall not be responsible for the same in any manner.
Ramesh Chander (Adv),Ch-68, Western Wing,Tis Hazari

**पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

सीआईएन : एल65929डीएल1947पीएलसी001240; वेबसाइट : www.pnbfinanceandindustries.com
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन : +91-7303495375 ; ई-मेल : pnbfinanceindustries@gmail.com

सूचना

1. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की 127वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 10.00 बजे आईएसटी, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 के क्रम में जनरल सर्कुलर नंबर 02/2022, दिनांकित 05 मई, 2022 ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर /पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 ("सेबी सर्कुलर") के अनुपालन में, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी") सुविधा के माध्यम से, 127वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण एवं विशेष व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।
2. कम्पनी एजीएम की सूचना तथा 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां 08-09-2022 को उन सदस्यों को भेज चुकी है, जिनकी ई-मेल आईडी'ज डिपॉजिटरीज/कम्पनी के पास पंजीबद्ध हैं। यह संदेश तथा सूचना, 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित कम्पनी की वेबसाइट www.pnbfinanceandindustries.com पर तथा एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध हैं।
3. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, यथा संशोधित, के नियम 20 और सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 तथा दि इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक के अनुपालन में :
(i) 127वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण तथा विशेष व्यवसाय का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा ;
(ii) रिमोट ई-वोटिंग आरंभ होने की तिथि एवं समय : 27 सितम्बर, 2022 को (पूर्वा. 09.00 बजे) ;
(iii) रिमोट ई-वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय : 29 सितम्बर, 2022 को (अप. 05.00 बजे) ;
(iv) रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अथवा 127वीं एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने के अधिकार निर्धारण हेतु विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) 23 सितम्बर, 2022 है ;
(v) सदस्यगण नोट करें कि क) एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि और समय के बाद वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी; ख ) सदस्य, जो एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम द्वारा दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी; ग) एजीएम में भाग ले रहे सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने का हकदार होंगे; घ) कोई व्यक्ति, जिसका नाम विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) को सदस्य पंजिका में दर्ज है, वह रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ प्राप्त करने, वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने तथा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग का हकदार होगा।
4. कोई व्यक्ति जो 127वीं एजीएम की सूचना भेजी जाने के बाद शेयर अर्जित करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) 23 सितम्बर, 2022 को शेयर धारक है, एजीएम आयोजन की सूचना में दिए ई-वोटिंग हेतु अनुदेशों का पालन करते हुए अपना वोट डाल सकता है। एजीएम की सूचना कम्पनी तथा एनएसडीएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। तथापि, यदि व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पहले से पंजीकृत है, तो मौजूदा यूजर आईडी तथा पासवर्ड का प्रयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है।
5. किसी संदेह की स्थिति में, आप www.evoting.nsdl.com के "डाउनलोड सेक्शन" के अन्तर्गत उपलब्ध शेयरधारकों के लिए फ्रिक्वेंटली आस्क्ड क्वेशचन्स (एफएक्यू'ज) तथा शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं अथवा सुश्री सोनी सिंह, सहायक प्रबंधक, नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, 'ए' विंग, चतुर्थ तल, कमला मिल्स कम्पाउण्ड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013 से नामित ई-मेल आईडी - evoting@nsdl.co.in अथवा टोलफ्री नंबर : 1800 1020 990 तथा 1800 22 44 30 पर सम्पर्क कर सकते हैं, जिनके द्वारा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के साथ संबंधित शिकायतों का निवारण किया जाएगा।
6. कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां 24 सितम्बर, 2022 से 30 सितम्बर, 2022 तक (दोनों तिथियों सहित) बंद रहेंगी।

वास्ते पीएनबी फाइनैंस ऐण्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता./-
तिथि : 08 सितम्बर, 2022 — श्वेता सक्सेना
स्थान : नई दिल्ली — निदेशक एवं कम्पनी सेक्रेटरी

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जी डी ट्रेडर्स, अमित कुमार, आशा कुमार, सुमित कुमार, सी-88, गोविंदपुरी, मोदीनगर, उत्तर प्रदेश खाता नंबर :- 125705000933 एवं 125755000015 | सम्पत्ति सं. 43, ओम साई संतपुरा, गोविंदपुरी, मोदीनगर, उत्तर प्रदेश-201204 | 15-07-2022 रू. 41,21,468/- रू. 6,39,781.23/- | 30-04-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 09-09-2022
स्थान : मोदीनगर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुशरण में मंज़ूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने की माँग की गई थी।

कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।

कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महावीर सिंह/ सोनू एस/ 25500001732/ QZPTU00005019440 | प्रॉपटी संख्या- 223 और 224, पहली मंज़िल, फ्रंट एलएचएस युनिट, बीएलके-एफ, केएच नं. 105/10, विल-पालम, विश्वासस्पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली, दिल्ली 110059/ सितंबर 06, 2022 | अप्रैल 01, 2022 ₹ 6,50,644/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | आशु भारती/ रिंकी/ 26600001273/ QZDEL00005025967 | हाउस नंबर 209/2, एलएचएस पहली मंज़िल, गली नंबर-8, खाता नंबर 1539/624 और 1565/624, भोलानाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली, नई दिल्ली 11003/ सितंबर 06, 2022 | अप्रैल 01, 2022 ₹ 5,07,300/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : सितंबर 09, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# कर्तव्य पथ : दिल्ली वालों को मिला सबसे सुरक्षित व आकर्षक पर्यटन केंद्र

**राजपथ का महज नाम ही कर्तव्य पथ नहीं किया गया है। यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों और सैलानियों को स्वरूप भी बदला-बदला नजर आएगा। इसके मूल शिल्प को कायम रखा गया है। सिर्फ लोगों को नया अनुभव कराने के लिए कुछ बदलाव किए गए हैं। कनॉट प्लेस को दिल्ली का दिल कहा जाता है, ऐसे में इसके नजदीक नवनिर्मित बनकर तैयार हुई सेंट्रल विस्टा को लेकर माना जा रहा है कि राष्ट्रीय राजधानी का चेहरा बनेगी। चारों तरफ फैली हरियाली के बीचों बीच बनी झीले, लाल ग्रेनाइट पत्थर से बना आकर्षित वाक-वे (चलने का स्थान), आधुनिक स्ट्रीट लाइट, कर्तव्य पथ की पहचान बने बोलार्ड और भारी भरकम जंजीरे लोगों को काफी पंसद आएगी।**


कर्तव्य पथ के उद्घाटन के मौके इंडिया गेट का विहंगम नजारा देखने के लिए उमड़ी भीड़। फोटो: रंजन डिमरी

## किंग्सवे से कर्तव्य पथ तक का सफर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आजादी की सुबह से लेकर सात दशकों से अधिक समय तक वार्षिक गणतंत्र दिवस समारोहों की मेजबानी करने तक, ऐतिहासिक राजपथ ने औपनिवेशिक शासन को भी देखा है और एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक राष्ट्र की आन-बान-शान का भी गवाह बना है। रायसीना हिल परिसर से इंडिया गेट तक फैले इस पथ का नाम सबसे पहले किंग्सवे था, जो नई दिल्ली के बीचों बीच एक राजसी केंद्रीय धुरी थी।

ब्रिटिश सम्राट किंग जॉर्ज पंचम द्वारा प्रशासन के केंद्र कोलकाता से दिल्ली स्थानांतरित करने के बाद इसका निर्माण किया गया। आजादी के तुरंत बाद किंग्सवे का नाम बदलकर राजपथ कर दिया गया और इसके लंबवत मार्ग क्वींसवे का नाम बदलकर जनपथ कर दिया गया।

अब, राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ कर दिया गया है। किंग जॉर्ज पंचम और उनकी पत्नी क्वीन मैरी ने 15 दिसंबर, 1911 को ब्रिटिश राज की नई राजधानी की आधारशिला रखी थी। किंग की दृष्टि के अनुरूप वास्तुकार सर एडविन लुटियन और सर हर्बर्ट बेकर ने नए राजधानी शहर का निर्माण किया, जिसकी भव्यता और स्थापत्य कला ने यूरोप और अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ शहरों को टक्कर दी। इस नई राजधानी का केंद्रबिंदु रायसीना हिल परिसर था, जिसमें राजसी वायसराय हाउस (अब राष्ट्रपति भवन) और नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक शाही सचिवालय थे। ग्रेट प्लेस (जिसे बाद में विजय चौक का नाम दिया गया) से इंडिया गेट तक एक भव्य मार्ग बनाया गया, जिसके दोनों तरफ हरे-भरे लॉन, फव्वारे और सजावटी लैम्पपोस्ट थे।

बेकर ने राष्ट्रपति भवन के पास एक गोलाकार संसद भवन बनाया जिसका उद्घाटन जनवरी 1927 में तत्कालीन वायसराय लॉर्ड इरविन ने किया था। दो विश्व युद्धों के बीच शहर का निर्माण किया गया था और इसे बनने में 20 साल से अधिक का समय लगा था। वायसराय इरविन ने ही 13 फरवरी, 1931 को इसका उद्घाटन किया था।

लंबे औपनिवेशिक शासन के बाद 15 अगस्त, 1947 को देश के आजाद होने पर लोग रायसीना हिल से इंडिया गेट तक के मार्ग में स्वतंत्र भारत की सुबह का स्वागत करने के लिए उमड़ पड़े थे। भारत 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र बन गया और राजपथ 1951 से सभी गणतंत्र दिवस समारोहों का स्थल रहा है।

केवल पहला गणतंत्र दिवस समारोह इंडिया गेट परिसर के पीछे इरविन स्टेडियम (अब कैप्टन ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम) में आयोजित किया गया था, जहां राजपथ खंड समाप्त होता है।

## पांच वेंडिंग जोन और 40 विक्रेता बैठेंगे

*पांच वेंडिंग जोन, जहां 40 विक्रेता बैठेंगे, इंडिया गेट के पास दो ब्लाक आठ-आठ दुकानों के साथ होंगे। कुछ राज्यों ने अपने फूड स्टाल लगाने में रुचि दिखाई है। कुल नहर क्षेत्र की 19 एकड़ भूमि का जीर्णोद्धार किया गया है।*

*उन्हें एयररेटर जैसे बुनियादी ढांचे से सुसज्जित किया गया है। राजपथ के साथ-साथ 3.90 लाख वर्ग मीटर में फैले क्षेत्र को चारों ओर से हरियाली के साथ विकसित किया गया है। 15.5 किलोमीटर तक फैले नए लाल ग्रेनाइट पैदल मार्ग बनाए गए हैं, जो बजरी रेत की जगह ले रहे हैं। पूरे हिस्से में 1,125 वाहनों के लिए पार्किंग की जगह बनाई गई है।*




*इंडिया गेट के पास 35 बसों के लिए पार्किंग की जगह है। 74 ऐतिहासिक लाइट पोल और सभी चेन लिंक बहाल कर दिए गए हैं। 900 से अधिक नए लाइट पोल लगाए गए हैं। परिसर के चरित्र को बनाए रखने के लिए कंक्रीट के बोल्डरों को एक हजार से अधिक सफेद बलुआ पत्थर के बोल्डरों से बदल दिया गया है। पूरे खंड में 400 से अधिक बेंच, 150 कूड़ेदान और 650 से अधिक नए साइनेज लगाए गए हैं।*

## व्यस्त जंक्शनों पर चार पैदल पार पथ

राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक फैला कर्तव्य पथ पैदल चलने वालों के लिए अधिक अनुकूल होगा। यहां के व्यस्त जगहों पर चार नए पैदल पार पथ (अंडरपास) बनाए गए हैं ताकि वाहनों की आवाजाही और पैदल यात्रियों को एक दूसरे के कारण रुकावट न हो। साथ लोगों के लिए खास कर महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सड़क पार करना सुरक्षित हो। बच्चों और विशेष रूप से दिव्यांगों के सुरक्षित आवागमन के लिए उपयुक्त ऊंचाई पर रेलिंग के साथ रैंप भी हैं।

### सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम, तैनात रहेंगे 80 निजी गार्ड

**नई दिल्ली।** कर्तव्य पथ के उद्घाटन के साथ ही इसकी सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिसकर्मियों के अलावा 80 से अधिक निजी सुरक्षा गार्ड नए सिरे से तैयार पूरे खंड पर नजर रखेंगे ताकि चोरी और नुकसान की घटनाओं को रोका जा सके। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

### दो नहरों में नौका विहार की होगी अनुमति

पूरे परिसर क्षेत्र में कुल 16 पुल हैं। दो नहरों में नौका विहार की अनुमति होगी जिसमें एक कृषि भवन के पास और दूसरी वाणिज्य भवन के पास होगी। इंडिया गेट परिसर में सीढ़ीदार प्लाजा भी बनाए गए हैं। कर्तव्य पथ के साथ आठ अलग-अलग स्थानों पर शौचालय, वेंडिंग कियोस्क और पीने के पानी के फव्वारे के साथ आठ सुविधा ब्लॉक बनाए गए हैं। परिसर क्षेत्र में महिलाओं के लिए कुल 64 शौचालय, पुरुषों के लिए 32 और 10 सुलभ शौचालय जोड़े गए हैं।

### मेट्रो उपलब्ध कराएगी बस सेवा



दिल्ली मेट्रो सेंट्रल विस्टा देखने के लिए आने वाले सैलानियों को शुक्रवार से एक सप्ताह के लिए ई-बस सेवा उपलब्ध कराएगी। डीएमआरसी ने बृहस्पतिवार को जानकारी दी कि वह उद्घाटन के बाद नौ सितंबर से इंडिया गेट या सेंट्रल विस्टा जाने वालों के लिए बस सेवा मुहैया कराएगी। आगंतुक भैरों रोड, राजघाट, कनॉट प्लेस (पालिका बाजार पार्किंग के पास) और जेएलएन स्टेडियम से बसों में सवार हो सकते हैं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने कहा कि दिल्ली मेट्रो द्वारा लगाई गईं इलेक्ट्रिक बसें भैरों रोड से आगंतुकों को ले जाएंगी और सी-हेक्सागन के सामने नेशनल स्टेडियम के गेट नंबर एक पर उतारेंगी, जहां से इंडिया गेट या सेंट्रल विस्टा तक पैदल पहुंचा जा सकता है। यह सुविधा शुरू में एक सप्ताह के लिए उपलब्ध होगी। इस मार्ग पर 12 बसों का संचालन किया जाएगा। बसें शाम 5 बजे से उपलब्ध होंगी और अंतिम बस रात 9 बजे होगी।

# सरकारी स्कूलों में नॉन प्लान दाखिलों की प्रक्रिया शुरू

**● निर्धारित स्कूलों में दस्तावेजों का सत्यापन 17 से 21 के बीच होगा**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों में 11वीं कक्षा में नॉन प्लान दाखिलों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है।


नॉन प्लान दाखिले किसी कारणवश स्कूल छोड़ने वालों, किसी गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल से आने वालों या उन छात्रों के लिए होते हैं, जिनके माता-पिता का कहीं और से दिल्ली तबादला कर दिया गया हो। शिक्षा




निदेशालय (डीओई) के एक परिपत्र में कहा गया है, निर्धारित स्कूलों में दाखिले के लिए दस्तावेजों का सत्यापन 17 सितंबर से 21 सितंबर के बीच किया जाएगा।

पंजीकरण के लिए फॉर्म विभाग की वेबसाइट के होम पेज पर उपलब्ध हैं। डीओई के अनुसार, ऑनलाइन पंजीकरण 13 सितंबर तक जारी रहेगा और आवंटित स्कूलों की जानकारी 16 सितंबर को मिलेगी।

### पढ़ाई को लेकर डिप्टी सीएम का बच्चों से संवाद



***नई दिल्ली।** स्कूल विजिट की श्रृंखला को जारी रखते हुए उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार सुबह सर्वोदय कन्या विद्यालय, टिकरी खुर्द का दौरा कर स्कूल में चल रही विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों सहित ईएमसी, हैप्पीनेस करिकुलम, देशभक्ति करिकुलम आदि के प्रगति की जाँच की और बच्चों से उनकी पढ़ाई को लेकर भी चर्चा की। सिसोदिया ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि, बच्चों की मानसिकता में स्कूली स्तर से ही यह भाव आना जरुरी, पढ़ाई पूरी करने के बाद जॉब सीकर नहीं जॉब प्रोवाइडर बनेंगे और ऐसी नौकरियां पैदा करेंगे जो वर्तमान में अस्तित्व में नहीं है।*

# फोन झपटमार से भिड़ गई महिला सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिमी दिल्ली के बदरपुर इलाके में एक युवा महिला कथित रूप से उसका मोबाइल फोन छीनने की कोशिश कर रहे एक व्यक्ति से भिड़ गई। संबंधित घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद झपटमारी के प्रयास का यह मामला सामने आया।

वीडियो में, महिला मोबाइल फोन छीनने की कोशिश कर रहे व्यक्ति से भिड़ती हुई दिखाई दे रही है। उसने उस व्यक्ति की टी-शर्ट पकड़ रखी है और फोन जमीन पर



पड़ा हुआ है। इसके बाद बदमाश वहां से भाग जाता है। पुलिस उपायुक्त ईशा पांडे ने कहा कि चार सितंबर को रात करीब 11 बजे घटना के बारे में सूचना मिली थी कि टीकरी की रहने वाली महिला ताजपुर पहाड़ी में मित्र से मिलने जा रही थी। उसने बहादुरी दिखाई और अपना मोबाइल फोन छीनने वाले से भिड़ गई।

# संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली महिला आयोग ने जारी किया पुलिस को समन


स्वाति मालीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग ने उस वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस को समन जारी किया है जिसमें कथित रूप से दिख रहा है कि बच्चे शराब और गांजा बेच रहे हैं। आयोग ने एक बयान में कहा कि दिल्ली में अवैध शराब और मादक पदार्थ खुले-आम उपलब्ध हैं। उसने कहा कि कथित वीडियो में दिख रहा है कि कैसे बच्चे अवैध शराब और मादक की बिक्री में शामिल हो रहे हैं जबकि उन्हें इस आयु में स्कूल जाकर उचित शिक्षा हासिल करनी चाहिए। स्वाति मालीवाल ने दिल्ली पुलिस को समन जारी कर प्राथमिकी और गिरफ्तार किए गए लोगों का विवरण मांगा। उन्होंने ट्विटर पर कहा, दिल्ली में नशे का व्यापार इतने धड़ल्ले से चल रहा है कि स्कूल जाने की उम्र के बच्चे गांजा और देसी शराब की अवैध बिक्री कर रहे हैं। ए बच्ची तो आइसक्रीम खाते हुए समान बेच रही है। वीडियो रोहिणी का बताया जा रहा है। बच्चों के भविष्य बर्बाद हो रहे हैं। आयोग ने यह भी पूछा है कि वीडियो में दिख रहे बच्चों को क्या बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस से कहा गया है कि वह विस्तृत कार्वाई रिपोर्ट के साथ 13 सितंबर को आयोग के सामने पेश हो।

### छात्रावास खाली करने के आदेश का विरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के एक छात्रावास में रहने वाली करीब 170 छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कमरे खाली करने के आदेश के विरोध में बृहस्पतिवार को कला संकाय में एकत्र होकर प्रदर्शन किया। छात्राओं का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें ऐसे समय में कमरे खाली करने का आदेश दिया है जब उनकी परीक्षाएं चल रही हैं। डीयू के राजीव गांधी छात्रावास (आरजीएचजी) में रहने वाली छात्राओं ने आरोप लगाया कि उन्हें छात्रावास प्रशासन से 22 अगस्त को एक नोटिस मिला, जिसमें उन्हें परीक्षा के बाद कमरा खाली करने के लिए कहा गया है। छात्राओं के मुताबिक 31 अगस्त को एक और नोटिस जारी किया गया, जिसमें उन्हें चेतावनी दी गई है कि परीक्षा के बाद अधिक समय तक रहने पर प्रत्एक दिन के हिसाब से उन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। आरजीएचजी दिल्ली विश्वविद्यालय का सबसे बड़ा छात्रावास है और यह 2012 से ही चालू है। इसमें स्नातकोत्तर और शोध छात्राएं रहती हैं।

### जेएनयू में समाजेवी संजय शेरपुरिया सम्मानित



नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरु यूनिवर्सिटी एवं चक्र फाउन्डेशन द्वारा अमर शहीदों के ट्रिब्यूट वॉल के भूमिपूजन पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के तीन परिवार को सन्मानित किया गया। इनमें स्वतंत्रता सेनानी स्व. देवनारायण राय के पौत्र संजय शेरपुरिया भी शामिल रहे। कार्यक्रम में जेएनयू के वाइस चांसलर प्रोफेसर पंडित, सांसद रमेश बिधूड़ी, चक्र फाउंडेशन के चक्र राजशेखर, पोंडिचेरी के स्पीकर सेल्वाम समेत कई लोगों ने अपने विचार रखे।

### जहांगीरपुरी हिंसा मामला में आरोपी को जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने जहांगीरपुरी हिंसा मामले के संबंध में 18 वर्षीय आरोपी को जमानत देते हुए कहा कि वह उम्र के नाजुक पड़ाव पर है और उसके खिलाफ जांच पूरी हो गई है। उस पर एक पिस्तौल लेकर हिंसा में सक्रियता से भाग लेने का आरोप है। उस पर दंगा, हमला करने समेत विभिन्न अपराधों के लिए भारतीय दंड संहिता और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोप लगाए गए हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश स्मिता गर्ग ने कहा कि याचिकाकर्ता का कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं मिला और घटना में इस्तेमाल हथियार पहले ही बरामद कर लिया गया है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता को 16 अप्रैल 2022 को चाइल्ड इन कनफ्लिक्ट लॉ (सीसीएल) के तहत पकड़ा था तथा जमानत पर रिहा कर दिया गया था लेकिन उसे वयस्क पाए जाने के बाद दोबारा गिरफ्तार किया गया। सीसीएल को ऐसे कानून के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसमें किसी बच्चे पर अपराध में शामिल होने का आरोप लगाया जाता है लेकिन वह उस अपराध के समय पूरे 18 साल का नहीं होता है।

# आबकारी घोटाले से ध्यान भटकाने में लगी आप: भाजपा

**● केजरीवाल कार्रवाई करें या फिर सार्वजनिक रूप से माफी मांगे**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा के विधायकों ने कथित आबकारी नीति घोटाले की जांच कर रही सीबीआई को पत्र लिखकर मुद्दे से ध्यान भटकाने के सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के कथित प्रयासों को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि केजरीवाल को या तो कार्रवाई करनी चाहिए या फिर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि उन्होंने लोगों को भ्रष्टाचार के सबूत के तौर पर स्टिंग वीडियो उपलब्ध कराने पर कार्वाई करने का आश्वासन दिया था। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, हाल ही में एक स्टिंग वीडियो के सामने आने के बाद खुद के कट्टर ईमानदर होने का दावा करने वाली आप का पर्दाफाश हो गया है। इसके बावजूद वह मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। भाजपा विधायकों को सरकार की इस भटकाव की रणनीति को देखते हुए संदेह है कि वह अनियमितताओं की उचित जांच नहीं होने देगी।


सीबीआई मुख्यालय के बाहर आप विधायक

### आप विधायकों ने भाजपा के घोटाले की शिकायत

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में बच्चों-गर्भवति महिलाओं के पोषण में घोटाला का मामला अब सीबीआई तक पहुंच गया है। आप विधायकों ने इस मुद्दे की सीबीआई से शिकायत कर जांच की मांग की है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ढ़ाई हजार करोड़ रुपये की योजना में घोटाले का खुलासा एमपी के ऑडिटर जनरल ने किया है। जहां पर पोषण आहार तैयार होता था।

# घर बैठे आंख का इलाज होगा आसान

**● एम्स नेत्र रोग मरीजों के लिए बना रहा ऐप**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नेत्र रोग से पीड़ित मरीज अब घर बैठे अपने आंख का इलाज करा सकेंगे। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र कॉर्निया के प्रतिरोपण का इंतजार कर रहे मरीजों को बेहतर इलाज देने तथा सर्जरी करा चुके लोगों की देखभाल के लिए एक ऐप विकसित कर रहा है। देशभर में नेत्र संबंधी रोगों के मरीज इस ऐप के जरिए एम्स के डॉक्टरों से परामर्श कर सकेंगे।

इससे सर्जरी का इंतजार कर रहे मरीजों की लगातार निगरानी करने में भी मदद मिलेगी। राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. जे एस टिटियाल ने कहा, कोविड ने उन्हें यह भी अहसास कराया कि हर वक्त वैयक्तिक रूप से लोगों को देखना संभव नहीं होता है, ऐसे में लोगों से अलग-अलग तरीके से संवाद करना होता है, खासतौर से दूरदराज के इलाकों में रह रहे लोगों से। इस ऐप के जरिए डॉक्टर सीधे मरीजों से बातचीत कर सकते हैं। इसमें कैमरे की भी एक प्रणाली होगी, जिसका इस्तेमाल कर मरीज अपनी आंखों की तस्वीरें साझा कर सकते हैं तथा अपनी समस्या और लक्षण बता सकते हैं।

डॉक्टर उनकी समस्या का निदान कर सकते हैं और अगर मरीज का एम्स में पंजीकरण है तो वह उन्हें सेंटर में भर्ती होने तथा सर्जरी का समय दे सकते हैं। डॉ. टिटियाल ने बताया कि इसके अलावा इस ऐप से उन मरीजों पर भी नजर रखने में मदद करेगी, जिन्होंने सर्जरी करा ली है।

उन्होंने कहा कि प्रतिरोपण सर्जरी के बाद नियमित जांच कराना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। अगर प्रतिरोपण कराने वाले व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली उसके प्रतिरोपित अंग पर हमला करती है तो इसका कुछ दिनों के भीतर इलाज किया जाना होता है। अगर मरीज एक या दो हफ्ते बाद आता है तो इसका इलाज नहीं किया जा सकता।

# झीलों के शहर के रूप में होगी राजधानी की पहचान

**● सरकार करा रही 50 झीलों का सौंदर्यीकरण : सिसोदिया**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली बनेगी झीलों का शहर। सरकार अपनी पहचान खो चुके ऐसे 50 झीलों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण करवा रही है, जिससे न केवल ग्राउंड-वाटर रिचार्ज होगा बल्कि पानी की कमी भी दूर होगी। इस प्रोजेक्ट को पूरा होते ही, दिल्लीवाले अपने परिवार के साथ यहां आकर इसकी सुंदरता को निहार सकेंगे। सरकार झीलों को पुनर्जीवित कर उन्हें आकर्षक पर्यटन स्थलों में तब्दील करने के लिए युद्धस्तर पर



काम कर रही है। इस कड़ी में गुरुवार को उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बवाना में बन रही छह एकड़ में फैले सन्नौट झील का निरीक्षण किया। साथ ही परियोजना के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों के प्रगति की समीक्षा की और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को झील के कायाकल्प को लेकर सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि तिरंगों के शहर के रूप में तब्दील करने के बाद अब राष्ट्रीय राजधानपी को झीलों के शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। बहुत जल्द पूरी दिल्ली में जबह-जगह शानदार व खूबसूरत झीलें होंगी। यह झीलें न केवल स्थानीय लोगों को ताजगी देने का काम करेंगी बल्कि पर्यटकों के लिए पर्यटन स्थल के रूप में भी कार्य करेंगी।

सिसोदिया ने अधिकारियों को झील के सौन्दर्यीकरण पर ध्यान देकर स्तरी मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए समय से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने झील की बाउंड्री वॉल पर बच्चों के लिए शिक्षा से जुड़ी कलाकृतियां बनाने के सुझाव दिए साथ ही लागत प्रभावी तरीकों के साथ ज्यादा से ज्यादा अंडरग्राउंड वॉटर रिचार्ज करने के लिए परियोजना को तैयार करने के निर्देश दिए।

### पक्षियों-जानवरों के रहने का ठिकाना बनेगी झील

सन्नौट झील पिकनिक स्पॉट, दर्शनीय स्थल, खेलकूद के अलावा सुबह-शाम सैर और शारीरिक व्यायाम करने वाले लोगों के लिए भी एक बेहतर जगह होगी। झील कार्बन भंडारण के लिए एक सिंक के रूप में भी काम करेगी। पौधों, पक्षियों और जानवरों की कई प्रजातियों के लिए आशियाना बनेगी। झील से आसपास की आबोहवा भी साफ होगी।

### पिकनिक स्पॉट के रूप में सन्नौट झील होगी तब्दील

सन्नौट झील पिकनिट स्पॉट के रूप में तब्दील होगी। घोघा ड्रेन में मौजूद 1 एमएलडी के प्राकृतिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के रिसाइकल पानी का इस्तेमाल इस झील को जीवंत करने के लिए किया जाएगा। घोगा ड्रेन में प्राकृतिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट वेटलैंड प्रणाली पर आधारित है और बिना बिजली के गंदे पानी को साफ करता है। जल्द ही इस एसटीपी की क्षमता बढ़ाने के लिए विभाग को निर्देश दिए गए हैं, ताकि झील सालभर साफ पानी से भरी रहे। यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि इससे अधिकतम अंडरग्राउंड वॉटर रिचार्ज हो। ये सभी कार्य पर्यावरण के अनुसार ही हो रहे हैं। इस परियोजना का कार्य जल्द से जल्द पूरा होने के बाद इसे पर्यटकों के लिए ओपन किया।

# 180 वर्ग गज से छोटे प्लॉट में फ्लोर वाइज रजिस्ट्री की तो नपेंगे जिम्मेदार

## ऐसा होने पर राजस्व अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही रजिस्ट्री रद्द होगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




गुरुग्राम में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम में 180 वर्ग गज से छोटे प्लॉट में फ्लोर वाईज रजिस्ट्री ना करें। यह नियमों का उल्लंघन है और इस नियम का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित राजस्व अधिकारी तथा रजिस्टरी क्लर्क के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिलावासियों से भी अपील की है कि वे 180 वर्ग गज से छोटे प्लॉट में फ्लोर के अनुसार रजिस्टरी ना करवाएं। ऐसा पाए जाने पर राजस्व अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ वह रजिस्ट्री भी रद्द की जाएगी।

जिला में नियुक्त राजस्व अधिकारियों की बैठक में उन्होंने फसलों की गिरदावरी समय पर पूरी करने, मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल, नहरी आबियाना की रिक्वरी, सरकारी धनराशि की रिकवरी, जमाबंदी ऑनलाईन करने, राजस्व न्यायालय में केसों का निपटारा करने तथा स्वामित्व योजना के विवादों की सुनवाई करके इनका समाधान करने आदि विषयों पर राजस्व अधिकारियों के साथ चर्चा की।

फ्लोर वाईज रजिस्टरी करने के विषय को स्पष्ट करते हुए उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने सभी राजस्व अधिकारियों को बताया कि नियम अनुसार 180 वर्ग गज से कम आकार के प्लॉट में बने मकान की फ्लोर वाईज रजिस्टरी नहीं की जा सकती। उसकी पूरी इकाई की एक ही रजिस्ट्री होगी। यदि प्लॉट का आकार 180 वर्ग गज से ज्यादा है तो उस मामले में भी एक फ्लोर की एक ही रजिस्टरी की जा सकती है।

फ्लोर को विभाजित करके अलग-अलग रजिस्टरी नहीं हो सकती अर्थात एक फ्लोर को एक ही इकाई माना जाएगा। एक फ्लोर पर बहु इकाई (मल्टीपल यूनिट) नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि ईडब्ल्यूएस यानी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आंवटित प्लॉट में भी फ्लोर वाईज रजिस्टरी नहीं की जा सकती। बैठक में उपायुक्त ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फसलों की गिरदावरी 12 सितंबर तक पूरी करके उस डाटा को फ्रीज कर दें। इसी प्रकार मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल से संबंधित शिकायतों को भी नियमानुसार हल करें। इस बैठक में राजस्व अधिकारियों ने उपायुक्त को बताया था कि आबियाना वसूली के लिए वे नंबरदारों को कई बार कह चुके हैं, लेकिन वे इस कार्य में रूचि नहीं ले रहे हैं।

पहले रहे कुछ नंबरदार आबियाना का पुराना रिकॉर्ड भी नहीं दे रहे हैं। इस पर उपायुक्त ने कहा कि नंबरदारों को एक मौका और दें तथा फिर भी कोई पहले रहा हुआ नंबरदार रिकॉर्ड नहीं देता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाएं। इसी प्रकार यदि कोई नंबरदार आबियाना वसूली में सहयोग नहीं करता है तो उसको नंबरदारी से हटा दिया जाएगा।

# व्यक्तिगत रूप से पेश हों आरएलडी निदेशक, नहीं जाना होगा जेल

## रेरा ने रहेजा अथर्व आवासीय ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के मामले में लिया संज्ञान


**गुरुग्राम।** रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (आरईआरए) गुरुग्राम ने रहेजा डेवलपर्स लिमिटेड (आरडीएल) के निदेशकों को अगली सुनवाई की तारीख 4 अक्टूबर को अदालत के सामने व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा है। कोर्ट ने प्रमोटर से कहा है कि वह रहेजा अथर्व आवासीय ग्रुप हाउसिंग सोसायटी सेक्टर-109 में रहने वाले स्थानीय निवासियों की लंबित शिकायतों को दूर करने के लिए अब तक की गई कार्रवाई के बारे में अवगत करवाएं।

रहेजा अथर्व एक नई ग्रुप हाउसिंग सोसायटी है, जिसके भवन के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कई शिकायतें सामने आई है। रहेजा अथर्व के रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने अक्टूबर 2021 में प्राधिकरण से संपर्क किया और कई अन्य शिकायतों के साथ आरडब्ल्यूए ने सुरक्षा उद्देश्य के लिए सभी टावरों के स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग की थी। इस साल 10 फरवरी को चिंटल सोसाइटी की बड़ी छत गिरने की घटना के बाद से अथर्व सोसायटी के लोगों द्वारा यहां बनाए गए सभी टावरों के जल्द से जल्द स्ट्रक्चरल ऑडिट की मांग की जा रही है। सुनवाई की पहली तारीख एक अक्टूबर, 2021 को रेरा कोर्ट ने आरडीएल को अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। उसके बाद दो फरवरी, 21 अप्रैल, 24 मई और 2 सितंबर, 2022 को इसके बाद चार बार सुनवाई हो चुकी है। अदालत ने देखा कि प्रतिवादी आरडीएल द्वारा अदालत के आदेश का लगातार पालन नहीं किया जा रहा है। अदालत ने प्रतिवादी आरडीएल को सम्मन जारी कर उसके निदेशकों को 4 अक्टूबर को होने वाली अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा है।

आदेश जारी करते हुए रेरा के अध्यक्ष डॉ. केके खंडेलवाल ने कहा कि 4 अक्टूबर को सिविल कोर्ट का डिक्री माना जाना चाहिए और इस आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पिछली सुनवाई के दौरान प्राधिकरण ने डीटीसीपी को परियोजना के स्ट्रक्चर ऑडिट करने के लिए रेफ्रें स दिया था, लेकिन प्राधिकरण को डीटीसीपी से इसकी कोई स्टेट्स रिपोर्ट नहीं मिली। इसलिए उसने डीटीसीपी को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशानुसार स्ट्रक्चरल ऑडिट करने के लिए रिमांडर भेजा है।

# संक्षिप्त समाचार

## सीएम उड़नदस्ता टीम ने अवैध बोरवैल पकड़ा



छापेमारी के दौरान अवैध बोर को सील करते सीएम उड़नदस्ता टीम के साथ नगर परिषद का पटवारी।

**सोहना।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम ने खंड के गांव रायसीना में अवैध बोरवैल से पानी सप्लाई करने वाले को दबोचा है। जहा पर टीम के साथ पहुंची बिजली निगम की टीम ने ओवर लोडिंग पकड़ी। गुरुवार को सीएम उड़नदस्ता की टीम ने गांव रायसीना में यहां के निवासी कपिल पुत्र भगवान द्वारा अपने खेत में अवैध बोरवैल किया हुआ था। जिससे कपिल आस-पास चल रहा निर्माण कार्य स्थलों पर पानी को सप्लाई देकर कमाई कर रहा था। सीएम उड़नदस्ता टीम के साथ में बिजली निगम और नगर परिषद की टीम भी मौके पर मौजूद थी। परिषद की टीम भवन निरीक्षक मनोज सिवाच ने अवैध बोरवैल को सील किया। बिजली निगम के जेई राजेश ने ओवर लोडिंग की बिजली चोरी पकड़ी गई। सीएम उड़नदस्ता टीम के प्रभारी एसआई सतबीर सिंह ने बताया कि कपिल ने कृषि करने के नाम पर बोरिंग कराया हुआ था। जिससे वह अवैध कमाई कर रहा था। टीम ने मौके पर ट्रैक्टर और पानी टैंकर को भी सील करते हुए कब्जे में ले लिया।

## कक्षा दसवीं की छात्रा संदिग्ध हालात में हुई लापता

**सोहना।** भोंडसी थाना के गांव धुनेला में 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। लापता नाबालिग कक्षा दस में पढ़ती थी। धुनेला निवासी सुरेश ने पुलिस को बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा दस में पढ़ती है। उसकी बेटी बुधवार की सुबह साढ़े 8 बजे घर से बाहर किसी काम से निकली थी, लेकिन देर रात तक उसकी नाबालिग बेटी घर वापस नहीं आई है। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर किशोरी के संदिग्ध हालात में लापता होने का मामला दर्ज कर लिया है।

## 15-16 अक्टूबर को होगा सर्वजातीय परिचय सम्मेलन

**फरीदाबाद।** महाराजा अग्रसेन विवाह समिति के प्रधान ब्रह्मप्रकाश गोयल ने बताया कि 22वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन व सामूहिक विवाह समारोह को लेकर एक बैठक का आयोजन मुख्य कार्यालय गोपी प्लाजा मथुरा रोड फरीदाबाद में संरक्षक अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें श्री गोयल ने बताया कि 22वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन आगामी 15-16 अक्टूबर को व सर्वजातीय विवाह 13 नवम्बर 2022 को ओल्ड फरीदाबाद में कराया जाएगा। गोयल ने बताया कि समिति के द्वारा पहले भी लगातार 21 वर्षों से परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह का सफल आयोजन सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों के सहयोग द्वारा किए गए हैं जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। परिचय सम्मेलन को लेकर की गई मीटिंग में बताया गया कि 22वां परिचय सम्मेलन अग्रसेन भवन, नियर गोपी कालोनी चौक सेक्टर-19 ओल्ड फरीदाबाद में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगभग 300 पंजीकरण कार्यालय फरीदाबाद के सभी कालोनियों, गांवों व बल्लबगढ़, पलवल, होडल, हसनपुर, मेवात, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुडग़ांव, रेवाड़ी, धारूहेड़ा, महेन्द्रगढ़, पानीपत, मथुरा, वृंदावन, कोसीकलां, गोवर्धन, जेवर, टप्पल, खैर, खुर्जा, गाजियाबाद, नोएडा आदि में बनाए गए हैं। जिसमें डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर, व्यापारी, अपाहिज, विधवा, तलाकशुदा, पढ़े-लिखे, विकलांग व अनपढ़, नौकरी करने वाले युवक-युवतियां आदि अपने फार्म भर सकते हैं और इस बार सम्मेलन में पंजीकरण कराने के लिए पढ़े लिखे युवक-युवतियों में भी होड़ लगी हुई है क्योंकि इस बार डॉक्टर इंजीनियर टीचर व अन्य डिग्री होल्डर उम्मीदवारों के भी काफी मात्रा में रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं मीटिंग में बहुत से जिम्मेदार साथी मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# समग्र शिक्षा अभियान की ओर से हुआ शिक्षक अभिवादन कार्यक्रम



गुरुग्राम में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में समग्र शिक्षा अभियान की ओर से शिक्षक अभिवादन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व शिक्षक।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## विधायक सुधीर सिंगला ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

**आजादी** के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में गुरुवार को समग्र शिक्षा अभियान की ओर से शिक्षक अभिवादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की, जबकि अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने शिक्षकों को समाज की नींव बताया और कहा कि सभ्य व सशक्त समाज के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की नींव को मजबूत करने का कार्य करते हैं। यह नींव जितनी मजबूत होगी हमारा समाज व देश उतना ही प्रगति की ओर अग्रसर होगा। अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समय के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी विकास हुआ है। आज शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को लेकर नित नए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने समग्र शिक्षा टीम का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी उत्साह व तत्परता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डा. राज नेहरू ने अपने संबोधन में कौशल विकास पर बल दिया और कहा कि समग्र शिक्षा कौशल के विकास में अपना विशिष्ट योगदान दे रहा है। उन्होंने कौशल विकास को समय की मांग बताते हुए युवाओं का इससे जुड़ने के लिए आह्वान किया। कार्यक्रम में चकरपुर, कादीपुर व सुशांत लोक विद्यालयों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस दौरान सर छोटूराम सोसायटी के उप प्रधान के द्वारा सभी अतिथियों का अभिवादन व धन्यवाद किया गया। इस मौके पर समग्र शिक्षा के तहत कार्यरत दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने वाले सभी विशेष अध्यापक, वोकेशनल शिक्षक, पार्ट टाइम इन्सट्रक्टर, बीआरपी, एबीआरपी तथा आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा देने वाले स्वयं सेवक शिक्षक शामिल हुए।

# भाजपा अध्यक्ष ने किया अग्रवीर स्मारिका का विमोचन

## आगामी एक अक्टूबर 222 ताऊ देवीलाल स्टेडियम में होगा भव्य समारोह

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह की अग्रवीर स्मारिका का विमोचन करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

**गुरुग्राम** की सभी अग्र संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में अग्रकुल जनक महाराजा अग्रसेन जयंती एवं 1857 की क्रांति व स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान निभाने वाले अग्रवीरों को नमन करने के लिए अग्रसमागम-2022 का आयोजन किया जा रहा है। आगामी एक अक्टूबर 2022 को ताऊ देवीलाल स्टेडियम में यह समारोह होगा।

इस समारोह के संयोजक नवीन गोयल ने नेतृत्व में समारोह आयोजन की टीम ने समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को निमंत्रण पत्र देने के साथ उनके हाथों अग्रवीर स्मारिका का विमोचन करवाया। नवीन गोयल ने प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को इस स्मारिका की जानकारी देते हुए कहा कि इस स्मारिका में अग्रवाल समाज की उन महान विभूतियों के जीवन का उल्लेख है, जिन्होंने आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आजादी के बाद अपने व्यापार शुरू करके देश को आर्थिक रूप से मजबूत भी किया।

इस अवसर पर प्रवीण अग्रवाल एडवोकेट जिला प्रमुख पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा गुरुग्राम, मनोज गुप्ता (गुड्डू) एमएम पब्लिक स्कूल चेयरमैन, ईश्वर मित्तल प्रांत प्रमुख गो सेवा विभाग विहिप, अरुण अग्रवाल प्रांतीय संगठन सचिव भारत विकास परिषद, विनोद अग्रवाल धर्मानी समाजसेवी, सतीश अग्रवाल धर्मानी समाजसेवी, अजय अग्रवाल समाजसेवी, तृप्ति गुप्ता डूंडाहेड़ा मंडल, विनोद गुप्ता कोषाध्यक्ष गुड़गांव इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन, बीएल अग्रवाल जिला संगठन मंत्री युवा अग्रवाल सम्मेलन, गगन गोयल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा भाजपा, डीपी गोयल सदस्य रेलवे बोर्ड, सतीश तायल योग व्यायाम एवं प्रचार समिति, सीमा अग्रवाल, पीसी जैन कार्यकारिणी सदस्य कर्मचारी प्रकोष्ठ भाजपा, रवि सिंगला समाजसेवी, विवेक गुप्ता समाजसेवी, अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की जिला अध्यक्ष समता सिंगला, महासचिव आशा गोयल, रतनलाल गुप्ता, राजेश बंसल, काजल गुप्ता, पूजा अग्रवाल, नीरज गुप्ता, राहुल तायल आदि लोग मौजूद रहे।

# संपत्ति कर ऑनलाइन हुआ उपभोक्ताओं का पहले दिन से ऐतराज

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## पहले ही दिन 10 नागरिकों ने ऑनलाइन अपनी-अपनी शिकायत दर्ज कराई

**नगर** परिषद के पोर्टल पर संपत्ति कर का डाटा ऑनलाइन डरने के साथ ही उपभोक्ताओं ने याशी कंपनी के सर्वे पर सवालिया निशान लगाने शुरू कर दिए हैं। पहले ही दिन 10 नागरिकों ने ऑनलाइन अपनी-अपनी शिकायत दर्ज कराई है।

करीब चार साल तक सर्वे कार्य करने वाली याशी कंपनी ने एक सप्ताह पहले 52 हजार 343 संपत्ति मालिकों का डाटा नगर परिषद को सौंप दिया। परिषद प्रशासन ने डाटा को आम नागरिक से लेकर सरकारी विभाग और निजी संस्थान मालिकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन कर दिया है। जैसे ही संपत्ति कर डाटा ऑनलाइन दर्ज होने के साथ ही सर्वे कार्य पर सवाल उठने लगे हैं। जिससे याशी कंपनी का संपत्ति सर्वे ने उपभोक्ताओं को सिर दर्दी दे दी है।

### कंपनी को परिषद ने लिखा पत्र

**संपत्ति** कर डाटा ऑनलाइन दर्ज होने के साथ ही परिषद की तरफ से पत्र लिखा है। कंपनी को सर्वे पर दर्ज होने वाले ऐतराज को ठीक करने के लिए कर्मचारी बैठाने को कहा है।

### 6 वर्ष में बढ़े 34 हजार करदाता

**याशी** कंपनी ने 2018 में सर्वे करना शुरू किया था। उस समय परिषद सीमा क्षेत्र में शहर के साथ आसपास लगते 13 गांव भी शामिल कर लिया था। जिससे आज परिषद सीमा में कुल कर दाता 52 हजार 343 हैं। इससे पहले वर्ष 2016-17 में हुई सर्वे के अनुसार कुल करदाता की संख्या 19 हजार 266 थी। जिससे में 3636 खाली प्लाट थे। आज खाली प्लाट की संख्या 11 हजार 111 है। इसके अलावा 12 हजार 692 संपत्ति किसानों की शामिल की गई है।

### पहले दिन 10 ऐतराज लगे

**याशी** कंपनी द्वारा किया संपत्ति सर्वे डाटा को परिषद को तरफ से ऑनलाइन किया गया। उसके 24 घंटा में ही 10 उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन अपने-अपने ऐतराज लगा दिए हैं। जिन्हें परिषद प्रशासन ने उपभोक्ताओं के संपत्ति कागजात के आधार त्रुटियों को ठीक करना शुरु दिया है।

# आईटीआई में दाखिला लेने के लिए आज आवेदन का आखिरी दिन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

## प्रधानाचार्य सोनिका तक्षक ने बताया कि 314 सीटों पर होगा दाखिला

**आईटीआई** में विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को पोर्टल पर ट्रेंड परिवर्तन का आखिरी दिन रहेगा। सोहना आईटीआई में 314 सीटों पर दाखिला 13 सितम्बर से शुरू होंगे। प्रदेश भर की आईटीआई में तीसरे चरण में दाखिला लेने की प्रक्रिया आखिरी चरण में पहुंच गई है।

आईटीआई में विद्यार्थियों के पास अपनी ट्रेड बदलने के लिए पोर्टल पर नामाकन भरने का आखिरी दिन होगा। सोहना आईटीआई में अब तक 122 विद्यार्थी अगल-अलग ट्रेडों में दाखिले चुके है। प्रधानाचार्य सोनिका तक्षक ने बताया कि इस वर्ष आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी शुक्रवार की शाम तक पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उस उनकी आईटीआई में विद्यार्थियों को दाखिला लेने का सभी ट्रेड़ में अवसर है।

### किस ट्रेड में हैं कितनी सीटें

**प्रधानाचार्य** सोनिका तक्षक ने बताया कि इलेक्ट्रिशियन की 20, ड्राफ्ट्समैन सिविल की 18, ड्राफ्ट्समैन मेकेनिनिक की 15, मशीनिस्ट 28, फ िटर 25, रेफ्रिजरेशन एवम एयर कंडीशनिंग की 15, कारपेंटर की 23, स्टेनोग्राफी हिन्दी की 13, वैल्डर की 70, कोपात्र की 45, प्लंबर की 21, हैल्थ सैनिटरी इंस्पेक्टर की 21 सीटें। सभी ट्रेडस में कुल उपलब्ध सीटें 314 हैं।

# न्यू वोटर्स क्लब और फ्यूटचर वोटर्स क्लब का गठन

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता वरुण की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन कार्यालय के इलेक्शन तहसीलदार दिनेश कुमार के द्वारा लघु सचिवालय सेक्टर 12 में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में एडीसी अपराजिता ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य को आदेश दिए कि एक लड़का और एक लड़की को कैंपस एंबेसडर या कॉर्डिनेटर की नियुक्ति कीजाए। इलेक्टरल लिटेरेसी क्लब के तहत न्यू वोटर्स क्लब और फ्यूटर वोटर्स क्लब का गठन करके इसकी सूचना कार्यालय को भिजवाएं। सभी कालेज और संस्थानों में आयोग द्वारा निर्धारित थीम पर निबंध, पोस्टर, भाषण, रंगोली और क्विज प्रतियोगिताएं कराएं। एडीसी की तरफ से चीफ वार्डन सिविल डिफेंस व विषय विशेषज्ञ आपदा प्रबंधन डॉ एमपी सिंह को स्वीप का कोऑर्डिनेटर बनाया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 सितम्बर को करेंगे आईडीएफ डब्ल्यूडीएस-2022 का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 12 सितम्बर को ग्रेटर नोएडा में आईडीएफ वर्ल्ड डेयरी समिट 2022 का उद्घाटन करेंगे। 'डेयरी फॉर न्यूट्रिशन एण्ड लिवलीहुड' यानि पोषण एवं आजीविका के लिए डेयरी विषय पर आधारित इस सम्मेलन में भारतीय एवं विश्वस्तरीय डेयरी उद्योग के विशेषज्ञ, किसान, नीति निर्माता हिस्सा लेंगे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तथा मछलीपालन, पशुपालन एवं डेयरी के लिए केन्द्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला भी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। 1974 में भारत द्वारा इंटरनेशनल डेयरी कॉन्ग्रेस के आयोजन के बाद पिछले 48 वर्षों से इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशनल के अध्यक्ष पियरक्रिस्टियानो, आईडीएफ की महानिदेशक मिस कैरोलीन एमंड, आईडीएफ की भारतीय राष्ट्रीय समिति के सचिव एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री मीनेश शाह भी सम्मेलन में मौजूद रहेंगे।

उत्तर प्रदेश, जो देश में सबसे ज़्यादा दुग्ध उत्पादन करने वाले राज्यों में से एक है और देश के कुल उत्पादन का तकरीबन 15 फीसदी हिस्सा बनाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उद्घाटन समारोह के दौरान सभा को सम्बोधित करेंगे। भारत छोटे डेयरी किसानों से लेकर सहकारी रणनीति के आधार अपनी बदलावकारी यात्रा का प्रदर्शन करेगा। चार दिवसीय आईडीएफ डब्ल्यूडीएस 22 से पहले कारोबार बैठकों की एक श्रृंखला का आयोजन भी किया जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाली ये बैठकें 9 सितम्बर से शुरू होंगी, बैठकों के दौरान भारत के 8 करोड़ से अधिक छोटे एवं सीमांत डेयरी किसानों (जिनके पास औसतन 2 मवेशी होते हैं) के योगदान पर चर्चा की जाएगी, जिन्होंने सालाना 210 एमटी उत्पादन के साथ भारत को दुनिया के अग्रणी दुग्ध उत्पादक के रूप में स्थापित किया है।

डब्ल्यूडीएस के इस संस्करण की विशेषता यह है कि कार्बन न्यूट्रल पार्टनर जेनिथ एनर्जी के सहयोग से सम्मेलन को कार्बन न्यूट्रल आयोजन के रूप में डिज़ाइन किया गया है। यह 1903 में अपनी शुरूआत के बाद से पहला आईडीएफ वर्ल्ड डेयरी समिट है, जिसने जलवायु के अनुकूल स्थायी डेयरी उद्योग के प्रति डेयरी सेक्टर की प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए कार्बन न्यूट्रेलिटी को अपनाने का प्रयास किया है। सम्मेलन के दौरान 'डेयरी फॉर न्यूट्रिशन एण्ड लिवलीहुड' विषय पर 24 सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें डेयरी उद्योग से जुड़े विभिन्न पहलुओं को कवर किया जाएगा। तीन टेकनिकल सत्र भी होंगे, 91 विदेशी एवं 65 भारतीय प्रवक्ताओं सहित कुल 156 प्रवक्ता इन सत्रों को सम्बोधित करेंगे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए इलेक्ट्रिक वाहन समय की मांग : नवीन गोयल



गुरुग्राम में ई-वाहनों के शोरूम का उद्घाटन करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल और एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेश सह-संयोजक डा. डीपी गोयल ने गुरुवार को यूवी ट्रेडर्स इलेक्ट्रिक वाहनों के शोरूम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने ई-वाहनों के फायदे लोगों को बताते हुए अधिक से अधिक ई-वाहनों का उपयोग करने की सलाह दी।

नवीन गोयल ने कहा कि एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि दुनियाभर में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ रही है। ऐसा इसलिए कि पूरी दुनिया प्रदूषण से जूझ रही है। ऐसे में ई-वाहन एक ही विकल्प है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल से चलने वाली गाड़ियां वातावरण में हानिकारक और जहरीले गैस का उत्सर्जन करती हैं। इससे वायु की गुणवत्ता खराब होती है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है। यदि आप चाहते हैं कि आपका शहर प्रदूषण मुक्त रहे और आपकी सेहत दुरुस्त रहे, तो इलेक्ट्रिक व्हीकल का इस्तेमाल करना शुरू कर दीजिए। इलेक्ट्रिक व्हीकल के इस्तेमाल से वायु प्रदूषण के साथ-साथ ध्वनि प्रदूषण में भी कमी आएगी। पेट्रोल-डीजल से चलने वाले वाहनों की तुलना में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की लागत दो से ढाई गुना अधिक होती है। इसका रनिंग और मेंटेनेंस कॉस्ट पारंपरिक वाहनों की तुलना में करीब एक-चौथाई ही होता है।

# जेनेरिक दवाइयां बनाने पर भी फोकस करें दवा कंपनियां : सुधीर सिंगला

## विधायक सुधीर सिंगला ने किया प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम की सेक्टर-5 मार्केट में जेनेरिक दवाइयों के लिए जनऔषधि केंद्र का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने गुरुवार को सेक्टर-5 में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र पर लोगों को सस्ती दरों पर दवाइयां उपलब्ध होंगी। अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हमारे देश की बहुत बड़ी आबादी ऐसी है, जो कि महंगी दवाइयां खरीद पाने में सक्षम नहीं है। ऐसे में जेनेरिक दवाइयां उनके लिए बेहतर हैं।

उन्होंने दवा निर्माता कंपनियों से भी आग्रह किया है कि वे जेनेरिक दवाइयां बनाने पर फोकस करें, ताकि देश के लोगों का इसका लाभ मिल सके। हमें भारत को दुनिया के स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र का प्रमुख बनने के इरादे से काम करना चाहिए। हर कोई देश अपने प्रमुख उद्योगों को मजबूत बनाता है। संरक्षण देता है। हमारे देश का प्रमुख उद्योग फार्मा माना जा सकता है। चाहे कोरोना काल हो या सामान्य दौर, हर मौके पर हमने दुनिया को दवाइयां उपलब्ध कराई हैं। उन्होंने कहा कि जेनेरिक दवाइयों में भी बहुत ताकत होती है। उनसे भी मरीजों का बेहतर उपचार होता है। वे अंग्रेजी दवाइयों के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन गरीबों को सस्ती दवाओं के रूप में विकल्प जेनेरिक दवाइयां ही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम सराहनीय है कि जेनेरिक दवाइयों का भी विकल्प देश को दिया गया है। पिछले कुछ वर्षों में देश में जेनेरिक दवाखानों की काफी संख्या भी बढ़ी है। इससे आम और गरीब व्यक्ति ने काफी लाभ लिया है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम शहर में बाहरी राज्यों से भी आकर लोग रह रहे हैं। इनमें काफी बड़ी संख्या लेबर तबके की है। यह जरूरी है कि जेनेरिक दवाइयां की पहुंच इन लोगों तक भी हो। उन्होंने कहा कि जेरेरिक दवाइयों के दवाखानों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जाएगा, ताकि लोगों को अंग्रेजी दवाइयों की तरह जेनेरिक दवाइयां उन्हें घर के निकट ही उपलब्ध हो सकें।

# ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र ने विद्यार्थियों को किया जागरुक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसीपी** ट्रैफिक नीतीश कुमार अग्रवाल द्वारा सड़क सुरक्षा, यातायात, महिला व बाल अपराध, साइबर क्राइम तथा नशे के विरुद्ध जागृति अभियान चलाकर आमजन को जागरुक करने के दिशा-निर्देश के तहत कार्य करते हुए यातायात पुलिस में तैनात ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र ने अपनी टीम के साथ फिरोजपुर स्थित करहाना सीनियर सेकेंडरी स्कूल पहुंचकर छात्र छात्राओं को जागरुक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि स्कूल के प्रिंसिपल धर्मेंद्र करहाना ने पुलिस टीम का स्वागत किया और उन्हें बच्चों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करने के लिए आमंत्रित किया। इसके पश्चात ट्रैफिक ताऊ ने स्कूल में मौजूद करीब 700 बच्चों को यातायात व सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक करते हुए बताया कि छोटे बच्चे मन के बहुत चंचल होते हैं और उनका मन खेलकूद में अधिक लगता है।

बच्चे अपने घर या स्कूल में बाहर आते जाते समय अपने दोस्तों के साथ खेलने में मगन रहते हैं परंतु कई बार उनके घर या स्कूल के बाहर आने जाने वाले वाहनों का संतुलन बिगड़ने या तेज गति में


गांव फिरोजपुर स्थित करहान सी.सै. स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नशे के विरोध में बच्चां को शपथ दिलवाते ट्रैफिक ताऊ वीरेंद्र सिंह।

वाहन चलाने की वजह से वाहन बच्चों के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है । जिसकी वजह से उन्हें चोट पहुंच सकती है। उन्होंने बताया कि कुछ बच्चे नया नया मोटरसाइकिल चलाना सीखते हैं और वह बिना हेलमेट की मोटर साइकिल की सवारी करना पसंद करते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि हेलमेट लगाने से उनके बाल खराब हो जाते हैं परंतु ध्यान रखना चाहिए हेलमेट उनकी सुरक्षा के लिए ही बनाया गया है। सड़क पर यात्रा करते समय यदि कोई दुर्घटना घटित हो जाती है तो हेलमेट किसी व्यक्ति की जान बचाने में बहुत मददगार साबित होता है इसीलिए सड़क पर यात्रा करते समय सुरक्षा का पूरा ध्यान रखें तथा हेलमेट व सीट बेल्ट इत्यादि लगा कर रखें। इसके अलावा बच्चों को बाल अपराध के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने बताया कि कुछ लोग बच्चों का बहुत शोषण करते हैं और उनसे उन्हें पढ़ाने की बजाय उनसे मजदूरों की तरह काम करवाते हैं। कुछ अपराधी किस्म के व्यक्ति लापता हुए बच्चों को अपने साथ ले जाकर उन्हें अपराध की दुनिया में धकेल देते हैं और उनसे नशा तस्करी व भीख मंगवाने का घिनौना अपराध करते हैं इसलिए कभी भी बिना बताए घर से बाहर न जाए तथा अपने माता पिता की बातों का सम्मान करते हुए उनकी आज्ञा का पालन करें। छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के पश्चात ट्रैफिक ताऊ ने बच्चों को उक्त बातों का ध्यान रखते हुए नशा ना करने और सड़क पर यात्रा करते समय सड़क सुरक्षा के मद्देनजर सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों ने पुलिस टीम द्वारा चलाए गए इस जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए उनका तहे दिल से धन्यवाद किया।

# चालक के हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए रोडवेज का रहा चक्का जाम


हड़ताली कर्मचारियों को समझाते हुए हरियाणा रोडवेज के जीएम।


रोडवेज की हड़ताल के कारण निजी बसों का सहारा लेते यात्री।

## मृतक के बेटे को नौकरी और पत्नी को 5 लाख का मुअवजा देने की मांग

**कविता।** फरीदाबाद

**सोपीपत** में साइड न देने पर हरियाणा रोडवेज के चालक को जीप चालक की कुचलकर हत्या कर दी। आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर मृतक बस चालक के बेटे ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के विरोध में रोडवेज के कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को सभी जिलों में साझा मोर्चा के आह्वान पर सुबह चक्का जाम कर दिया। बल्लभगढ़ में सुबह कर्मचारियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। वहीं सोनीपत में मृतक के बेटे के शव का अंतिम संस्कार नहीं किया गया है। उनकी मांग है कि जब तक उसके बड़े बेटे को नौकरी नहीं दी जाती और मृतक की पत्नी को 50 लाख रुपये नहीं दिए जाते, तब तक वह अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

**बाप-बेटे के लिए रखा मौन:** रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रधान रविन्द्र नागर ने बताया कि बस चालक जगबीर सिंह की हत्या में जीप सवारों की गिरफ्तारी न होने पर कर्मचारियों में रोष है। बीती रात मृतक जगबीर सिंह के 22 वर्षीय बेटे ने बुधवार की दोपहर को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। परिवार को न्याय दिलवाने के लिए हम हड़ताल कर रहे है। रोडवेज के कर्मचारी खुद ड्यूटी छोड़कर यहां आ रहे हैं। इस दौरान मृतक बाप-बेटे की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा और हड़ताल जारी रखी है। उन्होंने कहा कि यह दरी यहां से तब उठेंगी, जब मृतक चालक के बड़े बेटे को नौकरी और उसकी पत्नी को 50 लाख रुपये मिल जाएंगे। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी नही हो जाती।

**यह था मामला :** सोनीपत बस स्टैंड के एसओ सुपरवाइजर सुरेन्द्र सिंह ने पायनियर को फोन पर बताया कि छह सितम्बर को सुबह चालक प्रमोद कुमार रोडवेज की बस लेकर सोनीपत से दिल्ली के लिए चले थे। इसमें अन्य यात्रियों के साथ रोडवेज के चालक जगबीर सिंह भी सवार थे। उन्हें दिल्ली से बस को लेकर चंडीगढ़ के लिए जाना था। रोडवेज की बस जब बहालगढ़ से दिल्ली हाईवे पर पहुंची तो पीछे से थार जीप सवार हार्न बजाने लगे। चालक ने उनको साइड दे दी, लेकिन वे बस के आगे-पीछे चलते हुए और अभद्रता करते रहे। कुंडली पहुंचकर सुबह साढ़े पांच बजे जीप में सवारों ने बस रुकवा ली। जीप सवारों को समझाने के लिए दिल्ली के लिए चालक जगबीर सिंह और प्रमोद कुमार व परिचालक फतेह सिंह सहित चार-पांच लोग नीचे उतर आए। इस दौरान युवकों ने कर्मचारियों को जीप से टक्कर मार दी। जिसमें जगबीर और फतेह सिंह घायल हो गए। एंबुलेंस के आने तक चालक जगबीर सिंह की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी जीप सहित भाग गए।

**हुई परेशानी :** हड़ताल के कारण कॉलेज विद्यार्थी, नौकरीपेशा और अन्य यात्री परेशान नजर आए। अपने दो बच्चों के संग स्टैंड पर बैठी रेनू ने बताया उसे भिवानी जाना था, यहां


बस के इंतजार में बल्लभगढ़ बस अड्डे पर बैठे यात्री।

आई तो पता चला कि हड़ताल है। किसी तरह भिवानी जाने का प्रयास कर रही हूं। वहीं जुमन, हफीज और प्रेमवती ने बताया कि वे सोहना की बस का इंतजार कर रहे थे, अब पता चला हड़ताल है, जिसके कारण परेशान है, कैसे पहुंचे।

**जीएम वापस जाओ :** यात्रियों की परेशानी देखकर जीएम लेखराज धरनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने कर्मचारियों को बताया कि पुलिस ने हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर 50 हजार का ईनाम रखा है। इसलिए हड़ताल समाप्त कर दें। जिस पर हरियाणा रोडवेज कर्मचारी संघ के नेताओं और कर्मचारियों ने 'जीएम वापस जाओ' के नारे लगाने शुरू कर दिये।

# पार्क फ्लोर सोसायटी के आंदोलन में हुई कई संस्थाएं शामिल




**फरीदाबाद।** बीपीटीपी पार्क फ्लोर-2, सेक्टर 76 के रेजिडेंट ने 12वें दिन भी बीपीटीपी के मेन ऑफिस नेक्स्ट डोर मॉल, सेक्टर-76 में धरना जारी रखा। यह धरना रोज की तरह जारी रहा। इस धरने को पिछले 24 घंटों में उस समय और बल मिल गया जब अनशनकारी बाबा राम केवल जो साथ में धरना दे रहे हैं उनके साथ साथ प्रोटेस्ट में कई सारे एनजीओ शामिल हो गए। उन्होंने इस धरने को अपना पूर्ण समर्थन दिया।

अनशनकारी बाबा रामकेवल ने कहा कि पार्क फ्लोर-2 के निवासी नरकीय जीवन जीने के लिए मजबूर हो रहें है। इनकी लड़ाई को आगे और लड़ूंगा तथा लोगों के अनुरोध पर जल्द ही पूरे 24 घंटे का धरना शुरू कर दूंगा। इस मौके पर प्रेसिडेंट पार्क फ्लोर-2 के अध्यक्ष राजीव भारद्वाज व उपाध्यक्ष चौधरी कर्मबीर सिंह ने अनशनकारी बाबा रामकेवल का आभार व्यक्त किया।

राजीव भारद्वाज ने कहा कि आरडब्ल्यूए, बीपीटीपी पार्क फ्लोर 2, सेक्टर 76 ने अपने बिल्डर बीपीटीपी के खिलाफ सीजीआरएफ ने निर्णय लिया है फिर भी बिल्डर सीजीआरएफ के आदेश का पालन नहीं कर रहा है और इस आदेश में बताई गई बातों को लागू नहीं कर रहा है, जो निवासियों के पक्ष में जाता है। साथ ही बिल्डर को अभी तक इस परियोजना के लिए ओसी प्राप्त नहीं हुई है, हालांकि परियोजना को 2008 में बहुत पहले शुरू किया गया था और 2013 में फ्लैट खरीदारों को कब्जा दिया गया था। जाहिर है, चूंकि ओसी नहीं है, अभी सोसायटी के नाम पर कोई बिजली कनेक्शन नहीं है। एसटीपी कनेक्शन अभी तक कनेक्ट नहीं है। साथ ही 2014 में हैंड ओवर के समय जो बिल्डिंगों का प्लास्टर उतरा हुआ था उसको अभी तक मेंटेनेंस और रिनोवेशन नहीं किया है।

चौधरी कर्मवीर सिंह ने बताया कि बीपीटी बिल्डर ने सोसायटी की 20 एकड़ जमीन को धोखे से ईआरए बिल्डर को बेच दिया और कहा बिल्डर ने जनरेटर रूम के ऊपर बच्चों के लिए पार्क बना दिया जो बेहद खतरनाक है। साथ ही लिफ्ट भी 80 के दशक की लगा रखी है।

# रेडक्रॉस और सैंट जॉन अवॉर्ड से किया सम्मानित

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य की रेडक्रॉस समिति और सैंट जॉन इंडिया की हरियाणा राजभवन के ऑडिटोरियम में आज 34वीं वार्षिक सामान्य सभा आयोजित की गई। इसमें राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद को तीन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

जिला शिक्षा अधिकारी मुनेश चौधरी, डीपीसी आनंद सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी मनोज मित्तल एवम सतीश चौधरी ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा फरीदाबाद को बधाई दी। उत्कृष्ट और श्रेष्ठ कार्य संपादित करते रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र




कुमार मनचन्दा ने कहा कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एनआईटी तीन फरीदाबाद में जूनियर रेडक्रॉस की गतिविधियों के संचालन और संयोजन के लिए विद्यालय को वर्ष 2020-21 की टिक्का मंजीत सिंह चैलेंज शील्ड और वर्ष 2019-20 एवम 2020-21 सत्र के लिए रेडक्रॉस के कार्यों में उल्लेखनीय प्रतिभागिता और योगदान के लिए व्यक्तिगत मेरिट सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया।

# बरसात बीत गई, अब काम पर ध्यान दें अधिकारी : नागर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तिगांव** के भाजपा विधायक राजेश नागर ने आज विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। नागर ने अधिकारियों से कहा कि बरसात बीत गई है अब विकास कार्यों में तेजी लाएं। जिससे हम लोगों को राहत दे सकें।



विधायक नागर के निवास पर रखी बैठक में पीडब्ल्यूडी, पब्लिक हेल्थ, पंचायती राज विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बरसाती मौसम में विकास कार्यों के पिछड़ जाने की बात कहते हुए नागर ने अब काम में तेजी लाने की बात कही। तय हुआ कि तिगांव से बल्लभगढ़ रोड का काम एक दो दिन में ही शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से कहा कि वह तिगांव विधानसभा क्षेत्र की सडकों को बनाने और उनकी मरम्मत किए जाने के एस्टीमेट बनाने के लिए कहा। जिससे कि जल्द से जल्द मंजूरी लेकर इन पर काम शुरू किया जा सके। वहीं पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को भी पेयजल आपूर्ति की योजनाओं को मूर्त रूप देने, नए नलकूपों और पानी की लाइन डाले जाने की योजनाएं बनाने के लिए कहा। बैठक में मौजूद बीडीपीओ अजीत सिंह ने भी काम में तेजी लाए जाने पर सहमति जताई।

## स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**फरीदाबाद।** स्तन कैंसर जागरुकता अक्टूबर माह में मनाया जाता है। डॉ. नेहा गुप्ता एचओडी, एनाटॉमी विभाग के कुशल मार्गदर्शन में, डॉ अनीता शर्मा, एचओडी-फिजियोलॉजी और डॉ सुधा झा एचओडी-बायोकेमिस्ट्री, सुधा रुस्तगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, फरीदाबाद ने 8 तारीख को स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

सितंबर, 2022 छात्रों और कर्मचारियों के सदस्यों को प्रबुद्ध करने के लिए। इस कार्यक्रम में धर्मवीर गुप्ता, अध्यक्ष, दीपक गुप्ता, सचिव, प्रधानाचार्य - डॉ सीएम मढ़िया, डॉ विशाल जुनेजा - सीईओ (आयोजन सह-अध्यक्ष) और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

# उद्योगों पर फिर मंडराने लगी विपत्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## एक अक्टूबर से जनरेटर पर प्रतिबंध लगने से उत्पादन होगा प्रभावित

**फरीदाबाद** के उद्योगों पर एक ऐसी विपत्ति मंडरा रही है। जिसके लिए यहां के उद्योग किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं है। हम सभी जानते हैं कि एनजीटी द्वारा एनसीआर में एक अक्टूबर से डीजल जेनसेट को प्रतिबंधित कर दिया गया है। हम सभी जानते हैं कि डीजल जेनरेटर सेट उद्योग के अंदर बांधित बिजली आपूर्ती की भरपाई करता है। कोई भी उद्यमी डीजल जेनरेटर सेट पर फैक्टरी नही चला सकता, क्योंकि हमारे यहां बिजली वितरण विभाग की इन्फ्रास्ट्रक्चर में जो कि सड़क के उपर से चल रहा है, में एक डर का महौल बना रहता है।

जरा सी तेज हवा चलते ही सबसे पहले बिजली काट दी जाती है। यदि उद्योगों को बिजली की आपूर्ति सही ढंग से मिले तो जेनसेट चलाने की कोई आवश्यकता नहीं है। पीछे फरीदाबाद चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की कोर ग्रुप की बैठक हुई इसमें इस समस्या पर गंभीरता से विचार किया गया। सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि हम लोग दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम से यह आश्वासन लें कि हमें सातों दिन चौबीस घंटे बिजली की आपूर्ति की जायेगी। इसी निमित्त फरीदाबाद चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधि मंडल पैनल चैयरमेन श्रीराम अग्रवाल के नेतृत्व में सुपरिटेंडिग इंजीनियर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम नरेश कुमार कक्कड से उनके सेक्टर 23 स्थित कार्यालय में मिला। उन्हें एक ज्ञापन देकर मांग की कि जिस तरह दिल्ली में तथा नोयडा में चौबीस घंटे सातों दिन बिजली की आपूर्ति होती है। हमें भी आप बिजली की आपूर्ति कराने कि व्यवस्था करें। हमने उनको बताया कि फरीदाबाद की अधिकांश इंडस्ट्रीज में लगातार उत्पादन की प्रक्रिया चलती है जिसके कारण यदि एक मिनट भी बिजली कटती है और तुरंत पावर बैकअप न दिया जाये तो पूरा बैच खराब हो जाता है। इसमें रकम का नुकसान, उत्पाद का नुकसान, श्रम का नुकसान एवं बिजली का नुकसान कुल मिलाकर कहा जाये तो ऐसे में उद्योग चल ही नहीं सकते, चाहे वो प्लास्टिक इंडस्ट्रीज हो, रबर इंडस्ट्रीज हो, कैमिकल इंडस्ट्रीज हो।

बिजली से चलने वाली कोई भी इंडस्ट्रीज बिजली के कटने से जीवित नहीं रह सकती। जहां तक जेनसेट में पीएनजी से चलाने की बात है या पीएनजी का जेनरेटर खरदने की बात है अभी ध्यान में आया है कि बहुत से स्थानों पर पीएनजी की लाईन ही नहीं है तथा जेनसेट को पीएनजी में कन्वर्ट करने के लिए भी बहुत महंगे और सीमित साधन हैं। अभी इसकी सफलता में भी संशय बना हुआ है। सुपरिटेंडिग इंजीनीयर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम नरेश कुमार कक्कड ने कहा कि फरीदाबाद में जेनसेट का इस्तेमाल आपातकालीन स्थिति में होता है, मैं नही समझता कि इसके कारण कोई प्रदूषण होता है। आज प्रदूषण का मुख्य कारण हमारी सड़कों के किनारे लगे मिट्टी के ढेर है फिर भी यदि एनजीटी नहीं मानती है तो आपको अपनी बात रखनी होगी।

## 15 साल से फरार पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा द्वारा शहर में अवैध हथियार, अवैध नशा, पीओ, बेल जंपर की धरपकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी सेक्टर 11 प्रदीप कुमार की टीम ने चोरी के मामले में 15 साल से फरार चल रहे 5000 के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम आजाद है। आरोपी राजस्थान के भरतपुर जिले के गांव बनेनी ढोकला का रहने वाला है। आरोपी ने वर्ष 2005 में थाना सेक्टर 8 के एरिया में एक चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जिस मामले में माननीय अदालत द्वारा वर्ष 2007 में आरोपी को उद्घोषित अपराधी करार दिया था। जिसपर 5000 का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस चौकी ने 15 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया।

# राज्यव्यापी आंदोलन में शामिल होने को लेकर बैठक


हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स की बैठक को संबोधित करते सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डगवाल।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जन** स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल फरीदाबाद, के कर्मचारी आगामी 21 सितंबर को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी आंदोलन में शामिल होने के लिए पंचकूला, कूच करेंगे। यह निर्णय आज सेक्टर 11 स्थित जन स्वास्थ्य कार्यालय परिसर में संपन्न हुई ब्रांच की कार्यकारिणी की मीटिंग में लिया। मीटिंग की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान जयपाल सिंह ने की जबकि संचालन ब्रांच के सचिव अजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर राज्य के पूर्व प्रधान और सीटू के जिला सचिव, वीरेंद्र सिंह डंगवाल, एवं राज्य कमेटी के सदस्य हितेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सरकार की कार्यप्रणाली से बेहद नाराज कर्मचारियों ने बताया कि वर्ष 2018 में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 18 श्रेणियों के कर्मचारियों के ग्रेड पे में संशोधन कर दिया गया था। यह संशोधन प्रत्येक श्रेणी के लिए 1800 की जगह 2400 रुपये कर दिया गया था।

# संक्षिप्त समाचार

## साक्षरता दिवस पर लाइब्रेरी और निधि वन का उद्घाटन




**फरीदाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर एडीसी अपराजिता ने दक्ष फाउंडेशन के द्वारा स्थापित एनआईटी-2 स्थित अनाथ बच्चों के छात्रावास में लाइब्रेरी तथा तुलसी के 75 पौधे लगाकर निधि वन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दक्ष फॉउंडेशन ने अपना 7वां स्थापना दिवस बच्चों के साथ मिलकर मनाया। एडीसी अपराजिता ने उपस्थित बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहाकि एक मनुष्य को बेहतर मनुष्य बनाने में शिक्षा का सबसे बड़ा योगदान होता है। साक्षरता हर व्यक्ति का अधिकार है। साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए भारत में सर्व शिक्षा अभियान चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश के अंदर निरक्षरता को कम करना और हर व्यक्ति तक उसके अधिकार की शिक्षा पहुंचाना है। लाइब्रेरी के बनने से बच्चों को विशेष लाभ मिलेगा, उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी। आज यह पुस्तकालय बच्चों के लिए खोला गया है ताकि खेलकूद के साथ साथ वह पढ़ाई भी करे सके। जितना बच्चें पढ़ाई करेंगे उतना ही अपनी जिन्दगी में आगे बढ़कर ऊंचे मुकाम को हासिल करेंगे। दक्ष फाउंडेशन के इस नेक कार्य के लिए उन्होंने फाउंडेशन की प्रशंसा की तथा उन्होंने कहाकि समाज में ऐसे अच्छे कार्य होना बहुत जरुरी है और बच्चों के लिए उनके द्वारा हर प्रकार की सहूलियत प्रदान की जाएगी। समय-समय पर पुस्तकालय और निधि वन का औचक निरिक्षण भी किया जायेगा। दक्ष फाउंडेशन के संस्थापक एस दहिया ने बताया कि दक्ष फाउंडेशन की शुरुआत 2015 में की गयी थी जिसका आज हम 7वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। दक्ष फाउंडेशन की टीम का प्रयास है की ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों की सहायता की जा सके। बच्चों के साथ साथ बुजुर्गों का भी खयाल रखा जा सके। खेलेगा बचपन पढ़ेगा बचपन प्रोजेक्ट शुरू किया। आज बच्चों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया है। इस अवसर पर डीपीसी आनंद सिंह, विंग कमांडर एचसी मान, दक्ष फाउंडेशन के कार्यकारी अधिकारी अंकुर शरण, मुख्य सलाहकार कर्नल आदर्श कपलाश, महासचिव कंफडरेशन ऑफ एनजीओ अजय गर्ग, प्रिंसिपल धीरज सिंह, डॉ बबिता गर्ग सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## डिवाइन का लाईसेंस रद्द, 12 ब्लड बैंकों को नोटिस

**फरीदाबाद।** जिला औषधि नियंत्रण विभाग की तरफ से हाल ही में अनियमिताएं मिलने के चलते नीलम बाटा रोड स्थित डिवाइन चैरिटेबल ब्लड बैंक का लाइसेंस रद्द करके वहां मौजूद रक्त को बीके सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक में रखवा दिया गया। इसे देखते हुए अब जिला औषधि नियंत्रण विभाग और जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 12 ब्लड बैंकों को नोटिस जारी किया गया है। हालांकि विभाग के अधिकारी अभी इस बारे में ब्यान देने से बच रहे हैं। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों पर प्रदेशभर में ब्लड बैंकों की जांच की गई थी। जिसमें नीलम-बाटा रोड स्थित डिवाइन ब्लड बैंक में जिला औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने निरीक्षण किया था। वहां पर कई तरह की खामियां पाई गई थी। ब्लड बैंक का पूरा रिकॉर्ड दुरूस्त न होने के चलते इसका लाइसेंस रद्द किया है। यहां पर उपलब्ध सारे ब्लड को बीके सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक में सुरक्षित रखवा दिया है। सूत्रों के अनुसार इसी क्रम में विभाग ने जिले के अन्य 12 ब्लड बैंकों के साथ पलवल जिले के ब्लड बैंकों को भी नोटिस जारी किया है। नियमों के अनुसार ब्लड बैंक में तैनात मेडिकल अफसर के पास एक साल का अनुभव होना चाहिए। इसके साथ ही ब्लड के लेन देन से संबंधित सभी एंट्री व रिकॉर्ड दुरस्त होना चाहिए। इनमें खामियां मिलने के चलते ब्लड बैंकों को नोटिस दिया गया है। हालांकि औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारी अभी इस मामले में ब्यान देने से बच रहे हैं।

## फार्मेसी ऑफिसर एसोसिएशन ने की बैठक



**फरीदाबाद।** एसोसिएशन गवर्नमेंट फार्मासिस्ट हरियाणा की राज्यस्तरीय बैठक का आयोजन आज राज्य प्रधान विनोद दलाल की अध्यक्षता में सिविल अस्पताल हिसार में आयोजित की गई। यह जानकारी देते हुए राज्य प्रधान विनोद दलाल ने बताया कि हरियाणा स्टेट फार्मेसी कौंसिल के सदस्यों हेतू हो रहे चुनावों में गड़बड़ी की आशंका को देखते हुए राज्य एसोसिएशन पूरी तरह तैयार है व हरेक फार्मासिस्ट तक मतपत्र पहुंचे यह सुनिश्चित करने के लिए तत्पर है। बैठक में डाक विभाग की प्रणाली, फर्जी बैलेट पेपर एवं किसी भी तरह के फर्जीवाड़े को रोकने के लिए एसोसिएशन ने राज्य स्तर पर टीमें गठित करके रणनीति बनाने की घोषणा की। इस मौके पर राज्य समिति के सदस्यों के साथ-साथ जिले के सभी फार्मेसी ऑफिसर उपस्थित थे।

## पर्यावरण को लेकर जागरुकता अभियान चलाया



**फरीदाबाद।** इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काई अभियान के तहत फरीदाबाद नगर निगम की बागवानी शाखा द्वारा सेक्टर-15 में पर्यावरण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में भाग लेने पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, फरीदाबाद मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा,सेक्टर-15 आरडब्लूए प्रधान नीरज चावला व विधायक नरेन्द्र गुप्ता के पीए मुकेश अग्रवाल का बागवानी विभाग के जेई नरेन्द्र ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर सेक्टर-15 मार्केट में अमन गोयल की टीम ने नुक्कड़ नाटक पेश कर लोगों को जागरुक किया। इस मौके पर पंकज रामपाल और सचिन शर्मा ने कहा कि हम सभी का दायित्व बनता है कि हम शहर को साफ सुथरा और स्वच्छ रखें। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल का भी हमें ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। इस मौके पर नीरज चावला ने कहा कि हम सभी को शहर की बेहतरी के लिए मिलकर काम करना है लोगों को भी प्रेरित करना है। इस अवसर पर नरेन्द्र ने कहा कि विश्व में पहली बार इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काई का आयोजन वर्ष 2022 में किया गया था। स्मार्ट सिटी के पार्को में हरियाली बढ़ाने की दिशा में पिछले काफी समय से प्रयास किया जा रहा है और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए गए हैं।

## कर निरीक्षक संगठन के माध्यम से समस्याओं को रखेंगे



**फरीदाबाद।** लम्बे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग कर निरीक्षकों एवं आबकारी निरीक्षकों की जिला स्तरीय व राज्यस्तरीय एसोसिएशन दोबारा से नई कार्यकारिणी गठित करने के बारे में विचार विमर्श सेक्टर-12 स्थित आबकारी एवं कराधान भवन स्थित कार्यालय में किया गया। मीटिंग में लगभग 50 से अधिक कर निरीक्षक एवं आबकारी निरीक्षक शामिल हुए। जिसमें ज्यादातर निरीक्षकों में अपनी-अपनी अलग जिला स्तरीय व राज्यस्तरीय एसोसिएशन का दोबारा से गठन करने पर सहमति जताई। सभा में उपस्थित निरीक्षकों ने अपने विभाग में कर निरीक्षक के कार्यों में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए अपने विचार रखें। निरीक्षक एसोसिएशन बनाने की मांग काफी समय से महसूस की जा रही थी ताकि उच्च अधिकारियों के समक्ष वह सरकार के सामने अपनी समस्याओं को रख सकें और उन समस्याओं के समाधान के लिए सही मार्ग पर चलकर समस्याओं का निस्तारण किया जा सके। मीटिंग में मुख्य रूप से राजेंद्र सब्बरवाल, संदीप, राजेन्द्र बूरा, श्रवण, नरेश राठी, रणवीर सिंह, निहाल सिंह, मनोज कुमार, एकांत कुमार आदि लोगों ने अपने विचार रखें।

# सड़क सुरक्षा
## गडकरी की पहल

**सड़क** परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सीट बेल्ट पहनना कार में सभी लोगों के लिए जरूरी होना चाहिए जिनमें पिछली सीटों पर बैठे लोग भी शामिल हैं। वास्तव में ऐसा प्राविधान पहले से मौजूद है। केन्द्रीय मोटर वाहन नियाम-सीएमवीआर की धारा 138-3 के अनुसार पिछली सीटों पर बैठे यात्रियों के लिए भी सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य है और ऐसा न करने पर 1,000 रुपये जुर्माना हो सकता है। इस प्रकार गडकरी की ताजा घोषणा का निहितार्थ यही है कि इस नियम को कठोरता से लागू किया जाना चाहिए। यह घोषणा बड़े उद्योगपति तथा टाटा सन्स के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की सड़क दुर्घटना में दुःखद मृत्यु के बाद आया है। वे सीट बेल्ट नहीं पहने थे और इसे ही उनकी मृत्यु का कारण बताया जा रहा है। लेकिन यह सामने आया है कि मर्सिडीज़-बेंज एसयूवी जिस रास्ते पर चल रही थी वहां पुल की 'डिजाइन गलत' थी। दुर्घटना की जांच करने वाली फारेंसिक टीम ने एक 'ढांचागत मुद्दा' तलाशा है कि पुल की दीवाल ठीक से नहीं बनी थी। इसके अलावा निश्चित रूप से वाहन की गति बहुत तेज थी। यदि वाहन मजबूत हो तो भी एक निश्चित गति से ऊपर जाने पर खतरनाक परिणाम हो सकते हैं, जैसा कि इस मामले में हुआ है। एक कार को बहुत मजबूत बनाया जा सकता है और उसमें सुरक्षा के अनेक आयाम जोड़े जा सकते हैं, पर हमेशा इसकी सीमायें होंगी और इसके बाहर जाने पर सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती है। इस प्रकार सुरक्षित ड्राइविंग व जिम्मेदार व्यवहार का कोई विकल्प नहीं है।

दुर्भाग्य से भारत में व खासकर उत्तरी भारत में सुरक्षित ड्राइविंग आम बात नहीं है। शायद सबसे खतरनाक ड्राइविंग सड़क के गलत साइड में चलना है। कुछ मिनट और थोड़ा ईंधन बचाने के लिए लोग अक्सर गलत साइड पर चलते हैं



जिसका नतीजा दुर्घटनाओं तथा लोगों के हताहत होने के रूप में सामने आता है। शराब के नशे में गाड़ी चलाना, रफ्तार बहुत तेज रखना व लहराते हुए गाड़ी चलाना भी दुर्घटनाओं को आमंत्रण देते हैं। इसके साथ ही राजमार्गों के निकट वाली बस्तियां अपनी सुविधा के लिए परिवर्तन कर देती हैं। इस प्रकार के व्यवहार पर ट्रेफिक पुलिस को कठोरता से नियंत्रण करना चाहिए, क्योंकि यह अधिकतम समस्याओं को जन्म देता है। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो-एनसीआरबी के अनुसार, 2017 के बाद से हर साल सड़क दुर्घटनाओं में 1.5 लाख से अधिक लोग मारे गए हैं जिनमें से एक तिहाई राजमार्गों पर हुई हैं। हालांकि, कोविड वैश्विक महामारी के कारण 2020 इसका अपवाद है। सबसे बड़ा कारण बहुत तेज गति है जिसके कारण आधे से अधिक लोग हताहत होते हैं। एनसीआरबी की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार 2021 में लापरवाही व खतरनाक ढंग से वाहन चलाने के कारण 42,000 लोगों की मौत हुई। पिछले कुछ वर्षों में शराब के नशे में गाड़ी चलाने संबंधी कानून कठोर बनाया गया है, अत: लोग ऐसा करने से बचने लगे हैं। लेकिन अभी बहुत तेज गति से व खतरनाक तरीके से वाहन चलाना रोकने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। कैमरे बहुत तेज गति पर नजर रखते हैं। इसे देखते हुए शायद ज्यादा कैमरों की जरूरत है। इसके साथ ही गति सीमायें तार्किक रखी जानी चाहिए। सड़कों के अच्छी व चौड़ी होने पर इनको बढ़ाया जा सकता है। अक्सर ट्रैफिक पुलिस का ध्यान नियमों के उल्लंघन पर रहता है, जैसे सीट बेल्ट पहने बिना ड्राइविंग व लाल बत्ती को न मानना। समय आ गया है कि वे सड़क पर अराजक व्यवहार पर भी नियंत्रण रखें। इस प्रकार केवल पिछली सीटों पर बैठने वालों के लिए सीट बेल्ट बांधने का नियम कठोरता से लागू करने से सड़कों पर होने वाली मौतें नहीं थमेंगी।

# पश्चिम एशिया में चीन समर्थित क्वाड

चीन व रूस, पाकिस्तान व ईरान के साथ मिल कर पश्चिम एशिया में संयुक्त राज्य अमेरिका का रणनीतिक स्पेस कम करना चाहते हैं।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



पेलोपोनेसियन युद्ध में थूसीडाइड्स ने कहा था, 'किसी दुश्मन को नुकसान पहुंचाने का सबसे निश्चित तरीका निश्चित रूप से यह तलाशना है कि वह किस प्रकार के हमले से सबसे ज्यादा डरता है और उसके खिलाफ वैसा ही हमला करना है।' अमेरिका की असुरक्षा की भावना ने उसे आसानी से अपनी प्रतियोगी शक्तियों के जाल में फंसा दिया है। रूस और चीन संयुक्त रूप से अमेरिका को अलग-थलग करने के लिए ऐसी परिस्थितियां पैदा कर रहे हैं जिनमें वाशिंगटन को या तो बहुत कठोर दृष्टिकोण अपनाना पड़े या वह उस क्षेत्र को पूरी तरह छोड़ दे। ईरान व अफगानिस्तान ऐसे दो मामले रहे हैं। 1813 में गुलिस्तान संधि व 1828 में तुर्कमेनची संधि के चलते दक्षिण काकेशस में ईरानी क्षेत्र खोने के कारण ईरान व रूस के बीच संबंध न्यूनतम रहे हैं। रूस और ईरान महान साम्राज्यों के वारिस हैं और उनके भीतर अपना उचित स्थान पुन: प्राप्त करने की भावना विरासत में मिली है। अतीत की अपनी गरिमा पुन: प्राप्त करने की इसी भावना के कारण दोनों ने गठबंधन बनाने की प्रक्रिया तेज की है। अपनी भू-राजनीतिक रणनीति के चलते रूस और चीन ने हमेशा अमेरिका के निकट जाने की इच्छा प्रकट की, लेकिन इसके साथ ही वे लगातार अमेरिकन प्रभाव कम करने की संयुक्त रणनीति पर काम करते रहे। उदाहरण के लिए, रूस ने 1995 में एक गोपनीय समझौता किया जिसे चेर्नोमिर्दिन समझौता कहा गया। इसके अंतर्गत मास्को ने ईरान को 1999 तक परंपरागत हथियार सप्लाई बंद करने का निर्णय किया। दूसरा, जून 2006 से जून 2010 तक रूस और चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी में ईरान पर प्रतिबंध के खिलाफ अपने वीटो का प्रयोग नहीं किया। इसी कालखंड में अमेरिका अफगानिस्तान में अपने आतंक-विरोधी युद्ध में लगा रहा।

रणनीतिक रूप से उपरोक्त कालखंड में रूस और चीन ने ईरान के साथ रणनीतिक पहुंच मजबूत करने का काम किया। ईरान और रूस के बीच हथियारों का व्यापार 1998 से 2001 के बीच 300 मिलियन डालर से बढ़ कर 2002 से 2005 के बीच 1.7 बिलियन डालर पहुंच गया। इसके साथ ही ईरान द्वारा आयातित हथियारों में रूस का हिस्सा 70 प्रतिशत से अधिक हो गया। 2016 में एस-300 की सप्लाई पूरी हो गई तथा चीन ईरान का दूसरा सबसे बड़ा हथियार सप्लायर बन गया। 2010 के बाद से रूस और चीन ने अपने वीटो का प्रयोग ईरान के पक्ष में किया। रूस ने हमेशा ऐसी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था पर जोर दिया जिसका नेतृत्व कोई एक महाशक्ति न कर सके। उसने बहुआयामी विदेश नीति अपनाई, वहीं दूसरी ओर ईरान ने 'पूर्व की ओर देखो' नीति पर जोर दिया जिसमें मुख्यत: रूस, चीन व भारत को केन्द्र में रखा गया था।

इसके साथ ही अनेक कारकों व उनके संबंधित हितों के उभार ने दबाव वाली राजनय के प्रयोग की सीमायें निर्धारित कर दीं। इस प्रकार भावी सहयोग की संभावनायें बनीं। एक संयुक्त अमेरिका-विरोधी दृष्टिकोण के चार आयाम थे जिसने दोनों रणनीतियों को निकट ला दिया। पहला, नाटो के विस्तार का विरोध था। दूसरा, रूस व ईरान के रणनीतिक पिछवाड़े, यानी यूक्रेन, जार्जिया व किर्गिस्तान में 'वेल्वेट रिवोल्यूशन्स' को समर्थन देना। तीसरा, दक्षिण व पश्चिम एशिया में सुन्नी चरमपंथ के कारणों पर उनकी साझा समझदारी तथा चौथा, सीरिया में असद सरकार का उनका संयुक्त समर्थन। नए शीतयुद्ध के धीरे-धीरे प्रगति करने के साथ पुतिन अमेरिका के साथ हुए अनेक समझौतों से पीछे हट गए। इनमें नन-लूगर कोआपरेटिव थ्रेट रिडक्शन प्रोग्राम, ओपेन स्काई ट्रीटी, आदि शामिल हैं। 2017 में पुतिन की ईरान यात्रा के समय अयातुल्ला अली खामनेई ने कहा था कि रूस-ईरान सहयोग संभवत: अमेरिका को अलग-थलग कर सकता है। वर्तमान कट्टरपंथी इब्राहीम रईसी का दृढ़ विश्वास है कि तेहरान अपने 'अस्तित्व पर संकट' अनुभव कर रहा है। उसे समान रूप से उत्पीड़ित रूस और चीन के पक्ष में खड़े होकर 'प्रतिरोध की धुरी' बनानी चाहिए। वर्तमान समय में सबकी नजर नाभिकीय समझौते पर है। बाइडेन नाभिकीय समझौता बहाल करने के बदले में महत्वपूर्ण रियायतें देने के पक्ष में नहीं हैं। यदि समझौता पुनर्जीवित नहीं होता है तो इससे पश्चिम एशिया क्षेत्र तथा उसके आगे भी और ज्यादा अस्थिरता पैदा होगी।

इससे पश्चिमी देश पश्चिम एशिया में अप्रसार का युद्ध हार सकते हैं। यदि ईरान नाभिकीय शक्ति संपन्न हो गया तो रूस और ईरान का इस क्षेत्र में प्रभाव बहुत बढ़ जाएगा। शायद इसके बाद कुछ ही महीने में इस्राइल व ईरान के बीच सैनिक टकराव संभव है जिससे पश्चिम एशिया में सशस्त्र टकराव का खतरा बढ़ेगा जिसके नतीजे अब्राहमी समझौते पर पड़ सकते हैं। बाइडेन प्रशासन की सफलता यह सुनिश्चित करना होगा कि यह समझौता कारगर बना रहे और ईरान से संबंध बने रहें। इस दृष्टिकोण से समझौते को पुनर्जीवित करना जरूरी है।

दूसरी ओर इस्राइल के दृष्टिकोण से समझौता पुनर्जीवित होना उसके हित में नहीं होगा और इस्राइल इसे भू-राजनीतिक 'समझौते' के रूप में देख सकता है जिसका नतीजा ईरान की नाभिकीय ब्लैमेलिंग के रूप में सामने आ सकता है। इससे ईरान की लेनदेन की शक्ति तथा भू राजनीतिक महत्व बढ़ेगा। इस्राइल इसे अमेरिकन फोकस में बदलाव की तरह देख सकता है ताकि वह ताइवान, भारत व जापान में चीनी खतरे का सामना कर रहे अपने अन्य सहयोगियों की नजर में विश्वसनीयता बढ़ा सके। इससे अमेरिकन व इस्राइली संबंधों पर दबाव पड़ सकता है। फिलहाल अमेरिका के पास विकल्प सीमित हैं। वह पश्चिम तथा पूर्वी एशिया में एकसाथ टकराव का जोखिम नहीं उठा सकता है। समझौते के प्रति वाशिंगटन की अनिश्चितता की तुलना अमेरिका की उस दुविधा से की जा सकती है जब उसे अफगानिस्तान से बाहर निकलने का फैसला करना था। आज रूस और चीन ने अमेरिका के लिए वैसी ही भूलभुलैया तैयार कर दी है जैसी अफगानिस्तान में बनी थी। पाकिस्तान की सहायता से रूस और चीन ने अफगानिस्तान पर एक त्रिपक्षीय समझौता किया जो छ: पक्षों की वार्ता में बदल गया और इस प्रकार अमेरिका को राजनयिक रूप से फंसा दिया गया। इसके साथ ही रूस द्वारा तालिबान को फिर हथियार देने की खबरें आ रही हैं जिसके बारे में अमेरिका ज्यादा कुछ नहीं कर सकता है। दूसरी ओर पाकिस्तान ने तालिबान की सहायता कर सैनिक व वित्तीय लाभ प्राप्त कर लिए हैं। परिणामस्वरूप अमेरिका ने आतंकी समूहों जैसे लश्करे तैयबा-एलईटी व जैशे मुहम्मद-जेईएम के प्रति नरम दृष्टिकोण अपनाया है। अपनी ओर से चीन ने ओबीओआर की पहल के साथ दक्षिण व मध्य एशिया में अपनी भौतिक पहल बढ़ाई है। इससे अमेरिका असुरक्षित अनुभव कर रहा था तथा वह वाशिंगटन को अफगानिस्तान में अपनी सैनिक उपस्थिति बनाए रखने के लिए उकसा रहा था। काबुल में अमेरिका की उपस्थिति चीनी क्षेत्रीय निवेश को अत्यन्त आवश्यक सुरक्षा कुशन प्रदान करती थी। बीजिंग ने 2016 में अफगानिस्तान के साथ अपने संबंध सामान्य किए थे तथा काबुल को 73 मिलियन डालर कर्ज भी दिया था। उसने क्षेत्रीय स्तर पर पाकिस्तान, अफगानिस्तान व ताजिकिस्तान के साथ क्षेत्रीय आतंक-विरोधी गठबंधन का प्रस्ताव भी किया था। यह एक प्रकार से मध्य एशिया में भावी सैनिक संलिप्तता का संकेत था। इस प्रकार अमेरिका को रणनीतिक रूप से इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बनाए रखने के लिए ललचाया गया था।

लंबे समय से अमेरिका 'करें या न करें' के द्वंद्व में उलझा रहा जिसके नतीजे सामने आए। 2915-16 में अमेरिकन सुरक्षा विशेषज्ञ एडमिरल बाब इनमान ने चीन-रूस की योजना समझ कर अमेरिकनों से एससीओ के साथ सहयोगी सुरक्षा समझौता कर अफगानिस्तान से बाहर आने का अनुरोध किया था, लेकिन 'रणनीतिक अहंकार' के कारण यह संस्तुति नहीं मानी गई। स्थिति तेजी से बिगड़ने पर वाशिंगटन ने जल्दी से तालिबान के साथ वार्ता शुरू की और उसने 2021 तक बाहर आने का फैसला कर लिया। उसने सैनिक उपकरणों का अपना 'खजाना' पीछे छोड़ दिया जिसकी अब तक चीन रिवर्स इंजीनियरिंग कर चुका होगा। अमेरिका के बाहर आने के बाद चीनी सहायता व निवेश में भारी कमी आई है और वह असुरक्षित माहौल में निवेश नहीं करना चाहता है। चीन व्यापार के बदले अफगानिस्तान से प्राकृतिक संसाधन निकाल रहा है। ईरान के मामले में भी ऐसा ही होगा। अमेरिका 'रचनात्मक' न होने के कारण संधि को पुनर्जीवित करने से दूर हटना चाहता है। इस कारण रूस, चीन, पाकिस्तान व ईरान के बीच नया क्वाड बनना लगभग तय हो गया है। इससे दक्षिण व पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ेगी।

# शिक्षकों के समक्ष आधुनिक तकनीक की चुनौतियां

**हरीश बर्थवाल**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



ऐसे युग में जब बच्चों का लोकाचार अकादमिक गतिविधियों और समग्र विकास और भलाई की तुलना में सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ अधिक मेल खाता है, शिक्षकों के लिए अपना काम ईमानदारी से करना मुश्किल है। एक कठिन काम करने वाले गुरु के दिन गए, जिन्हें माता-पिता ने भी गलती करने वाले छात्रों को ट्रैक पर रखने के लिए सराहना की। एक कक्षा में एक साधारण मौखिक फटकार, शारीरिक दंड की तो बात ही छोड़ दें, इससे भड़के हुए माता-पिता अगले दिन बच्चे के उत्पीड़न के लिए स्कूल प्राधिकारियों से पूछताछ कर सकते हैं, जिसमें दिशा-निर्देशों का हवाला दिया गया है।

कोई आश्चर्य नहीं कि राजधानी शहरों में हर चार या पांच स्कूलों में एक शिक्षक को अपने कथित %कदाचार% का बचाव करने के लिए पुलिस मामले का सामना करना पड़ता है। यह ऐसा है जैसे पूरा समाज, मीडिया, राजनेता और बाल अधिकार कार्यकर्ता सामूहिक रूप से छात्र की सनक को मानने देना चाहते हैं, जो यह मानता है कि वह जिस तरह से भी अनुसरण करता है, उसका समर्थन किया जाना चाहिए (मैं चाहे ये करुण, पुरुष चाहे वो करू, मेरी मर्जी)। छात्र को नायक का दर्जा दिया जाता है और सभी मशीनरी को उसकी जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साथ काम करना चाहिए। और क्यों नहीं!

एक बच्चे को अक्सर एक ऐसी प्रणाली में पाला जाता है जहां वह अपना नाश्ता खत्म करके, घर का काम पूरा करके और मॉल से लौटने पर अपने नाना से मिलने के लिए माता-पिता को बाध्य करता है। वर्षों से, शिक्षा बोर्ड भी लिखित पत्रों में औसत दर्जे के प्रदर्शन पर उदारतापूर्वक उच्च अंक देकर छात्रों को लाड़-प्यार करते रहे हैं। सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने ओरिएंटेशन सत्र में उत्तर पुस्तिका मूल्यांकनकर्ताओं को ब्रीफिंग करते हुए कहा, यदि किसी छात्र के पास पास होने के लिए तीन या चार अंकों से कम है, तो उत्तर को अपनी कलम से लिखें, ताकि छात्र पास हो सके। लगभग सही उत्तर के लिए अंक काटा जाना चाहिए। अंत में, छात्र और अभिभावक बड़े पैमाने पर उत्कृष्ट परिणामों का जश्न मनाते हैं। परेशानी तब शुरू होती



है जब वास्तविक दुनिया में प्रवेश होता है जैसे प्रवेश 98 प्रतिशत कट ऑफ पर बंद हो जाता है या जब एक नीच नौकरी में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है। इंजीनियरिंग, प्रबंधन और अन्य संस्थानों में स्थितियां शायद ही बेहतर हों- बिना पेशेवर प्रतिबद्धता के उदासीन छात्र। माता-पिता के लिए, वे चाहते हैं कि उनके प्रिय किसी भी तरह एक अच्छे पैकेज पर बहुराष्ट्रीय कंपनी की नौकरी हासिल करें। यही संदेश वर्षों से बच्चों के मन में बसा हुआ था। सांसारिक खोज में हम अक्सर इस बात को नज़रअंदाज कर देते हैं कि किसी भी नवाचार के पीछे - वैज्ञानिक, तकनीकी, आध्यात्मिक और बौद्धिक या अन्य - दिए गए कार्य को पूरा करने में लगातार, श्रमसाध्य प्रयासों, अनुशासन और अडिग रवैये की कहानी है। यह केवल एक कठिन यात्रा है जो एक खूबसूरत मंजिल की ओर ले जाती है। शिक्षक, मूल रूप से एक दाता, शिष्य को वह देता है जो कोई नहीं कर सकता। बहुतायत से अभाव की ओर प्रवाह के नीचे की ओर बहाव की तरह, एक शिक्षक ज्ञान, ज्ञान, ज्ञान और सबसे महत्वपूर्ण आशीर्वाद प्रदान करता है, यही कारण है कि सभी समुदायों और क्षेत्रों में उसे उच्च सम्मान में रखा जाता है। शिक्षार्थी को तैयार करने में, अरस्तू ने अच्छे शिक्षकों को माता-पिता से ऊपर रखा जिन्होंने अभी-अभी जन्म दिया है। हालांकि, केवल एक प्रेरित शिक्षक, सीखने की भावना के साथ, सर्वश्रेष्ठ प्रदान कर सकता है।

दुर्भाग्य से, शिक्षकों की भर्ती में योग्यता के बजाय शैक्षिक रिकॉर्ड मानदंड रहा है। नतीजतन, सिविल सेवाओं, इंजीनियरिंग नौकरियों, आदि में होने के इच्छुक लोग शिक्षण में शामिल हो जाते हैं; उनमें से कुछ इसे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक मंच के रूप में उपयोग करते हैं और स्विच ओवर करते हैं। तहसीलदार या पुलिस सब-इंस्पेक्टर बनने के अवसर को देखते हुए, हमारे कितने प्रोफेसर काफी कम वेतन पर भी नहीं कहेंगे। हम न तो उत्साह और न ही पेशे के प्रति निष्ठा वाले व्यक्तियों के शिक्षण की गुणवत्ता को समझ सकते हैं। इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति इस बात पर अफसोस जताते हैं कि हमारे प्रमुख संस्थानों के इंजीनियर पहले प्रबंधन पाठ्यक्रम चुनते हैं और फिर साबुन और तेल बेचने में व्यस्त हो जाते हैं।

हम केवल तब तक बढ़ते हैं जब तक हम सीखते रहते हैं, गैर-जीवित संस्थाओं के विपरीत, जिसमें कोई आंतरिक परिवर्तन या सुधार नहीं होता है। शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं है, अमेरिकी शिक्षाविद् जॉन डेवी ने कहा, यह स्वयं जीवन है। भविष्य पर नजर रखने वाला व्यक्ति सीखने के प्रति सजग रूप से अभ्यस्त होता है; वह किसी भी अवसादग्रस्तता या उदासी भरे विचारों से दूर रहने के लिए उत्साह और आशावाद से ओतप्रोत है, जो अधिकांश लोगों को प्रभावित करता है। शिक्षण में, अच्छी डिलीवरी के लिए सीखने की भावना को प्रज्वलित रखना होगा, क्योंकि ज्ञान का विस्तार हो रहा है और नवीनतम विकास की समझ बदले में छात्रों को प्रबुद्ध रख सकती है। इसी आधार पर शिक्षण संस्थानों द्वारा लगातार सेवाकालीन पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

विषय के अच्छे ज्ञान के अलावा, वर्तमान शिक्षक में न केवल पढ़ाने की भावना है, बल्कि बिजली के उपकरणों में भी अच्छी तरह से आधारित होना चाहिए ताकि मूर्ख न बनें। फिर भी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता छात्रों का विश्वास हासिल करने की शिक्षक की क्षमता है। केवल जब दोनों के बीच एक उचित तालमेल स्थापित हो जाता है, तो वह संदेश दिल से उतर जाता है।

## आप की बात

### भारत की कपास पर पाक की आस

**कुछ** दिन पूर्व पकिस्तान में आई बाढ़ और भूस्खलन से जान-माल काफी नुकसान हुआ साथ ही फसलें भी बर्बाद हो गईं। काफी तादाद में कपास की फसल के नष्ट होने से वहां टेक्सटाइल उद्योगों के उत्पादन पर गहरा संकट आ गया है। चूंकि भारत-पाक के व्यापारिक सम्बन्ध ठीक नहीं हैं फिर भी वहां की सरकार पर भारत से व्यापार शुरू करने की मांग जोरों पर उठ रही है. कपास के लिए पाक का टेक्सटाइल उद्योग भारत से आस लगा रहा है। क्योंकि यह सौदा अन्य देशों की बनिस्बत उसे मितव्ययी लग रहा है. किन्तु देखना यह है कि आखिर वहां की सरकार उसकी रियाया की बात कितनी मानती है? वहां के वित्तमंत्री ने कहा है कि पहले सभी विकल्प तलाश ले बाद में आखरी विकल्प (भारत) पर विचार करेंगे। नई शरीफ सरकार बाढ़ से उपजे आर्थिक संकट से निपटने के लिए भारत सरकार से चर्चारत भी है। हो सकता है कुछ वस्तुओं के मामले में दोनों के बीच कूटनीतिक संबंधों के चलते व्यापारिक बात बन सके। वैसे भी अगर आतंकी गतिविधियों और कश्मीरी अलाप पाकिस्तान बंद कर दे तो दोनों देशों के बीच पुरानी चली आ रही तकरार दीवार ध्वस्त हो सकती है और अमन की नई राह खुल सकती है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### बदल गई कश्मीर की फ़िज़ा

**कश्मीर** एवं कश्मीर का लाल चौक पहले हमेशा पत्थरबाजों का गढ़ रहता था। अब यह चैंपियन खिलाड़ियों का गढ़ बन गया है। डाउनटाउन क्षेत्र जो आज नामी गिरामी खिलाड़ियों के केंद्र के रूप में मशहूर हो रहा है एवं अब तो यहां पर चार करोड़ की लागत से बने इंडोर खेल स्टेडियम का लोकार्पण भी हो गया है। अत: यहां पर कई तरह की खेल सुविधाएं अब यहां के उभरते खिलाड़ियों को मिलेगी फिर इसके उद्घाटन के समय जिस तरह से यहां हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों की गूंज सुनाई दी है उससे आज पूरा भारत गर्व से भर गया है। अक्सर इस क्षेत्र के पत्थरबाज मशहूर थे जो भारत विरोधी गतिविधियां करते रहते थे परंतु अब पिछले दो-तीन साल में पिछले 70 साल के माहौल को जिस तरह से हमारी सेना एवं केंद्र सरकार ने बदला है उसकी तारीफ करना होगी। आज केंद्र क्षेत्र में विकास कर रहा है तब उससे यहां की जनता के व्यवहार में भारी परिवर्तन हुआ है पहले के समय में जब यहां पाक परस्त महबूबा एवं अब्दुल्ला की सरकार रहा करती थी तब वे सिर्फ अपना एवं अपने परिवार का ही विकास करती थी परंतु अब विकास यहां की जनता का और यहां के क्षेत्र का हो रहा है इसीलिए सब खुशियां मना रहे हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर


### भारत-बांग्लादेश संबंध

**भारत** के लिए बांग्लादेश से रिश्ते चीन के प्रवेश के बाद और भी महत्वपूर्ण हो गए हैं। जहां एक और भारत को घेरने के लिए चीन श्रीलंका की तरह बंगलादेश में भी भारी निवेश कर रहा है , वहीं भारत भी अपने पड़ोसियों से इस संबंध बेहतर कर रहा है। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण बंगलादेश को भारत से आयात सस्ता व कम समय लेने वाला होता है ।गेहूं ,बिजली व औद्योगिक कच्चे माल के लिए वह भारत पर निर्भर है ।वहीं इस यात्रा के दौरान दोनो देशों ने अपने प्रथम रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर भी किये ।नदी जल बँटवारा एक ऐसा विषय है जिसपर दोनों देशों को अभी और काम करना है ।50 से अधिक नदियाँ भारत व बंगलादेश के बीच बहती है जिनके बँटवारे को लेकर बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल बनाया जाता रहा है ।हिंद महासागर के क्षेत्र को भारत ही सहयोग व मदद द्वारा उन्नति के पथ पर ले जा सकता है ,अन्यथा चीन अपने कर्ज़ के जाल में फंसाकर इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं को हड़पने के लिए तत्पर बैठा है।

– **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



उद्धव ठाकरे ने हमारी पार्टी की पीठ में छुरा भोंका, उनको सबक सिखा दो। गद्दारों को सहन करने की आदत न बनाओ।

– **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री



**हमारा** मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था का विकास है। मित्रता से आप किसी समस्या का हल कर सकते हैं। हम हमेशा ऐसा करते हैं।

– **शेख हसीना**
बांग्लादेश की प्रधानमंत्री



**भारत** जोड़ो यात्रा हमारे मूल्यों व विचारों के आसपास कांग्रेसजनों को भी जोड़ सकती है।

– **शशि थरूर**
कांग्रेस नेता

# संकल्पों को सिद्धि में बदल रहा नया भारत

● युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 53वीं व राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 8वीं पुण्यतिथि पर साप्ताहिक समारोह

## पराजय को कभी स्वीकार नहीं किया भारत ने:योगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस ब्रिटेन ने भारत पर 200 वर्षों तक शासन कियाए वह देश अपनी आजादी के 75 सालों में उसी ब्रिटेन को पछाड़कर आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह इस बात का जीवंत उदाहरण है कि आज का नया भारत अपने संकल्पों को सिद्धि में बदल रहा है। यह भारत के वर्तमान यशस्वी नेतृत्व की सफलता का भी उदाहरण है। सीएम योगी गुरुवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 53वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 8वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में आयोजित साप्ताहिक समारोह के अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव संकल्पना से सिद्धि तक विषयक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में पहली बार लगा कि स्वाधीनता दिवस का पर्व सिर्फ सरकारी आयोजन नहीं है बल्कि इसमें जन-जन की भागीदारी है। सभी भारतवासियों ने हर घर तिरंगा फहराया। इसमें सम्पूर्ण देश की सहभागिता रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश को आजादी अचानक नहीं मिली। इसके लिए अहर्निश प्रयास करना पड़ा, अनगिनत बलिदान देने पड़े। भारत उन चंद देशों में से एक है जिसने कभी पराजय को स्वीकार नहीं किया बल्कि निरंतर लड़ता रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वाधीनता दिवस पर बताए गए पंच प्रणों से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि यदि हम लक्षित संकल्पों से जुड़कर अपने अपने क्षेत्र के दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें तो दुनिया की कोई भी ताकत भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। पंचायतों और निकायों को हरेक कार्य के लिए सरकार पर निर्भर

### इतिहास को विस्मृत कर उज्वल भविष्य की कल्पना नहीं

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हम इतिहास को विस्मृत कर उज्जवल भविष्य की कल्पना नहीं कर सकते। विकास केवल बोल देने से नहीं होगा बल्कि इसमें सबकी भूमिका होनी चाहिए। इतिहास, ज्ञान, विज्ञान के समन्वय से ही विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि जिन महापुरुषों ने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया और गुमनाम रह गए उन्हें ढूंढना और उनके जरिए वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को प्रेरणा देने का दायित्व शिक्षण संस्थाओं को उठाना होगा। इसी क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संकल्पों से जुड़कर शिक्षण संस्थान खुद को आदर्श केंद्र बना सकते हैं। शिक्षण संस्थाएं पाठ्यक्रमों के साथ सरकार की योजनाओं की गहरी जानकारी रखें ताकि अध्ययन के बाद छात्र को कहीं भटकना न पड़े।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरक्षनाथ मंदिर परिसर की गौशाला में गायों को गुड़ खिलाते हुए

# दस नई जेलों के निर्माण से जल्द दूर होगी ओवर क्राउडिंग की समस्या

● कारागार मंत्री ने पुस्तक 'बदलती जिंदगी, जिला कारागार फतेहपुर' का किया विमोचन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के कारागार एवं होमगाड्र्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने कहा है कि प्रदेश की कुछ जेलों में कैदियों की ओवरक्राउडिंग की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नई जेलों का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश की जेलों को और सुरक्षित बनाने के साथ ही खान-पान की व्यवस्था बेहतर बनाया जाएगा। प्रजापति ने कहा कि प्रदेश में 10 ऐसे जनपद है जहां पर कारागारों का निर्माण होना है। जल्द ही 10 जनपदों को जेल की उपलब्धता हो जाएगी। उन्होंने बताया कि जेल निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा चुका है। नए जेलों के निर्माण से जेलों की ओवर क्राउडिंग की समस्या पूरी तरह से दूर हो सकेगी। कारागार मंत्री ने बृहस्पतिवार को अपने कार्यालय में जिला जेल फरूर्खाबाद को मिले 5 स्टार प्रमाण पत्र को स्वीकार किया। यह प्रमाण पत्र जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुन्द ने मंत्र को भेंट किया। इस मौके पर उन्होंने जेल अधीक्षक फतेहपुर द्वारा लिखित पुस्तक 'बदलती जिंदगी, जिला कारागार फतेहपुर' का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक से दूसरे जेल अधीक्षकों को प्रेरणा मिलेगी। धर्मवीर प्रजापति न बताया कि जेलों की व्यवस्था में लगातार बदलाव हो रहा है।

### आधार के उपयोग को सरल बनाने के लिए राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन

# आधार की मदद से योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में यूपी सरकार को 8400 करोड़ रुपए की हुई बचत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा आधार के उपयोग को सरल बनाने के लिए किए गए हालिया पहल विषय पर एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण डीबीटी के माध्यम से वास्तविक लाभार्थी तक किस प्रकार आधार प्रमाणीकरण का प्रयोग करके आसानी से लोगों तक पहुचाया जा सके और साथ ही अन्य सभी योजनाओं को भी आधार का प्रयोग करके लोगों तक कैसे पहुचाया जा सके और उनके जीवन को बेहतर बनाया जा सके था। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा की आधार की परिकल्पना सुरक्षा तंत्र को मजबूत बनाने के लिए की गई थी लेकिन समय के साथ यह लोगों की पहचान बन गया बाद में आधार कल्याणकारी योजनाओ को लोगो तक बेहतर तरीके से पहुचाने का एक माध्यम बन गया है। आधार की मदद से योजनाओ का लाभ उन्ही लाभार्थी तक पहुँचाया जा रहा है जिनके लिए वह योजना है। इसके कारण भ्रष्टाचार को समाप्त करने में बहुत मदद मिली है। उन्होंने बताया की आधार की मदद से योजनाओ को लोगो तक पहुंचाने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार को लगभग 8400 करोड़ राशि की बचत हुई है जैसा कि हम जानते है कि प्रदेश में लगभग शत प्रतिशत वयस्कों का आधार बन चुका है परन्तु 5 वर्ष से कम आयुवर्ग के शिशुओं तथा 5-18 वर्ष की आयुवर्ग के बच्चों में अभी भी काफी कार्य शेष है। स्कूल शिक्षा विभाग को अपने कार्य में तेजी लानी होगी जिससे 5 से 18 वर्ष के समस्त बच्चों का आधार बन जाये तथा सभी बच्चों को छात्रवृत्ति तथा अन्य प्रत्यक्ष लाभ अंतरण ; क्ठज्द्ध योजना का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि लगभग 1.92 करोड़ स्कूली बच्चो तक आधार की मदद से योजनाओ का लाभ पहुंचाया जा रहा है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरभ गर्ग ने कहा की आधार प्रमाणीकरण के कारण लोगो के जीवन को बेहतर बनाया जा रहा है और यह सुशासन का एक बेहतर माधयम साबित हो रहा है। आधार की मदद से योजनाओ को लोगो तक पहुंचाने के कारण भारत सरकार को लगभग 2.5 लाख करोड़ राशि की बचत हुई है। नियोजन विभाग के सचिव अलोक कुमार ने कहा की जब आधार की शुरुआत की गई तब हमने सोचा भी नहीं था की इसके माध्यम से हम लाभार्थिओं तक योजनाओं का लाभ पंहुचा सकते है परन्तु अब आधार लोगो तक योजनाओं को पहुंचाने का सबसे सरल और बेहतर माध्यम बन गया है।

### पहले बिक जाती थीं चीनी मिलें अब हो रहा किसानों का बहुमुखी विकास

# किसानों का शोषण करने वाले आज घड़ियाली आंसू बहा रहेः शाही

● मायावती के किसानों को लेकर किए गए ट्वीट पर कृषि मंत्री ने किया पलटवार



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने किसानों की खड़ी फसल से लेकर उसके भंडारण तक के नुकसान को कम करने के लिए फसल सुरक्षा भंडारण के तहत 192 करोड़ से ज्यादा की धनराशि दी है। यह राशि मायावती सरकार के वर्ष 2007 से लेकर 2012 तक के कार्यकाल में फसल सुरक्षा भंडारण के लिए जारी 123 करोड़ की धनराशि से 56 फीसदी अधिक है। अपने शासन काल में 24 चीनी मिलें बंद करके औने.पौने दाम पर गन्ने को बेचकर गन्ना किसानों की कमर तोड़ने वाले आज घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। ये तीखा वार कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती के किसानों को लेकर किए गए ट्वीट पर किया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि फसल सुरक्षा भंडारण में योगी सरकार हर साल 38 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च कर रही है जबकि मायावती सरकार में करीब 24 करोड़ ही दिए गए। उन्होंने मायावती पर तंज कसते हुए कहा कि किसानों का शोषण करने वाले और उन्हे आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले झूठी हमदर्दी दिखा रहे हैं। प्रदेश की जनता सब जानती है कि उनका हितैषी कौन है। भाजपा सरकार के सुशासन और किसान हितैषी नीतियों कार्यक्रमों से संतुष्ट किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार को अभूतपूर्व समर्थन व स्नेह देते हुए दोबारा सत्तासीन किया है। अपने शासनकाल में चीनी मिलों पर ताला जड़ने वाले आज गन्ने के बकाया मूल्य की बात कर रहे हैं। उन्हे योगी सरकार में किसानों को हुए गन्ने के भुगतान की रकम को गौर से देखना और समझना चाहिये। योगी सरकार ने वर्ष 2017 से अब तक 1 लाख 78 हजार करोड़ से अधिक गन्ने का भुगतान किया है जो मायावती प्रशासन काल से तीन गुने से अधिक है। कृषि मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार एमएसपी पर किसानों से गेहूं, धान के साथ मक्का भी खरीद रही है जबकि मायावती सरकार में किसानों से एमएसपी पर सिर्फ गेहूं और धान ही खरीदा जाता था। शाही ने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार से किसानों को मिल रही संतुष्टि के कारण विपक्षी दलों में बेचैनी और हताशा है। इसकी वजह से ट्विटर पर ये लोग अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। योगी सरकार में गेहूं व धान समेत कई जिंसो की सरकारी खरीद की व्यवस्था होने से किसानों को उपज का बेहतर मूल्य मिल रहा है। योगी सरकार सूखे को देखते हुए कुसुम योजना के तहत 30 हजार सोलर पंप लगा रही है जिस पर इस वर्ष 386.54 करोड़ रुपये व्यय करेगी। वहीं 21 सौ राजकीय नलकूप दो वर्ष के भीतर लगाए जाएंगे जो यह दर्शाता है कि योगी सरकार किसानों के प्रति कितनी संवेदनशील है।

## उप्र किसान कांग्रेस 10 से शुरू करेगी भारत जोड़ो-किसान संकल्प यात्रा




**लखनऊ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक प्रारंभ हुई भारत जोड़ो यात्रा के तारतम्य में उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस (मध्य जोन) प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, फैजाबाद, देवीपाटन, बरेली, मंडलों के अन्तर्गत जनपदों, तहसीलों, ब्लाकों में ग्राम पंचायतों के स्तर तक किसान संकल्प यात्रा का आयोजन करने जा रही है। जिसकी शुरूआात आगामी 10 सितंबर से होगी। उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस मध्य जोन के चेयरमैन जगदीश सिंह ने बताया कि भारत जोड़ो- किसान संकल्प यात्रा के माध्यम से हम कांग्रेसजन भाजपा (योगी सरकार) द्वारा किसानों के लिए संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने की मांग करेंगे। किसान कांग्रेस मध्य जोन के चेयरमैन जगदीश सिंह ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के दौरान बताया कि भारत जोड़ो-किसान संकल्प यात्रा में पदाधिकारी स्थानीय किसानों को साथ लेकर प्रतिदिन 2.5 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे। एवं गांव के किसान परिवार के द्वार पर विश्राम करेंगे। साथ-साथ जिस गांव में यात्रा पहुंचेगी वहां के पांच प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करेगी। उन्होंने कहा कि भारत में 42 प्रतिशत परिवार किसान हैं जबकि उत्तर प्रदेश में 68 प्रतिशत यानि प्रदेश के 10.7 करोड़ परिवार कृषि पर ही निर्भर हैं। इन किसान परिवारों के हक एवं हकूक की लड़ाई के लिए उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस सतत प्रयत्नशील है। समय-समय पर हम किसान हितों के लिए अपनी आवाज उठाते रहते हैं। किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष सुशील तिवारी ने इस मौके पर कहा कि वर्ष 2014 से अब तक कार्पोरेट की सम्पत्तियां कई गुना बढ़ गई हैं लेकिन किसान की प्रतिदिन आय मात्र 27 रुपए ही है। मौजूदा समय में प्रत्येक किसान पर लगभग 74000 रुपए का कर्ज है। नफरत की खेती फ ल फू ल रही है। किसानों के जीवन स्तर के सुधार के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है।

# प्रदेश को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को तत्काल राहत पहुंचाए सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में किसानों का सर्वाधिक उत्पीड़न हो रहा है। सूखे के संकट से प्रदेश तबाह है। किसान बदहाल है। पर भाजपा सरकार इससे मुंह चुराकर झूठे वादों और आश्वासनों से ही अपनी संवेदनशून्यता का परिचय दे रही है।उन्होंने कहा कि प्रदेश के 62 से ज्यादा जनपदों में सूखे का संकट है। किसानों के खेत सूख रहे हैं। भाजपा सरकार ने सूखे की स्थिति से उबरने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए। वह प्रदेश में सूखे का सर्वे करने का ही बहाना बना रही है। पांच साल की एक लंबी अवधि पूरी करने के बाद छह महीने से अधिक और बीत गए लेकिन भाजपा सरकार आसन्न संकट के प्रति लापरवाह बनी रही। अब जब हालात बद् से बद्तर हो चले हैं सर्वे की बाते हो रहीं हैं। राज्य सरकार पूरे उत्तर प्रदेश को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों के लिए राहत तत्काल उपलब्ध कराए। सूखे की स्थिति में जिलों में जहां सरकारी नलकूपों में ताले पड़े हुए हैं वहीं किसानों को 100 रुपए प्रतिघंटा की दर से पानी खरीदने को विवश होना पड़ रहा है। किसानों से अभी भी बिजली बिल की वसूली हो रही है। सरकार के तमाम वादों के बावजूद किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। बिजली कटौती के घंटे बढ़ते ही जा रहे हैं। सरकार की किसान विरोधी नीतियों और संवैधानिक दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने के चलते ही किसानों को समय से न तो राहत मिलती है न हीं मुआवजा मिल पाता है। भाजपा सरकार हुए नुकसान का मुआवजा न देने के लिए कोई न कोई बहाना बनाती रहती है। भाजपा की सरकार को किसानों के कल्याण की कभी परवाह नहीं रही।

## मदद की घोषणा को मायावती ने बताया ऊंट के मुंह में जीरा

**लखनऊ।** प्रदेश में इस वर्ष बेहद कम वर्षा के कारण सूखे जैसी स्थिति को देखते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने उत्तर प्रदेश तथा केन्द्र सरकार से किसानों की तत्काल मदद की मांग की है। मायावती ने बीते दिनों उत्तर प्रदेश सरकार की तरफसे किसानों को मदद की घोषणा को ऊंट के मुंह में जीरा जैसा बताया है। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि अपनी उपज का लाभकारी मूल्य व गन्ना बकाया आदि नहीं मिल पाने से यूपी का किसान समाज पहले से ही काफी दुखी व परेशान है तथा कमजोर मानसून ने अब उनकी चिन्ताएं और भी बढ़ा दी है। किसानों को ऐसी विकट स्थिति से निकालने हेतु सरकार हर स्तर पर उनकी मदद तत्काल शुरू करे। मायावती ने लिखा कि साथ ही यूपी जैसे विशाल किसान समाज वाले प्रदेश में फसल सुरक्षा व भण्डारण आदि के लिए अगले पांच वर्षों में 192 करोड़ अर्थात प्रतिवर्ष मात्र करीब 38 करोड़ खर्च करने की ताजा घोषणा क्या ऊंट के मुंह में जीरा के बराबर नहीं लगती है।

# वन मंत्री ने कुकरैल नाइट सफारी का मास्टर प्लान व ले-आउट तैयार करने के दिए निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के पर्यावरण, वन मंत्री अरूण कुमार सक्सेना ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वृक्षारोपण अभियान के तहत रोपित पौधों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वर्तमान में अपेक्षा से कम वर्षा हो रही है इसलिए पौधों के सिंचाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही जो पौधे सूख गए हैं उनके स्थान पर नए पौधों का रोपण प्राथमिकता से कराया जाए।

समय-समय पर विभागीय अधिकारी अन्य विभागों द्वारा रोपित पौधों का स्थलीय निरीक्षण करें और उसकी रिपोर्ट उनकों भी उपलब्ध कराते रहें। सक्सेना ने यह निर्देश वन विभाग के पारिजात कक्ष में विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि कुकरैल वन क्षेत्र में कुकरैल नाइट सफ ारी की स्थापना मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इस परियोजना को पूरा करने के लिए तेजी से काम किया जाए। नाइट सफ ारी की स्थापना के संबंध में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सलाहकार एवं सेट्रल जू अथॉरिटी नई दिल्ली की नियमावली एवं गाइडलाइन के अनुसार मास्टर प्लान व मास्टर ले आउट तैयार कराया जाए। नाइट सफ ारी की संभावित विंग के लिए संबंधित क्षेत्र में अनुभव रखने वाले विशेषज्ञों को नियुक्त किया जाए। विभागीय जांच में अधिकारी तेजी लाएं और गंभीर प्रकरणों पर तुरन्त एक्शन लें तथा रिपोर्ट हमकों भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि आरा मशीनों की अधिकारी गंभीरता से जांच करें। जहां भी अवैध आरा मशीन मिले उस पर अनुशासनिक कार्रवाई कर सीज कर दें।

# लंपी वायरस की लंबी घेराबंदी का मास्टरप्लान तैयार

### तीन सौ किमी लंबी इम्यून बेल्ट बनाएगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजस्थान** और मध्य प्रदेश के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तेजी से पांव पसार रहे लंपी वायरस की लंबी घेराबंदी की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। योगी सरकार ने पीलीभीत से इटावा तक लगभग तीन सौ किलोमीटर लंबी इम्यून बेल्ट के जरिए लंपी वायरस को घेरने का मास्टर प्लान तैयार कर लिया है।

पांच जिलों के 23 ब्लॉक से होकर गुजरने वाली इम्यून बेल्ट 10 किलोमीटर चौड़ी होगी। पशुपालन विभाग की ओर से इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पशुपालन विभाग की ओर से इम्यून बेल्ट के अंतर्गत निगरानी के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। टास्क फोर्स लंपी वायरस से संक्रमित पशुओं की ट्रैकिंग और ट्रीटमेंट का जिम्मा संभालेगी। संक्रमित पशुओं की कड़ी निगरानी रखने के साथ ही इन्हें इम्यून बेल्ट के भीतर ही रोकने की व्यवस्था होगी। पशुओं के संक्रमण को रोकने के लिए ऐसा प्रयास इससे पहले 2020 में मलेशिया में किया जा चुका है जिसके परिणाम काफी सकारात्मक आये थे। यूपी के 23 जिले लंपी वायरस से प्रभावित हैं। इनमें अलीगढए मुजफ्फरनगर और सहारनपुर में सबसे ज्यादा मामले सामने आये हैं। वहीं मथुरा, बुलंदशहर, बागपत, हापुड़, मेरठ, शामली और बिजनौर में भी वायरस तेजी से पांव पसार रहा है। लंपी वायरस के कारण अबतक प्रदेश के 2331 गांवों के 21619 गोवंश संक्रमित हो चुके हैं इनमें से 199 की मौत हो चुकी है जबकि 9834 स्वस्थ हो गये हैं। संक्रमण की गंभीरता को देखते हुए योगी सरकार ने बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान शुरू किया है। इसमें अबतक 583600 गोवंश का टीकाकरण हो चुका है। प्रदेश में लंपी वायरस के ज्यादातर मामले पश्चिमी जिलों में ही सामने आये हैं। इसे देखते हुए योगी सरकार पीलीभीत से लेकर इटावा तक लगभग 300 किलोमीटर की दूरी को 10 किलोमीटर चौड़े इम्युन बेल्ट से कवर करने का प्लान तैयार कर लिया है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के सामने पशुपालन विभाग ने इम्यून बेल्ट से संबंधित मास्टर प्लान का प्रेजेंटेशन रखा है जिसे सरकार की ओर से सहमति मिल गयी है। पशुपालन विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश के 9 मंडलों में लंपी वायरस को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। वायरस के प्रसार को देखते हुए सितंबर का महीना काफी संवेदनशील माना जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार विभाग के पास टीकों की कोई कमी नहीं है और 32 लाख से भी ज्यादा टीके प्राप्त हो चुके हैं। अभी दो लाख टीके प्रतिदिन लगाने की तैयारी पूरी हो चुकी है जिसे जल्द ही तीन लाख टीके प्रतिदिन करने की योजना है।

# अन्त्येष्टि स्थलों के निकट नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएंगी मूलभूत सुविधाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य के गांवों में अन्त्येष्टि स्थल बनाये जाने के निर्देशों पर अमल शुरू हो गया है। महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थल बनाए जाएंगे।

उपमुख्यमंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस कार्य को पूरी तत्परता के साथ कराया जाना सुनिश्चित किया जाए औरअन्त्येष्टि स्थलो के पास नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराए जाने की भी व्यवस्था की जाए तथा अन्त्येष्टि स्थल तक आने जाने के लिए सुगम रास्ते की भी व्यवस्था होनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे परिवारों के वयस्क सदस्यों को मांग के अनुरूप एक वर्ष में 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराते हुए आजीविका संवर्द्धन किया जाना योजना का मुख्य उद्देश्य है। इसके साथ ही स्थायी परिसम्पत्तियों का सृजन किया जाना भी भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री के निर्देशो के क्रम में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जीएस प्रियदर्शी द्वारा अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण के सम्बन्ध में जिला अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि जिलाधिकारियो को निर्देश दिए हैं कि अन्त्येष्टि स्थल निर्माण में राजस्व विभाग के सहयोग से स्थल चयन की कार्रवाई की जाए।

# तीन वर्षों में 25 हजार लोगों को माटीकला योजना में रोजगार से जोड़ा गया: सचान

**लखनऊ।** प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत विगत तीन वर्षों में लगभग 25 हजार लोगों को रोजगार से जोड़ने में सफलता मिली है। इस वर्ष 4200 व्यक्तियों को इस योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य है। जिसके सापेक्ष अबतक 141 इकाइयों की स्थापना के साथ 1031 लोगों को रोजगार से जोड़ गया है।

प्रदेश में परम्परागत रूप से माटीकला संबंधी कार्य कर रहे 46737 कारीगर परिवारों को चिन्हित किया गया। और इनमें से 27799 परिवारों को कुम्हारी कार्य के लिए मिट्टी निकालने के पट्टों का आवंटन कराया गया है। कारीगरों को 8190 विद्युत चालित चॉक निशुल्क दी गई। साथ ही कारीगरों के 10-10 परिवारों के समूहों में 71 मिट्टी गूथने की विद्युत चालित मशीन (पगमिल) का वितरण कराया गया। जिसके परिणाम स्वरूप माटीकला कारीगरों की औसतन प्रति परिवार आय 7500 रुपए से बढ़कर 22500 रुपए प्रतिमाह तक अर्थात् 3 गुना वृद्धि हुई है। सचान ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में परम्परागत माटीकला कारीगरों की 90 औद्योगिक सहकारी समितियां गठित कराई गई।

प्रदेश में माटीकला माइक्रो कॉमन फैसेलिटी सेंटर योजना के तहत चार जनपदों में कॉमन फैसेलिटी सेंटर स्थापित कराए गए है, जिसमें लगभग 600 लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिल रहा है। सचान ने बताया कि दीपावली के अवसर पर लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की बिक्री के लिए गुणवत्तापरक एवं आकर्षक मूर्तियों निर्माण के लिए मास्टर मोल्ड्स डाई का वितरण कराया जा रहा है। इसी क्रम में आजादी का अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2022 को प्रदेश के समस्त जनपदों में 1500 कारीगरों को ग्रुप में प्रति जनपद 4 जोड़े मास्टर मोल्ड्स डाई का वितरण कराया गया है। खादी बोर्ड के 11 विभागीय मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्रों पर मास्टर मोल्ड्स-डाई से वर्किंग मोल्ड तैयार करने एवं वर्किंग मोल्ड्स से टेराकोटा मिट्टी मूर्तियों के निर्माण, उनको पकाने, रंगने एवं पैकिंग का अत्याधुनिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

# पौधरोपण और पर्यावरण पर हुआ मंथन

**संवाददाता।** सीतापुर



**जिलाधिकारी** अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान वृक्षारोपण किये गये वृक्षों की जियोटैगिंग एवं भौतिक सत्यापन भी समय से कराये जाने के निर्देश संबधित अधिकारी को दिये। जिला गंगा समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में बरसात न होने के कारण सूखे की स्थिति है, इसलिये आवश्यक है कि नहरों में पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता रहे। उन्होंने जानकारी ली कि टेल तक पानी पहुंचा है या नहीं। उन्होंने नलकूपों की स्थिति की जानकारी करते हुये संबंधित को निर्देश दिये कि जो भी नलकूप बन्द पड़े है उनको चालू की स्थिति में लाया जाये ताकि किसानों को सिंचाई करने हेतु पानी उपलब्ध हो सके। उन्होंने जानकारी ली कि कितने ऐसे नलकूप है जिनमें यांत्रिक दोष व विद्युत दोष के कारण चालू नही हैं। उन्होंने कहा कि बरसात न होने के कारण पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है, फ़सल सूख रही है, इसलिये आवश्यक है कि कोई भी नलकूप बन्द न रहे। निजी नलकूपों की स्थिति की जानकारी करते हुये उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी निजी नलकूपों का सर्वे करें कि कितने नलकूप बन्द है, यदि किसी निजी नलकूप का विद्युत बिल बकाया है तो उसको बिलिंग हेतु प्रेरित करते हुये विद्युत की आपूर्ति जारी रखी जाये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत से जानकारी ली कि सबस्टेशन के बनाने के लिये पत्राचार किया गया है या नही, अगर नहीं किया गया है तो पत्राचार करते हुये सबस्टेशन का कार्य प्रारम्भ करा दिया जाये। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये कि जिन विभागों के पास धनराशि उपलब्ध है उसकी लिस्ट कोषागार से प्राप्त कर लें।

जिलाधिकारी लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता से नई सड़कों की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि जिन सड़कों का दुरूस्तीकरण होना है उनका दुरूस्तीकरण करा दिया जाये तथा सभी सड़कें गुढ्डा मुक्त होनी चाहिये। उन्होंने सड़कों की चेकिंग न करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिये कि नई सड़क बनने के बाद उसकी गुणवत्ताव का सत्यापन कराया जाये। उन्होंने कहा कि जो भी रिपोर्ट प्रस्तुत करें उस रिपोर्ट की कार्ययोजना एवं समय सीमा के विवरण का भी उल्लेख करें। कुसुम योजना के अन्तर्गत लगाये गये सोलर पम्पों की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि जो भी सोलर लगाये जाये उनका भुगतान ससमय सुनिश्चित किया जाये। फ़सल बीमा की समीक्षा करते हुये उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि फ़लस का जो भी नुकसान हुआ है उसका सही आंकलन करते हुये किसानों को उसका लाभ दिलाया जाये। क्राप कटिंग की जब शुरूआत हो तो उसमें संबंधित अधिकारी उपस्थित रहकर अपने सामने क्राप कटिंग की प्रक्रिया को प्रारम्भ किया जाये ताकि किसानों को किसी प्रकार का कोई नुकसान न हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानकारी ली कि कितने चिकित्सक तैनात हैं यदि चिकित्सकों की कमी है तो पत्राचार करते हुये उनकी मांग कर ली जाये तथा गोल्डेन कार्ड पात्रों के बनाये जायें।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग बृज मोहन शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मधु गैरोला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सात फिट ऊंचाई पर 11 हजार एचटी के तार, किसान परेशान!

**संवाददाता।** कसमंडा सीतापुर



**एक तरफ** गांव का किसान आवारा गोवंशो से परेशान है तो दूसरी तरफ खेतों से होकर निकली 11 हजार एचटी लाइन से परेशान है। जर्जर तार खेतों से महज 7 फीट ऊंचाई पर है जिससे किसानों की फ़सल तो बर्बाद होती ही रहती है इसके बावजूद इस लाइन से किसानों के लिए खतरा भी हर समय बना रहता है। जर्जर व ढीले तारों को बदलवाने के लिए किसानों ने कई बार विद्युत विभाग से शिकायत भी की, लेकिन कार्रवाई शून्य रही। आपको बता दें कि कसमंडा ब्लाक के बरई जलालपुर बिनौर गांव का यह मामला है, जहां के सैकड़ों किसान इस समस्या से आए दिन परेशान होते आते है, लेकिन जिम्मेदारी जरा सा भी इधर ध्यान नहीं देते है। कमलेश कुमार बताते है कि खेत में पशुओं के चारे के लिए चरी बोई है, ढीले तार चरी से टच हो रहे हैं, चारा काटते समय ध्यान ना दिया जाए तो दुर्घटना भी हो सकती है।

तोलेराम ने बताया कि खेतों में 11 हजार लाइन के तार लटक रहे हैं, ट्रैक्टर वाले खेत जोतने नहीं आते है। रमेश ने बताया खेत में गन्ने की फ़सल लगी है जर्जर तार गन्ने की फ़सल को छू रहे हैं जिससे कि कभी भी आग लग सकती हैं कई बार विद्युत केंद्र जलालपुर शिकायत कर चुके हैं पर कोई सुनने वाला नहीं। इसको लेकर जब जेई सुनील कुमार पाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अगर तार ढीले हैं तो लाइनमैन को भेजकर तारों को ऊपर कराया जाएगा तार बदलवाने के लिए स्टीमेट तैयार किया जा रहा है। जल्द ही तारों को बदलवाने का काम करवाया जाएगा।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that Poonamjit Kaur & Paramjeet Singh are the owners of Entire First Floor of Property bearing No. 10/128, Area Measuring 73 Sq. Yds., situated at Malviya Nagar, New Delhi-110017 by virtue of regd. Gift Deed dated 31.1.2022 (document no. 10738) executed by Chanan Singh

And whereas Chanan Singh acquired the same vide Partition Deed dated 15.06.2007 (Doc No. 7506)

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned. **Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Shop No. 5 & 6, Pkt-E, CSC, Mayur Vihar-II, Delhi-91, Mob. 9810063351

# नगर पालिका सीमा विस्तार के मामले ने पकड़ा तूल

**● 6 ग्राम पंचायतों को महमूदाबाद नगर पालिका में शामिल करने का विवाद गहराया**

**संवाददाता।** सीतापुर




**सीतापुर की** महमूदाबाद की नगर पालिका में सीमा विस्तार का मामला अब और तूल पकड़ने लगा है, शासन द्वारा 6 ग्राम पंचायतों को नगर पालिका में शामिल किए जाने के विरोध में हाईकोर्ट में डाली गई याचिका में अभी सुनवाई ही चल रही है, इस बीच चेयरमैन प्रतिनिधि अम्बरीश मिश्रा ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ कस्बे में विभिन्न मार्गो पर पैदल मार्च निकाला व तहसील पहुंचकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी को सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों को नगर क्षेत्र में शामिल रखने, फर्ज़ी हस्ताक्षर कराकर न्यायालय को गुमराह करने वालों की जांच करने तथा शहरी सुविधाएँ दिलाने की मांग की गई है। शासन द्वारा 6 ग्राम पंचायतों को नगर पालिका में शामिल किया गया है। कुछ दिनों पूर्व परिसीमन के विरोध में हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगो ने ग्रामीणों के फर्ज़ी हस्ताक्षर कराकर कागज उच्च न्यायालय में दाखिल किये और न्यायालय को गुमराह किया गया। गुरूवार को अम्ब्रीश गुप्त के नेतृत्व में श्यामदासपुर, मालसरांय, लैलकलां, बाकरपुर, चतुराबेहड़, रजुवापुर, सुकईपुर, गुलरामऊ, इचौली, कुमारनपुरवा, इचौली, अब्दुल्लापुर, बाछिलपुर, गोपालपुर, ख्वाबीपुर आदि गांवों के सैकड़ो ग्रामीण जिला पंचायत गेस्ट हाउस से रामकुण्ड चौराहा, बस स्टॉप, बजाजा बाजार, चिकमण्डी होते हुए तहसील पहुँचे और एसडीएम को मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन भी सौंपा। अम्ब्रीश गुप्त ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्षां तक ग्रामीणों ने शहर में शामिल होने के लिये संघर्ष किया लेकिन अब कुछ लोगो को ग्रामीणों की खुशी नसीब नहीं हो रही है। वह तरह तरह के षडयंत्र रचकर परिसीमन रद्द करना चाहते हैं। अम्ब्रीश ने बताया कि जो गांव वार्ड बने है वहां के लोग शहर में रहना चाहते हैं। कुछ लोगो ने ग्रामीणों से फर्ज़ी हस्ताक्षर करा लिये और उच्च न्यायालय को गुमराह करते हुए जनहित याचिका दायर कर दी गई। इसी की जांच के लिये ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। सभी ग्रामीण शहर में रहना चाहते हैं। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के माध्यम से गांव बने वार्डां में शहरी सुविधाएँ दिलाने की मांग की है। उधर हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर 1 सितम्बर को हुई सुनवाई में 4 सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने को कहा गया है। कुल मिलाकर महमूदाबाद नगर पालिका का सीमा विस्तार विवाद फ़िलहाल गहराता जा रहा है।

# सिधौली कस्बे में चंद मिनटों के दौरान हुई दो युवकों की मौत से मचा हड़कंप

**● पुलिस फूड प्वाइजनिंग और नशे के सेवन को बता रही जान जाने का कारण**

**संवाददाता।** सीतापुर

**सीतापुर लखनऊ** हाइवे के किनारे बसे सिधौली कस्बे में उस समय गुरूवार को सनसनी फैल गई जब 200 मीटर की दूरी पर दो शव पाए गए। दोनो की मौते संदिग्ध परिस्थितियों में होनी बताई जा रही है, कारणों को जानने के लिए पुलिस पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है, फ़िलहाल पुलिस दोनो के शवों को अलग-अलग होना बता रही है, सिधौली के बिसवां चौराहा स्थित रेलवे लाइन के किनारे पहले एक अज्ञात शव बरामद होता है, कुछ ही देर बाद 200 मीटर दूर बिसवां रोड किनारे अमरनाथ इंटर कॉलेज के निकट एक अन्य शव मिलने की खबर आ जाती है, जिससे सिधौली कस्बे में सनसनी फैल जाती है। बताया जाता है कि बिसवां चौराहे के पास बनी रेलवे सर्विस रोड पर एक अज्ञात मजदूर दोपहर में आकर धूप में लेट गया, थोड़ी देर बाद उसकी मौत हो गई। उसके पास रखी बाल्टी में चावल व आंटा के साथ दैनिक उपयोग की कुछ वस्तुएं थी। पुलिस ने बाल्टी को पलटकर देखा तो एक बंद मोबाइल मिला। युवक की मौत शराब के सेवन होने की आशंका जताई गई। अभी इस मामले को पुलिस सुलझा भी नहीं पायी थी कि चंद मिनट के बाद कुछ ही दूरी पर अमरनाथ इंटर कॉलेज के पास एक और युवक का शव मिलने की सूचना पुलिस तक पहुंची तो पुलिस के भी हाथ पांव फूलने लगे।

**कैमैक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड**
(सीआईएन : एल70109डीएल1980पीएलसी169318)
पंजीकृत कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 मोबाइल नंबर : 7303495374,
ई-मेल : camaccommercial@gmail.com
वेबसाइट : www.camaccommercial.com

**सूचना**

1. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की 42वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 10.15 बजे आईएसटी, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांकित 5 मई, 2020 के क्रम में जनरल सर्कुलर नंबर 02/2022, दिनांकित 05 मई, 2022 ("एमसीए सर्कुलर्स") तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 ("सेबी सर्कुलर") के अनुपालन में, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी") सुविधा के माध्यम से, 42वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण एवं विशेष व्यवसायों के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।
2. कम्पनी एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सदस्यों को भेज चुकी है, जिनकी ई-मेल आईडी'ज डिपॉजिटरीज/कम्पनी के पास 08-09-2022 को अथवा पूर्व पंजीबद्ध हैं। यह संदेश तथा सूचना, 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित कम्पनी की वेबसाइट www.camaccommercial.com पर तथा सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध हैं।
3. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, यथा संशोधित, के नियम 20 और सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 तथा दि इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक के अनुपालन में :
   (i) 42वीं एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण तथा विशेष व्यवसाय का निष्पादन इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से किया जाएगा ;
   (ii) रिमोट ई-वोटिंग आरंभ होने की तिथि एवं समय : 27 सितम्बर, 2022 को (पूर्वा. 09.00 बजे) ;
   (iii) रिमोट ई-वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय : 29 सितम्बर, 2022 को (अप. 05.00 बजे) ;
   (iv) रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अथवा 42वीं एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने के अधिकार निर्धारण हेतु विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) 23 सितम्बर, 2022 है ;
   (v) सदस्यगण नोट करें कि

क) सीडीएसएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि और समय के बाद वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा तथा सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी ; ख ) सदस्य, जो एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम द्वारा दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी ; ग) एजीएम में भाग ले रहे सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम द्वारा वोट डालने का हकदार होंगे ; घ) कोई व्यक्ति, जिसका नाम विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) को सदस्य पंजिका में दर्ज है, वह रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ प्राप्त करने, वीसी सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने तथा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग का हकदार होगा।

4. कोई व्यक्ति जो 42वीं एजीएम की सूचना भेजी जाने के बाद शेयर अर्जित करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) 23 सितम्बर, 2022 को शेयर धारक है, एजीएम आयोजन की सूचना में दिए ई-वोटिंग हेतु अनुदेशों का पालन करते हुए अपना वोट डाल सकता है। एजीएम की सूचना कम्पनी तथा सीडीएसएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है। तथापि, यदि व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग के लिए सीडीसीएल के साथ पहले से पंजीकृत है, तो मौजूदा यूजर आईडी तथा पासवर्ड का प्रयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है।
5. किसी संदेह की स्थिति में, आप www.evotingindia.com के "डाउनलोड सेक्शन" के अन्तर्गत उपलब्ध शेयरधारकों के लिए फ्रिक्वेंटली आस्क्ड क्वेशचन्स (एफएक्यू'ज) तथा शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल भेज सकते हैं अथवा श्री राकेश दाल्वी, पदनाम : सीनियर मैनेजर, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, पता : ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड्स, एन एम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुम्बई-400013 से सम्पर्क कर सकते है अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल भेज सकते हैं अथवा 022-23058542/43 पर अथवा टोलफ्री नंबर : 1800 22 55 33 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
6. कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां 24 सितम्बर, 2022 से 30 सितम्बर, 2022 तक (दोनों तिथियों सहित) बंद रहेंगी।

वास्ते कैमैक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./-
साक्षी मिश्रा
कम्पनी सचिव

तिथि : 08 सितम्बर, 2022
स्थान : नई दिल्ली

# शोक संवेदना जताने विधायक गोंडा पहुंचे गोला



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** अरविंद गिरि गोला विधायक की असमय निधन का समाचार जैसे-जैसे शासन-प्रशासन और सामाजिक कार्यकर्ताओं, वह गोला विधानसभा के नागरिकों व अलग-अलग जनपदों से श्रद्धांजलि देने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में आज विधायक अरविंद गिरि जिनके फार्म हाउस पर विधानसभा में अगर बगल व आसपास बैठने वाले बावन सिंह कटरा विधायक जनपद गोंडा व अजय सिंह विधायक करनैलगंज जनपद गोंडा ने अरविंद गिरी जी के चित्र पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की व शोकाकुल परिवारजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही हर संभव सहायता का आश्वासन प्रदान किया।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं साइबर सुरक्षा पर प्रदर्शनी का आयोजन



**पुरवा।** एमआरआरएस इंटर कॉलेज पुरवा, उन्नाव में इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज लखनऊ तथा राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा साइबर सुरक्षा पर आधारित मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डा. दिलीप कुमार सिंह ने कहाकि डिजिटल मीडिया के इस युग में हमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सुरक्षा को समझना अत्यंत आवश्यक हो गया है। कैम्प समन्वयक अवध किशोर व अन्य शिक्षकों एवं विषय विशेषज्ञों के निर्देशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा पर मॉडल बना कर प्रदर्शित किए गए। डॉ. वीपी सिंह ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के अन्य नवाचारी मॉडल बनाने हेतु प्रेरित किया। मॉडल प्रदर्शनी में मरीजों को चढाये जाने वाले ग्लूकोज़ इंडीकेटर, लाइट युक्त दिव्यांग ह्वीलचेयर, आटोमेटिक इर्रीगेशन सिस्टम, वाटर टैंक इंडीकेटर, डिजिटल लाकर, दाब से नियंत्रित फाउंटेन, आर्टिफिशल इंटेलीजेंस पर आधारित प्रमुख मॉडल छात्र छात्राओं द्वारा बनाये गये। चार थ्योरम आधारित गणित का आरेखीय मॉडल भी चर्चा में रहा। मॉडल प्रतियोगिता में लगभग 100 छात्र छात्राओं द्वारा कुल 48 मॉडल प्रदर्शित किए गए तथा लगभग 1200 विद्यार्थी प्रदर्शनी में उपस्थित हुए। विशेषज्ञ पंकज कुमार ने सभी माडलों का मूल्यांकन किया। विशाल चौहान, सहायक समन्वयक अल्पना मौर्य, शिक्षक - शिवमूर्ति सिंह, सुरजन सिंह, कुलदीप कुमार, कुलदीप कमल , शेर बहादुर सिंह, राजेश कुमार, पीयूष तिवारी, अशोक कुमार गुप्ता, लालू, जयदीप बाजपेई, मृदुल वाजपेयी, राजेन्द्र सिंह, रूलेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, लिपिक कर्मचारी अमितकुमार मिश्रा, राधेश्याम, ओमप्रकाश, विनोद, कुलदीप, पुत्तन, चंदन आदि का कार्यक्रम में विशेष सहयोग रहा।

## बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित टीकाकरण जरूरी

**लखीमपुर-खीरी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए नियमित टीकाकरण जरूरी है। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाता है। साथ ही उनको सुपोषित भी करता है। बच्चों को बीमारियों की चपेट में आने से पहले ही उससे बचाव कर लेने से जीवनए धनए समय और ऊर्जा की बचत होती है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि यदि बच्चा बार.बार बीमार होगा तो वह कुपोषण की जद में आ जाएगा। इसलिए शीघ्र और छह माह तक केवल स्तनपान कराएं।

# पेज एक का शेष

## गोगरा-हॉटस्प्रिंग्स...

जिनपिंग के शामिल होने की संभावना है। आगामी 15-16 सितंबर को होने वाले इस शिखर सम्मेलन से इतर दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक होगी या नहीं, इस पर अभी कुछ साफ नहीं हुआ है। तनाव वाले बिंदुओं से दोनों ओर से सैनिकों की वापसी का चौथा चरण है। सैनिकों की वापसी का पहला चरण फरवरी 2021 में पैंगोंग त्सो (झील) से शुरू हुआ था। संयोग से, इसी झील पर दोनों देशों के सैनिकों के बीच मई 2020 में पहली बार तनाव उपजा था जो बाद में एलएसी पर बढ़ता गया। पिछले साल अगस्त में शुरू हुए दूसरे चरण में गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में पेट्रोलिंग प्वाइंट-17 से सैनिकों को पीछे हटाने का निर्णय हुआ। इसके अलावा गालवान घाटी से भी सैनिकों को वापस किया गया। गलवान घाटी में ही जून 2020 को दोनों सेनाओं के बीच खूनी झड़प हुई थी, जिसमें कमांडिंग ऑफिसर सहित 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। इस झड़प में चीन के भी 40 से अधिक सैनिक मारे गए थे।

## एलएसी पर...

के अग्रिम स्थानों पर इसकी तैनाती से सेना की मारक क्षमता में इजाफा हुआ है। सेना के अधिकारियों ने कहा कि एम-777 हॉवित्जर की तैनाती के साथ मानव रहित हवाई वाहनों, सैन्य विमानों और निगरानी उपकरणों समेत अतिरिक्त हवाई संसाधानों की तैनाती से अरुणाचल प्रदेश में भारत की सैन्य तैयारियों में बढ़ोतरी हुई है।

## नीतीश और...

का हिस्सा रही कांग्रेस ने दावा किया है कि भाजपा विधायकों को 10-10 करोड़ रुपए और मंत्री पद की पेशकश करके हेमंत सोरेन सरकार को गिराने की कोशिश कर रही थी। बनर्जी ने कहा, भाजपा को लगता है कि वह हमें सीबीआई और ईडी से डरा सकती है, लेकिन जितना अधिक वे लोग इस तरह के हथकंडे अपनाएंगे, उतना ही अगले साल के पंचायत चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनावों में हार के करीब पहुंचेंगे। उन्होंने विभिन्न मामलों में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा वरिष्ठ नेताओं पार्थ चटर्जी और अनुब्रत मंडल की गिरफ्तारी के बाद उनके और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ कथित रूप से दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाने के लिए विपक्ष, विशेष रूप से भाजपा और मीडिया के एक वर्ग की आलोचना की।

## ब्रिटेन की...

हुए कहाकि उनको हमारे समय की कद्दावर शख्सियत के रूप में याद रखा जाएगा। उन्होंने अपने देश को प्रेरणादाई नेतृत्व प्रदान किया। वे सार्वजनिक जीवन में गरिमा और शालीनता की प्रतिमूर्ति रहीं। मैं उनकी गर्मजोशी और उदारता को कभी नहीं भूल पाऊंगा।

## भारत और...

सहयोग में भारत-जापान साझेदारी का विस्तार करने की आवश्यकता पर जोर दिया और जापानी कम्पनियों को भारत के रक्षा गलियारों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। सिंह और जापान के उनके समकक्ष यासुकाजु हमदा ने द्विपक्षीय वार्ता में द्विपक्षीय व बहुपक्षीय अभ्यास जारी रखने को लेकर प्रतिबद्धता व्यक्त की और इस बात को लेकर सहमति व्यक्त की कि सैन्य अभ्यास के जल्द से जल्द शुरू होने से दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच अधिक सहयोग बढ़ेगा।

## नीट-यूजी...

अनुपात और इसके बाद भौतिक विज्ञान में सही उत्तरों की तुलना में सबसे गलत उत्तर अनुपात जैसे अन्य निर्णायक कारक रैंकिंग तय करने का आधार होंगे। अधिकारी ने कहा, यदि फिर भी अभ्यर्थियों के बीच टाई रहे तो उम्र में बड़े अभ्यर्थी, उसके बाद आरोही क्रम में उनकी नीट आवेदन संख्या को टाई ब्रेकर के रूप में उपयोग किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण है कि प्रत्एक अभ्यर्थी को काउंसलिंग उद्देश्यों के लिए एक अद्वितीय रैंक मिलती है और इसीलिए इस साल दो अभ्यर्थियों को एक ही रैंक पर बराबरी पर नहीं रखा गया है। पिछले साल, तीन अभ्यर्थियों को संयुक्त रूप से शीर्ष रैंक मिली थी। इन अभ्यर्थियों में तेलंगाना से मृणाल कुटेरी, दिल्ली से तन्मय गुप्ता और महाराष्ट्र से कार्तिका नायर का नाम था।

## आतंकी मेमन...

लोगों से माफी मांगनी चाहिए। इस पर पलटवार करते हुए उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने कहा कि यह बताया जाए कि जब मेनन को दफनाया गया था, उस समय राज्य में किसी पार्टी की सरकार थी। आखिर याकूब मेनन का शव उसके परिवार को क्यों सौंपा गया। ओसामा बिन लादेन की तरह मेनन के शव को भी समुद्र में क्यों नहीं फेंका गया।

**RADICO KHAITAN FINANCE LTD.**
CIN NO. L74899DL1984PLC019092
4A, 4th Floor, Masoodpur Dairy Farms, New Delhi – 110070
PHONE: 011-71859609
EMAIL: admin@radicoindia.com
WEBSITE: www.radicoindia.com

**NOTICE FOR 36TH ANNUAL GENERAL MEETING, BOOK CLOSURE AND E-VOTING**

**(A) Annual General Meeting:** Notice is hereby given that the 36th Annual General Meeting of RADICO KHAITAN FINANCE LTD. will be held on **Friday, 30th Day of September, 2022 at 2.00 P.M.** at Pt. Gyani Ram Farm House C/o Bijender Sharma, Advo. Near Syndicate Bank, Main Road Asola, Fathepur Beri, New Delhi- 110074.

**(B) Book Closure:** Notice is further given pursuant to section 91 of the Companies Act, 2013 read with Rule 10 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, and clause 16 of the Listing Agreement, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from 24th Day of September, 2022 to 30th Day of September, 2022, both days inclusive.

**(C) E-Voting:** In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended, the Members are provided with the facility of e-voting on all resolutions set forth in the Notice.

The e-voting period commences on Tuesday, September 27, 2022 from 9.00 a.m. and ends on Thursday, September 29, 2022 at 5.00 p.m. The result of the e-voting shall be announced after the AGM of the Company.

For **Radico Khaitan Finance Limited**

**Krishan Kumar Sharma**
Director
DIN: 00856406

Place: New Delhi
Date : 08.09.2022

**कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता**
**उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
**ऊधमसिंह नगर**

पत्रांक : 1001/निविदा/2022-23 दिनांकः 08.09.2022

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक महोदय, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा "जल जीवन मिशन" के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड पेयजल निगम/उत्तराखण्ड जल संस्थान, उत्तराखण्ड सरकार या अन्य राज्य सरकार/भारत सरकार के किसी भी उपक्रम अथवा निगम में उल्लेखित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से आईटमवार दर अनुबन्ध के आधार पर ई-निविदा **(टु-बिड)** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना **www.uktenders.gov.in** पर दिनांक **14.09.2022** के सायं 5:00 बजे से उपलब्ध होगी।

| क्र. सं. | निविदा सूचना सं0 | योजना का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत नलकूप छिद्रण, जलाशय निर्माण, पम्प हाउस निर्माण, स्टाफ क्वाटर निर्माण, राईजिंग मेन व वितरण मेन बिछाने, बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण, विद्युत यांत्रिक उपकरणों की आपूर्ति एवं एफ0एच0टी0सी0 कार्य तथा अन्य तत्सम्बन्ध समस्त कार्य श्रम, सामग्री एण्ड टी0एण्डपी0 सहित। | | | | | |
| 1 | 27/2022-23 | मोतियापुरा बहुल ग्राम-वि0ख0 गदरपुर | 208700 | Rs. 4000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |
| 2 | 28/2022-23 | नन्दपुर एकल ग्राम-वि0ख0 गदरपुर | 365400 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | B-Class |

**शर्तें:-**

1. धरोहर धनराशि एफ.डी.आर./बी.जी./एन.एस.सी. के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर द्वारा निर्गत, जो "अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर" के नाम से बंधक हों, निविदा के साथ जमा करानी होगी।
2. ई-निविदा दिनांक **14.09.2022** के सायं 5:00 बजे से डाउनलोड की जा सकेगी एवं दिनांक **28.09.2022** की सायं 5:00 बजे तक पोर्टल पर अपलोड की जा सकेगी।
3. तकनीकी निविदा से सम्बन्धित प्री-बिड मीटिंग दिनांक **24.09.2022** को अपरान्ह **3:30** बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के अधिशासी अभियन्ता कक्ष में आहुत की जायेगी।
4. निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड की गई धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य, शपथ पत्र, स्टाम्प पेपर आदि के **Original documents** अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के कार्यालय में दिनांक **28.09.2022** के सायं 5:00 बजे तक जमा कराये जाने होंगे।
5. तकनीकी बिड दिनांक **29.09.2022** को प्रातः 11:00 बजे खोली जायेगी। कॉमर्शियल बिड खोलने की तिथि पृथक से सूचित की जायेगी।
6. उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वैबसाईट **www.uktenders.gov.in** पर ही अपलोड की जायेगी। संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जायेगा।
7. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार होगी।

"जल संचय-जीवन संचय"

(तरूण शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

# भारत का पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनना कोई साधारण उपलब्धि नहीं: मोदी

**भाषा।** सूरत



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत का दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनना कोई साधारण उपलब्धि नहीं है और इस पर हर भारतीय को गर्व है। प्रधानमंत्री ने गुजरात में सूरत के ओलपाड इलाके में आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, भारत हाल में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस उपलब्धि ने हमें इस अमृत काल में और अधिक मेहनत करने तथा बड़े लक्ष्यों को हासिल करने का भरोसा दिया है। यह कोई सामान्य उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा, हर भारतीय इस उपलब्धि पर गौरव का अनुभव कर रहा है। हमें इस उत्साह को आगे भी बनाए रखने की जरूरत है।

इस कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी मौजूद थे। इसके अलावा एक व्यापक चिकित्सा शिविर भी उनके लिए आयोजित किया गया था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कुछ लाभार्थियों से बातचीत भी की। उन्होंने सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए गुजरात सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि इस राज्य में डबल इंजन की सरकार होने का लाभ लोगों को मिल रहा है।

मोदी ने केंद्र की तरफ से चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए कहा, पिछले आठ साल के दौरान सरकार द्वारा गरीबों के लिए तीन करोड़ घर बनाए गए हैं। इनमें से लगभग 10 लाख घर अकेले गुजरात में ही बनाए गए हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने गुजरात में मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं की तारीफ करते हुए कहा कि इस राज्य में मल्टीस्पेशियलिटी अस्पतालों का एक मजबूत ढांचा खड़ा किया जा चुका है। उन्होंने कहा, पिछले दो दशकों में यहां मेडिकल कॉलेज की संख्या 11 से बढ़कर 31 हो चुकी है। एक एम्स अस्पताल (राजकोट में) बन रहा है और कई नए मेडिकल कॉलेज भी प्रस्तावित हैं।

गुजरात में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। प्रधानमंत्री के गृह राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार लगभग ढाई दशक से है। इस पूरे कार्यक्रम का आयोजन गुजरात के राज्यमंत्री (कृषि, ऊर्जा एवं पेट्रोरसायन) मुकेश पटेल ने किया था जो ओलपाड से विधायक भी हैं।

## तमिलनाडु से चोरी की गईं तीन प्राचीन मूर्तियां अमेरिका में मिलीं

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कुंभकोणम में एक मंदिर से चुराई गईं तीन प्राचीन मूर्तियां अमेरिका के संग्रहालयानीलामी घरों में मिली हैं। इनमें कलिंगनार्थन कृष्ण की मूर्ति भी शामिल है। सीआईडी की मूर्ति ईकाई ने बृहस्पतिवार को बताया कि कलिंगनार्थन कृष्ण, विष्णु और श्रीदेवी की कांस्य प्रतिमाओं को कुंभकोणम में सुंदरा पेरुमलकोविल गांव के अरुलमिगु सौंदराराजा पेरुमाली मंदिर से चुराया गया था। पुलिस ने बताया कि करीब 60 साल पहले मंदिर में कलिंगनार्थन कृष्ण, विष्णु और श्रीदेवी की मूर्तियों के स्थान पर उनकी नकली मूर्तियां रख दी गई थीं और इतने सालों तक इस पर किसी का भी ध्यान नहीं गया। मूर्ति इकाई के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के. जयंत मुरली ने कहा कि जांच के बाद यह साबित हुआ है कि मूर्तियां अमेरिका में संग्रहालयोंनीलामी घरों में हैं और इकाई ने तीनों मूर्तियों को तमिलनाडु वापस लाने के लिए कागजात जमा कराए हैं।

# सहकारिता क्षेत्र के विकास के लिए साथ मिलकर काम करें राज्य: अमित शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को राज्यों से सहकारिता क्षेत्र के समग्र विकास के लिए साथ मिलकर काम करने को कहा ताकि यह देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में उल्लेखनीय योगदान दे सके। राज्य सहकारिता मंत्रियों के दो दिन के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए कि सहकारिता आंदोलन भारत के हर राज्य में समान गति से चले। गृह मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे शाह ने कहा, उन राज्यों में जहां गतिविधियां रुक गई हैं या धीमी हुई हैं, उनमें तेजी लाने का प्रयास किए जाने चाहिए। इसके लिए हमें एक नई राष्ट्रीय सहकारी नीति की जरूरत है।

सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सहकारी क्षेत्र के चौतरफा विकास सुनिश्चित करने के साथ नए क्षेत्रों की पहचान करने के लिए नई नीति तैयार की जानी चाहिए। शाह ने कहा कि कि सहकारी आंदोलन पश्चिम और दक्षिण भारत में मजबूत है लेकिन उत्तर और मध्य भारत में विकासशील अवस्था में जबकि पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों में अल्पविकसित अवस्था में है। सभी राज्यों के सहकारिता विभागों को विकास के समान रास्ते पर चलना चाहिए और समान नीतियां अपनानी चाहिए।

इस सप्ताह की शुरुआत में सरकार ने एक नया राष्ट्रीय सहयोग नीति दस्तावेज का मसौदा तैयार करने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु की अध्यक्षता में 47 सदस्ईय समिति के गठन की घोषणा की है। यह नीति दस्तावेज सहकारिता-आधारित आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा देगा। सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए नई राष्ट्रीय सहकारी नीति तैयार की जा रही है।

शाह ने कहा, सहकारिता क्षेत्र के विकास के लिए सभी राज्यों को टीम इंडिया की भावना के साथ मिलकर काम करना होगा। हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि सौ साल में सहकारिता देश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बने और देश की अर्थव्यवस्था को 5,000 अरब डॉलर तक ले जाने में प्रमुख भूमिका निभाए। उन्होंने सहकारिता क्षेत्र के विकास के लिए मंत्रालय की तरफ से उठाए गए कदमों का भी जिक्र किया। शाह ने कहा कि पैक्स (प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समिति) की संख्या तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख की जाएगी।

## ओडिशा में एक करोड़ से अधिक की ब्राउन शुगर जब्त, एक गिरफ्तार

**भाषा।** बालासोर (ओडिशा)

**ओडिशा** के बालासोर जिले में बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक करोड़ रुपए से अधिक की ब्राउन शुगर जब्त की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल ने एक खुफिया सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए बालासोर शहर के अरद बाजार इलाके में छापेमारी की और पश्चिम बंगाल के रहने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार व्यक्ति के पास से कुल 1.38 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े तीन मामलों में वांछित है। पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# शेख हसीना ने भारतीय कंपनियों को दिया बांग्लादेश में निवेश का न्योता

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत की कंपनियों को बांग्लादेश की ढांचागत परियोजनाओं, विनिर्माण, बिजली और परिवहन क्षेत्रों में निवेश का न्योता दिया है। हसीना ने भारत की अपनी चार-दिन की यात्रा के दौरान बुधवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए भारतीय निवेशकों को बांग्लादेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा, बांग्लादेश अपने उत्पादों को पूर्वोत्तर भारत, भूटान और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों को निर्यात करने के लिए बेहद खास जगह पर स्थित है। संपर्क बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने चुनिंदा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ मुलाकात के दौरान कहा, मैं ढांचागत परियोजनाओं, विनिर्माण, ऊर्जा और परिवहन क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर विचार करने का अनुरोध भारतीय निवेशकों से करूंगी। भारतीय निवेशक और कारोबारी घराने बाय-बैक व्यवस्थाओं के जरिए बांग्लादेश में उद्योग स्थापित कर सकते हैं जिससे समय, लागत और संसाधन भी कम लगेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बांग्लादेश भौगोलिक रूप से ऐसी खास जगह पर स्थित है कि भारतीय निवेशक वहां पर बने अपने उत्पादों को पूर्वोत्तर भारत के अलावा नेपाल, भूटान और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों को भी भेज सकते हैं।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस क्षेत्र में सबसे उदार निवेश व्यवस्था बांग्लादेश में ही है। 100 विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और 28 हाईटेक पार्क स्थापित किए जा रहे हैं जिनसे उद्योग, रोजगार, उत्पादन और निर्यात को प्रोत्साहन मिलेगा। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा, मैं यहां पर मौजूद कारोबारी घरानों से वहां निवेश करने का अनुरोध करूंगी। इससे दोस्ताना रिश्ते वाले दोनों देशों के बीच सद्भावना बढ़ाने और इस क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि लाने का रास्ता तैयार होगा।



जयपुर हवाई अड्डे पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत करते लोक कलाकार

## खान एवं भूतत्व मंत्री रामानंद यादव को नीतीश मंत्रिमंडल से हटाया जाए: सुशील मोदी

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने बृहस्पतिवार को राजद नेता और बिहार के खान एवं भूतत्व मंत्री रामानंद यादव को आपराधिक मामलों में कथित संलिप्तता को लेकर नीतीश कुमार मंत्रिमंडल से हटाने की मांग की। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने रामानंद यादव को खान एवं भूतत्व विभाग आवंटित किए जाने को दूध की रखवाली बिल्ली को दिए जाने की संज्ञा देते हुए कहा कि यह विभाग राजद को नहीं बल्कि महागठबंधन सरकार में शामिल अन्य घटकों को दिया जाना चाहिए। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के परिवार के सदस्यों के बिहार के बालू माफियाओं के साथ घनिष्ठ संबंध रहे हैं। सुशील मोदी ने कहा, राजद के एक पूर्व नेता सुभाष यादव जो कि निर्माण से संबंधित तीन कंपनियों के निदेशक भी हैं, का लालू प्रसाद के परिवार से घनिष्ठ संबंध हैं और उनकी संपत्तियों में निवेश कर रहे हैं। उनकी फर्मों को पहले राज्य में 237 करोड़ रुपए के बालू खनन पट्टा मिला हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि सुभाष ने 13 जून 2017 को राजद प्रमुख लालू प्रसाद की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से 1.72 करोड़ रुपए में तीन फ्लैट खरीदे थे व एक ही दिन में तीन फ्लैट खरीदना संदेह पैदा करता है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया, एक अन्य राजद नेता अरुण यादव जो अवैध बालू खनन में शामिल थे और वर्तमान में जेल में बंद हैं, ने 13 जून 2017 को पटना में राबड़ी देवी से जुड़े पांच फ्लैट 2.56 करोड़ रुपए की लागत से खरीदे थे। लालू प्रसाद और बालू के बीच का संबंध बहुत पुराना है, इसलिए रामानंद यादव को तुरंत राज्य मंत्रिमंडल से हटाया जाना चाहिए और यह विभाग राजद नहीं किसी और पार्टी को दिया जाना चाहिए। राज्यसभा सदस्य ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कैसे रामानंद यादव जैसे व्यक्ति को अपने मंत्रिमंडल में रख हुए हैं, जो रंगदारी, शस्त्र अधिनियम, पुलिसकर्मियों से हथियार छीनने आदि से संबंधित कई आपराधिक मामलों में शामिल है। सुशील मोदी ने यह आरोप लगाया कि मंत्री ने अपने चुनावी हलफनामे में कथित तौर पर अपनी शिक्षा से संबंधित गलत जानकारी चुनाव आयोग को दी है। भाजपा नेता के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, सुशील मोदी को कौन गंभीरता से लेता है, यहां तक कि उनकी पार्टी भी नहीं लेती। वह जो कहना चाहते हैं, उसे कहने दें। उन्होंने राजद नेताओं पर जो भी आरोप लगाए हैं वे निराधार हैं। उनको खुद उनके केंद्रीय नेतृत्व ने पूरी तरह दरकिनार कर दिया है।

## धामी ने जनता से समान नागरिक संहिता पर सुझाव देने का आग्रह किया

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बृहस्पतिवार को प्रदेश की जनता से समान नागरिक संहिता के लिए अपने सुझाव देने का आग्रह किया और कहा कि विशेषज्ञ समिति ऐसा हितकारी मसौदा तैयार करेगी जो दूसरे प्रदेशों के लिए भी अनुकरणीय होगा। उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति से विचार विमर्श के बाद धामी ने कहा कि हम समान नागरिक संहिता के रूप में आज़ादी के अमृत काल में एक बड़ी इबारत लिखने जा रहे हैं और राज्य सरकार अपने हर वादे को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध है। प्रदेश की जनता से इसके लिए अपने सुझाव देने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा, देश में आज तक किसी भी कानून को बनाते समय इतने बड़े स्तर पर जनता से सुझाव नहीं मांगे गए। प्रदेश के सभी नागरिकों और हितधारकों को एसएमएस और व्हाट्सऐप पर पोर्टल के लिंक के साथ अपील भेजी जा रही है, जिसके माध्यम से वे एक माह के भीतर अपने सुझाव दे सकते हैं। पोर्टल की शुरूआत कर उसके माध्यम से समान नागरिक संहिता पर लोगों के सुझाव, राय, शिकायतें और आपत्तियां आमंत्रित की हैं। पोर्टल पर सात अक्टूबर तक लोग अपने सुझाव भेज सकते हैं। प्रदेश की जनता से समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था और अपने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही इसका मसौदा तैयार करने के लिए समिति के गठन को मंजूरी दे दी गई। समिति के अब तक के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि विशेषज्ञ समिति प्रबुद्धजनो के साथ ही आमजन से सुझाव प्राप्त कर प्रदेश की जनता के लिए हितकारी समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करेगी, जो दूसरे प्रदेशों के लिए भी अनुकरणीय होगा। समान नागरिक संहिता के प्रति उत्तराखंड की जनता की प्रतिक्रिया को सकारात्मक बताते हुए धामी ने कहा कि अच्छी भावना से किए गए कार्य सफल होते हैं।

# नीट, जेईई का सीयूईटी में विलय का अभी कोई निर्णय नहीं, छात्रों पर थोपा नहीं जाएगा : यूजीसी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई का केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी) के साथ विलय करने को लेकर अभी कोई औपचारिक फैसला नहीं हुआ है और छात्रों पर कुछ भी नहीं थोपा जाएगा।

कुमार की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जबकि दो दिन पहले ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा था कि जेईई और नीट का सीयूईटी के साथ विलय करने की अगले दो वर्ष तक कोई योजना नहीं है। इससे पहले यूजीसी के अध्यक्ष ने पिछले महीने घोषणा की थी कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) का भविष्य में सीयूईटी के साथ विलय किया जाएगा। इस बीच, कुमार ने कहा, नीट और जेईई का सीयूईटी के साथ विलय का विचार हमने इसलिए आगे बढ़ाया ताकि इस पर विभिन्न पक्षकारों के बीच चर्चा हो सके।

उन्होंने कहा कि इस बारे में कोई औपचारिक निर्णय नहीं हुआ है, छात्रों पर ऊपर से कोई चीज नहीं थोपी जाएगी। यूजीसी के अध्यक्ष ने भारतीय उच्च शिक्षा में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और गुणवत्ता क्रांति लाने के विषय पर परिचर्चा में हिस्सा लेते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, अगर कोई फैसला किया जाता है तब इससे 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले वर्तमान छात्रों को प्रभावित नहीं होने चाहिए। हमें उन्हें पर्याप्त समय देना चाहिए। यह कम से कम अगले दो वर्ष में लागू नहीं हो सकता है। कुमार ने कहा कि इसे पर्याप्त चर्चा करने और प्राप्त राय एवं सुझावों पर विचार करने के बाद किया जाएगा।

# मोहन डेलकर आत्महत्या मामला: सभी नौ आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी रद्द

**मुंबई।** बम्बई उच्च न्यायालय ने लोकसभा के पूर्व सदस्य मोहन डेलकर को पिछले साल आत्महत्या के लिए कथित तौर पर उकसाने के मामले में केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नागर हवेली के प्रशासक प्रफुल्ल खोड़ा पटेल सहित सभी नौ आरोपियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी बृहस्पतिवार को निरस्त कर दी। उच्च न्यायालय ने आरोपियों द्वारा दायर याचिकाओं को स्वीकार करते हुए कहा कि प्राथमिकी निरस्त करने का यह उपयुक्त मामला है, ताकि कानून के दुरुपयोग को रोका जा सके। न्यायमूर्ति पी. बी. वारले और न्यायमूर्ति एस. डी. कुलकर्णी की खंडपीठ ने कहा कि प्राथमिकी में दर्ज आरोपों और घटना का संदर्भ यह साबित करने के लिए पर्याप्त नहीं है कि आरोपियों ने डेलकर को आत्महत्या के लिए उकसाया था।

गौरतलब है कि दादरा एवं नागर हवेली (डीएनएच) से सात बार सांसद रहे 58 वर्षीय डेलकर 22 फरवरी, 2021 को दक्षिण मुंबई के मरीन ड्राइव में एक होटल के कमरे में मृत पाए गए थे। मुंबई पुलिस ने मार्च 2021 में डेलकर को आत्महत्या के लिए कथित तौर पर उकसाने और आपराधिक धमकी देने के लिए पटेल और आठ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत के अनुसार, डेलकर ने आरोपी व्यक्तियों के कथित उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली थी। शिकायत में कहा गया था कि ए आरोपी तत्कालीन निर्दलीय सांसद द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों पर नियंत्रण करना चाहते थे और उन्हें चुनाव लड़ने से रोकना चाहते थे।

नौ आरोपियों ने पिछले साल उच्च न्यायालय का रुख करके प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया था। आरोपियों ने दावा किया था कि उन्हें मामले में फंसाया गया है। खंडपीठ ने याचिकाएं मंजूर करते हुए कहा, सभी पहलुओं पर विचार करते हुए, हम मानते हैं कि इन याचिकाओं में दम है। कानून के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्राथमिकी रद्द करने के वास्ते यह एक उपयुक्त मामला है।

अदालत ने कहा कि डेलकर के बेटे अभिनव की ओर से मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने), 506 (आपराधिक धमकी), 389 (किसी व्यक्ति को जबरन वसूली के लिए अपराध के आरोप का भय दिखाना) और 120बी (आपराधिक साजिश) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत नौ मार्च, 2021 को दर्ज प्राथमिकी रद्द की जाती है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं का यह कहना उचित था कि डेलकर काफी लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक जीवन जी रहे थे उन्होंने अपने जीवन में कई मुश्किल स्थितियों का साहसपूर्वक सामना किया था।

## आशा भोसले 89 साल की हुईं, फिल्म उद्योग ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** महान गायिका आशा भोसले के 89वें जन्मदिन पर बृहस्पतिवार को फिल्म जगत की विभिन्न हस्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। 1940 के दशक में बड़ी बहन लता मंगेशकर की छाया में पार्श्व गायिकी का सफर शुरू करने वालीं आशा ने झुमका गिरा रे, रात अकेली है, आजा आजा, दम मारो दम, दिल चीज क्या है जैसे कई यादगार गीत गाए। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने भी भोंसले को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, हमेशा युवा और जादुई आवाज वाली आशा जी को जन्मदिन की बधाई। हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमें भारत में ऐसी अनूठी और प्रतिभाशाली आवाज मिली। जीवंत व बहुमुखी आशा भोंसले जी का दुनिया भर में सम्मान है और उनकी प्रशंसा की जाती है। मैं उनके दीर्घ व स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। संगीत बिरादरी से अदनान सामी, भजन गायक अनूप जलोटा और पलक मुच्छल ने भोसले को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# संवैधानिक संस्थाओं के बीच पूरा तादात्म्य होने पर ही पनपेगा लोकतंत्र: धनखड़

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकतंत्र तभी पनप सकता है जब संवैधानिक संस्थाओं के बीच पूरा तादात्म्य हो। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास की जड़ें गांवों में हैं। भारत के उपराष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद जगदीप धनखड़ तथा उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ पहली बार अपने गृह राज्य राजस्थान की आधिकारिक दौरे पर हैं। अपने दौरे के दौरान उन्होंने अनेक धार्मिक स्थलों के दर्शन किए तथा अपने सम्मान में आयोजित सम्मान समारोहों में भाग लिया। जयपुर में राजस्थान बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि एक मजबूत, न्यायपूर्ण तथा स्वतंत्र न्यायपालिका, हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी शर्त है। उन्होंने कहा किं इसके लिए बार की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। धनखड़ ने कहा संस्थाओं में लोगों का भरोसा बनाए रखने के लिए, पारदर्शिता तथा जवाबदेही का कड़ाई से पालन किया जाना जरूरी है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोकतंत्र तभी पनप सकता है जब संवैधानिक संस्थाओं के बीच पूरा तादात्म्य हो तथा वे अपनी-अपनी मर्यादा की सीमा में रहें। सम्मान समारोह में राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव, राजस्थान बार काउंसिल के अध्यक्ष सुनील बेनीवाल, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सह अध्यक्ष एस सी श्रीमाली, राजस्थान के एडवोकेट जनरल एम एस सिंघवी, भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल आर डी रस्तोगी, भी उपस्थित रहे। इससे पहले धनखड़ अपनी एक दिवसीय यात्रा की शुरुआत में बृहस्पतिवार सुबह भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से अपने पैतृक गांव झुंझुनूं जिले के किठाना पहुंचे। राजस्थान सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश, लोकसभा सदस्य नरेंद्र कुमार तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।



झुंझुनूं जिले के अपने पैतृक गांव किठाना के मंदिर में पूजा करते उपराष्ट्रपति

गांव में आयोजित सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास की जड़ें गांवों में हैं और अगर हर ग्रामीण इसका लाभ उठाकर योगदान करेगा तो भारत की अर्थव्यवस्था और मजबूत हो जाएगी। कुछ साल पहले तक यह सोचा भी नहीं जा सकता था, लेकिन आज भारत दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। आर्थिक विकास की जड़ गांव में है, आर्थिक विकास का मूल आधार गांव में है। उप राष्ट्रपति ने जीवन में शिक्षा के महत्व पर बल दिया तथा उपस्थित जन समुदाय से अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने का आग्रह किया। अपने जीवन में मैंने जो कुछ भी हासिल किया है वह अच्छी शिक्षा के ही बदौलत है। ग्रामीण युवाओं से आगे बढ़कर अपनी प्रतिभा को निखारने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा, ऐसी कोई सुविधा नहीं है जो आज गांव में उपलब्ध नहीं हो। अपनी प्रतिभा को उजागर करो और चमकने दो और आप बदलाव निश्चित रूप से देखेंगे। कार्यक्रम में मंच पर उपराष्ट्रपति की पत्नी डॉ सुदेश धनखड़, राज्य की महिला व बाल विकास मंत्री ममता भूपेश भी मौजूद थीं। मंच पर महिलाओं की उपस्थिति को रेखांकित करते हुए धनखड़ ने इसे देश के बदलते स्वरूप का उदाहरण बताया। यह बदलाव हिंदुस्तान का बदला स्वरूप है और यह बदलाव केवल यहीं नहीं देश में ऊपर तक है। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का ताल्लुक आदिवासी समुदाय से है। ऐसा इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ।

# भय और आशंकाओं के चलते बेहद कम कश्मीरी पंडित घाटी लौट रहे हैं: कर्ण सिंह

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ राजनेता कर्ण सिंह ने कहा कि कश्मीरी पंडितों के मन में भय और आशंकाएं हैं और यह कारण है कि बेहद कम संख्या में कश्मीरी पंडित घाटी में अपने घर लौटने के इच्छुक हैं। सिंह ने जाने माने हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. उपेन्द्र कौल के संस्मरण वेन द हार्ट स्पीक्स के विमोचन के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि अधिकतर कश्मीरी पंडित जो बाहर जा सकते थे वे विदेश चले गए या देश के अन्य हिस्सों में बस गए। उन्होंने हालांकि कहा कि कश्मीरी पंडितों के बिना कश्मीर हमेशा अधूरा रहेगा।

कर्ण सिंह कश्मीर के आखिरी डोगरा शासक महाराजा हरि सिंह के बेटे हैं। सिंह कहते हैं, कश्मीर बेहद खूबसूरत और आकर्षक है, लेकिन 1947 से घाटी में जो त्रासदी हुई वह दिल तोड़ने वाली है। उन्होंने घाटी लौटने और वहां मकान बनाने वाले डॉ. कौल और अन्य कश्मीरी पंडितों की सराहना की और कहा, ऐसे उदाहरण बेहद कम हैं। वयोवृद्ध नेता ने कहा, बेहद कम संख्या में कश्मीरी पंडित ऐसा कर रहे हैं क्योंकि उन्हें हमेशा भय या आशंका रहती है और इसे जाने में काफी वक्त लगेगा और जिस खौफ से वे (कश्मीरी पंडित) गुजरे हैं, मुझे लगता है कि वे एक बार फिर उसका सामना करने के लिए तैयार नहीं हैं।

सिंह ने संस्मरण लिखने के लिए डॉ. कौल की सराहना की और कहा कि डॉ. कौल केवल उम्दा पेशेवर ही नहीं हैं बल्कि अच्छे इंसान भी हैं और कश्मीर तथा अपने माता-पिता के लिए उनके मन में जो प्यार है वह दिल छू लेने वाला है। अपने संबोधन में उन्होंने आगाह किया कि चिकित्सकों तथा दवा कंपनियों के बीच की साठगांठ के चलते मरीजों को अनावश्यक सर्जरी, जांच और दवाओं के चक्र में फंसना पड़ता है। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) में हुए इस कार्यक्रम में एम्स के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया और जाने माने वकील प्रशांत भूषण भी शामिल हुए।

## जेल में बंद राउत ने जमानत अर्जी दी, ईडी के मामले को राजनीतिक बदला बताया

**मुंबई।** जेल में बंद शिवसेना के सांसद संजय राउत ने एक स्थानीय अदालत में जमानत याचिका दायर की है और दावा किया है कि पात्रा चाल धनशोधन मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है। राउत ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का उनके खिलाफ यह मामला राजनीतिक बदले का सटीक उदाहरण है। पात्रा चाल पुन: विकास से जुड़े कथित घोटाले के संबंध में ईडी ने एक अगस्त को राउत को गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। धनशोधन निषेध कानून (पीएमएलए) अदालत के विशेष न्यायाधीश एम. जीँ देशपांडे ने बृहस्पतिवार को केन्द्रीय एजेंसी को जमानत अर्जी पर 16 सितंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा। ईडी के अनुसार, महाराष्ट्र आवासीय और क्षेत्र विकास प्राधिकरण (महाडा) ने पात्रा चाल पुन:विकास परियोजना उपनगरीय क्षेत्र गोरेगांव में स्थित गुरु आशीष कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (जीएसीपीएल) को सौंपा था।

# एक और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ताइवान पहुंचा

भाषा। ताइपे

अमेरिकी कांग्रेस का एक और प्रतिधिनिमंडल ताइवान पहुंचा है और उसने ताइवान की राष्ट्रपति साई इन वेंग से बृहस्पतिवार सुबह मुलाकात की। अमेरिका और ताइवान के नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे वक्त में हो रही है जब चीन के साथ दोनों देशों के संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं। चीन पूरे ताइवान को अपना हिस्सा मानता है। इससे पहले अमेरिकी प्रतिनिधिसभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी अगस्त में ताइवान की यात्रा पर आई थीं। चीन ने इस यात्रा का काफी विरोध किया था और उसने अपने सैन्य अभ्यास को तेज करते हुए लगभग रोज ही ताइवान की ओर लड़ाकू विमान, ड्रोन आदि भेजे थे। फ्लोरिडा से डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य स्टेफनी मर्फी की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने ताइवान की राष्ट्रपति से मुलाकात की। चीन के सैन्य खतरों का जिक्र करते हुए साई ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल की यात्रा ताइवान के प्रति अमेरिकी कांग्रेस के अडिग समर्थन को दर्शाती है। उन्होंने कहा, ताइवान दबाव में नहीं आएगा। हम हमारे लोकतांत्रिक प्रतिष्ठानों तथा जीवन जीने के तरीकों की रक्षा करेंगे। ताइवान पीछे नहीं हटेगा। इस पर मर्फी ने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस को अंतराष्ट्रीय संगठनों में ताइवान की वृहद भागीदारी की वकालत करनी चाहिए। ताइवान ने दिखाया है कि वह अंतरराष्ट्रीय समुदाय का एक जिम्मेदार सदस्य है खासतौर पर जन स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर। वह अंतरराष्ट्रीयों मंचों पर भागादारी का हकदार है। गौरतलब है कि वियतनामी माता पिता की संतान और हनोई में पैदा हुईं मर्फी उन सांसदों में शामिल हैं जिन्होंने वह विधेयक पेश किया है जिसके तहत अमेरिका ताइवान की मदद करने के लिए उसे हथियार दे सकता है, ठीक उसी प्रकार से जैसे उसने यूक्रेन को हथियार दिए हैं। पिछले सप्ताह राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने ताइवान को एक अरब डॉलर की हथियार ब्रिकी की मंजूरी दी थी। इस पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को कहा कि वाशिंगटन और ताइपे के बीच रक्षा सहयोग को लेकर चीन की आपत्ति संगत और स्पष्ट है। माओ ने कहा, हम उन कृत्यों का दृढ़ता के साथ जवाब देंगे जो चीन की संप्रभुता और सुरक्षा को कमजोर करते हैं और हमारे आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं। माओ ने जापान को आगाह किया कि वह पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के अंतिम संस्कार में ताइवान के

## ब्लिंकन ने यूरोप के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर की सैन्य सहायता की घोषणा की



कीव। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बृहस्पतिवार को कीव की अघोषित यात्रा की। इस बीच, बाइडन प्रशासन ने रूस से चुनौतियों का सामना कर रहे यूक्रेन और अन्य यूरोपीय देशों के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर की नई सैन्य सहायता की घोषणा की। ब्लिंकन ने यूक्रेन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि बाइडन प्रशासन ने अमेरिकी कांग्रेस (संसद) को यूक्रेन और उसके 18 ऐसे पड़ोसी देशों को दो अरब डॉलर की दीर्घकालिक सैन्य सहायता उपलब्ध कराने की अपनी मंशा से वाकिफ कराया है, जो भविष्य में रूसी आक्रमण के प्रति सबसे संवेदनशील देशों में शामिल हैं। यूक्रेन के इन पड़ोसी देशों में उत्तर एटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देश और क्षेत्रीय सुरक्षा साझेदार भी शामिल हैं। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि कांग्रेस की मंजूरी के बाद एक अरब डॉलर की मदद यूक्रेन को उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि बाकी राशि अल्बानिया, बोस्निया, बुल्गारिया, क्रोएशिया, चेक गणराज्य, एस्टोनिया, जॉर्जिया, यूनान, कोसोवो, लातविया, लिथुआनिया, मोल्दोवा, मोंटेनेग्रो, उत्तरी मैसेडोनिया, पोलैंड, रोमानिया, स्लोवाकिया और स्लोवेनिया जैसे देशों के बीच बांटी जाएगी। विभाग ने कहा कि यह राशि नाटो के साथ सैन्य एकजुटता बढ़ाकर और रूसी प्रभाव व आक्रामकता से निपटकर अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए उभरते खतरों का मुकाबला करने में संबंधित देशों की मदद करेगी। विदेश विभाग ने कहा, यह सहायता एक लोकतांत्रिक, संप्रभु और स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में यूक्रेन के भविष्य के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में सहयोगियों और भागीदारों की सुरक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन ऊर्जा को हथियार बना रहे हैं : अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका का आरोप है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने ऊर्जा संसाधनों का हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे एक दिन पहले पुतिन ने धमकी दी थी कि अमेरिका तेल के दामों की सीमा निर्धारित करने के अपने कदम को अगर आगे बढ़ाता है तो वह पश्चिमी देशों को हर तरह का ऊर्जा निर्यात बंद कर देंगे। पुतिन ने बुधवार को धमकी दी कि अगर वह (अमेरिका) रूसी निर्यात की कीमतों को सीमित करने की कोशिश करता है तो रूस पश्चिम को ऊर्जा आपूर्ति में पूरी तरह से कटौती करेगा। उन्होंने यह भी कहा था कि यूक्रेन में अपने लक्ष्यों को हासिल करने तक रूस वहां सैन्य कार्वाई जारी रखेगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरन ज्यां पियरे ने बुधवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह दर्शाता है कि पुतिन अपने शब्दों व कृत्यों से ऊर्जा को फिर से हथियार बना रहे हैं।

## अमेरिका ने यूक्रेन के लिए 67.5 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता मंजूर की

रामस्टीन एअर बेस (जर्मनी)। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रपति जो. बाइडन ने यूक्रेन के लिए 67.5 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त सैन्य सहायता की मंजूरी दे दी है। ऑस्टिन ने जर्मनी मे अमेरिका के रामस्टीन हवाई अड्डा पर सहयोगी देशों के वरिष्ठ अधिकारियो के साथ हुई एक बैठक की शुरुआत मे कहा कि बाइडन ने बुधवार को अमेरिका की ओर से अतिरिक्त सहायता की मंजूरी प्रदान कर दी। उन्होने कहा कि इस सहायता पैकेज मे हॉवित्जर, तोपखाने का गोला-बारूद, हुमवीस, बख्तरबंद एम्बुलेंस, टैंक रोधी प्रणाली तथा इसके अलावा और भी बहुत कुछ शामिल है। ऑस्टिन ने कहा कि युद्ध एक और महत्वपूर्ण चरण मे है तथा यूक्रेनी सेना ने देश के दक्षिण मे अपने जवाबी हमलो की शुरुआत की है। उन्होने कहा कि अब हम युद्ध के मैदान मे अपने साझा प्रयासो की स्पष्ट सफलता देख रहे है। यूक्रेन रक्षा संपर्क समूह की इस बैठक मे नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग और यूक्रेन के रक्षा मंत्री के साथ-साथ सहयोगी देशो के अधिकारी भी शामिल थे।

## पाक के बलूचिस्तान प्रांत में बम विस्फोट, आठ घायल

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत मे हुए बम विस्फोट मे कम से कम आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार रात क्वेटा के मेकोंगी रोड पर हुई जब मोटरसाइकिल पर आए अज्ञात व्यक्ति ने एक दुकान पर हथगोला फेंक दिया। हमले मे आठ लोग घायल हो गए। घायलो को सिविल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने कहा कि धमाके से दुकान के शीशे टूट गए। विस्फोट के बाद इलाके मे अफरा-तफरी मच गई।

## अमेरिका ने पाकिस्तान को एफ-16 विमानों के रखरखाव के लिए वित्तीय मदद की मंजूरी दी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसले को पलटते हुए पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमान के बेड़े के रखरखाव के लिए 45 करोड़ डॉलर की वित्तीय सहायता को मंजूरी दी है। पाकिस्तान को यह वित्तीय मदद इसलिए दी जा रही है ताकि वह वर्तमान और भविष्य मे आतंकवाद रोधी खतरो से निपट सके। पिछले चार वर्षो मे इस्लामाबाद को दी जा रही यह सबसे बड़ी सुरक्षा सहायता है। गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन ने 2018 मे आतंकवादी सगठनों अफगान तालिबान तथा हक्कानी नेटवर्क पर कार्वाई करने मे नाकाम रहने पर उसे दी जाने वाली करीब दो अरब डॉलर की वित्तीय सहायता निलंबित कर दी थी। अमेरिकी संसद को दी एक अधिसूचना मे विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसने पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानो के रखरखाव के लिए संभावित विदेश सैन्य बिक्री (एफएमएस) को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। मंत्रालय ने दलील दी कि इससे इस्लामाबाद को वर्तमान तथा भविष्य मे आतंकवाद के खतरो से निपटने की क्षमता बनाए रखने मे मदद मिलेगी।

## वियतनाम मेंआग लगने से 32 की मौत

हनोई। दक्षिणी वियतनाम मे एक कराओके बार मे आग लगने से 32 लोगो की मौत हो गई है। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया के मुताबिक आग मंगलवार देर रात बिन्ह दुओंग प्रांत के थुआन शहर मे एक बहुमंजिला इमारत मे लगी, जिसमे कई कर्मचारी और ग्राहक फंस गए है। आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया लेकिन अगले दिन भी आग सुलगती रही। वियतनाम न्यूज एजेंसी ने बताया कि बुधवार देर रात तक 32 लोगो की मौत हो चुकी थी और कराओके बार के कम से कम एक कमरे और एक भंडारण कक्ष तक पहुंचा नही जा सका।

# ब्रिटिश सरकार घरेलू ऊर्जा कीमतों की सीमा तय करेगी: ट्रस

भाषा। लंदन



ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह ऊर्जा संकट से निपटने के लिए गैस और बिजली की कीमतों की सीमा तय करेंगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार घरों और व्यवसायों के लिए घरेलू ऊर्जा की कीमतों की सीमा तय करेगी। उन्होंने कहा कि दो साल की ऊर्जा मूल्य गारंटी का अर्थ है कि ताप और विद्युत के लिए औसत घरेलू बिल प्रतिवर्ष 2,500 पाउंड (2,872 डॉलर) से अधिक नहीं होगा। ट्रस ने संसद में सांसदों को बताया कि बिजली बिल अक्टूबर से 3,500 पाउंड (4,000 डॉलर) तक बढ़ने के कई कारण थे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पर रूस का हमला और कोविड-19 महामारी तथा ब्रेक्जिट के बाद आर्थिक झटकों के कारण बिल आसमान छू रहे हैं। उन्होंने सांसदों से कहा, हम इस देश को इस सर्दी और आगे भी इस संकट से उबारने के लिए प्रयास कर रहे हैं और उच्च कीमतों के मूल कारणों से निपट रहे हैं। व्यवसाय और सार्वजनिक संस्थानों जैसे अस्पतालों और स्कूलों का भी सहयोग मिलेगा, लेकिन दो साल के बजाय छह महीने के लिए। सरकार का कहना है कि यह सीमा ब्रिटेन की बढ़ती मुद्रास्फीति दर में चार से पांच प्रतिशत अंक की कटौती करेगी। जुलाई में मुद्रास्फीति 10.1 प्रतिशत पर पहुंच गई थी और वर्ष के अंत से पहले इसके 13 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। विपक्षी दल लेबर पार्टी का कहना है कि इसका मतलब ब्रिटिश करदाताओं को बिल जमा करना होगा।

## लेबनान : हिजबुल्ला समर्थित मंत्री के आवास के सामने बम विस्फोट

भाषा। बेरुत

लेबनान के हिजबुल्ला (चरमपंथी समूह) समर्थित मंत्री के पूर्वी बेका घाटी स्थित आवास के सामने बृहस्पतिवार को बम विस्फोट हुआ। कार्यवाहक लोकनिर्माण मंत्री अली हमिएह के प्रेस कार्यालय ने एक बयान में बताया कि विस्फोटक बिजली के तारों में छिपाकर रखा गया था और ताराया गांव स्थित उनके घर के बगीचे में उसमें विस्फोट किया गया। बयान में किसी के हताहत होने की या अन्य विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। हमिएह के प्रवक्ता से जब एसोसिएटेड प्रेस ने संपर्क किया तो उन्होंने घटना पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सुरक्षा बल पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। गौरतलब है कि लेबनान के पूर्वी बेका घाटी में देश के अन्य हिस्सों के मुकाबले अपराध दर अधिक है।

# दक्षिण अफ्रीका अपने यहां के चीते भारत और व मोजाम्बिक भेजेगा

भाष ।बेला-बेला (दक्षिण अफ्रीका)



दक्षिण अफ्रीका अपने चीतों को भारत तथा मोजाम्बिक भेज रहा है। यह, उन क्षेत्रों में विशिष्ट चित्तीदार जानवरों को भेजने के उसके महत्वाकांक्षी प्रयासों का हिस्सा है, जहां इनकी आबादी कम हो गई है। दक्षिण अफ्रीका के अभयारण्यों में पकड़े गए चार चीतों को विमान के जरिए इस हफ्ते मोजाम्बिक भेजा गया। इससे पहले उन्हें करीब एक महीने तक पृथकवास में रखा गया था। संरक्षणवादी अक्टूबर में 12 और चीतों को भारत भेजने की तैयारी कर रहे हैं। चीता को दुनिया में सबसे अधिक फुर्तीला स्तनधारी जानवर माना जाता है। मोजाम्बिक जाने वाले चीतों को बेहोश करने तथा पिंजड़े में डालने के बाद वन्यजीव पशु चिकित्सक एंडी फ्रेजियर ने कहा कि दूसरे स्थानों पर जाना इन पशुओं के लिए मुश्किल है। उन्होंने चीतों को बेहोश करने पर कहा, पिंजड़े में रहना चीतों के लिए बहुत तनावपूर्ण प्रक्रिया है क्योंकि बेहोश होने के कारण वे कहीं नहीं जा पाते। हमें बहुत सावधानीपूर्वक इंजेक्शन लगाना होता है और यह सुनिश्चित करना होता है कि हम उन्हें सुरक्षित रूप से बेहोश करने के लिए इंजेक्शन की पर्याप्त खुराक दें। फ्रेजियर ने कहा कि टीम बड़े तथा और चुनौतीपूर्ण अभियान के तौर पर चीतों को भारत भेजने की तैयारी कर रही है क्योंकि चीतों को अधिक लंबी दूरी का सफर करना पड़ेगा। चीता की दो प्रजातियां हैं। किसी वक्त एशिया में पाई जाने वाली चीते की एक प्रजाति को 1952 में भारत में विलुप्त घोषित कर दिया गया था और अब ए केवल ईरान में पाए जाते हैं। तब से ही इन चीतों को भारत में लाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। शुरुआत में ईरान से चीतों को भेजने की योजना थी लेकिन अब दक्षिणी अफ्रीकी देशों से इन्हें भेजा जा रहा है। इस प्रयास में नामीबिया आठ चीतों को भेज रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं0 ए-41, सेक्टर-48, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0 की मूल लीज डीड कहीं खो गयी है। कृपया मिलने पर सम्पर्क करें: अम्बा प्रसाद पुत्र श्री साधुराम एवं मन्जू शर्मा पत्नी अम्बा प्रसाद।

Mob. 9717346769

**PUBLIC NOTICE**

This is to informed public at large that my clients Shri Pradeep S/o Late Shri Ram Swarup, R/o H.No. 529, Block-3, Dakshinpuri, Ambedkar Nagar, New Delhi-110062,has severed their all relations with their Daughter and Son, Ms. Mansi @ Mansi Samwal D/o Pradeep, and son Aman @ Aman Samwal, S/o Pradeep, both resident of H.No. 529, Block-3, Dakshinpuri, Ambedkar Nagar, New Delhi-110062 as they are not under control of my clients, therefore, my client debar/disowned them from their all movable and immovable properties/ obligations. Anyone dealing with them in future in any manner shall do so their own risk and consequences and my client shall not be responsible for any acts, deeds and things done by them.

Ranjana Kumari (Advocate)
Reg. No D/193/2013

## यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर रिकॉर्ड 0.75 प्रतिशत बढ़ाई

भाषा। फ्रैंकफर्ट

यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) ने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए बृहस्पतिवार को नीतिगत ब्याज दर में अबतक की सर्वाधिक 0.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। यूरोपीय संघ के 19 सदस्य देशों के लिए केंद्रीय बैंक के तौर पर काम करने वाले ईसीबी की संचालन परिषद की बैठक में ब्याज दर को 0.75 प्रतिशत बढ़ाने का अप्रत्याशित फैसला किया गया। यह फैसला इस लिहाज से काफी अहम है कि ईसीबी आमतौर पर नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत का ही बदलाव करता रहा है। इसने वर्ष 1999 में अपने गठन के बाद से अबतक कभी भी एक साथ 0.75 प्रतिशत की दर वृद्धि नहीं की थी। ब्याज दर में यह भारी बढ़ोतरी करने का मकसद उपभोक्ताओं, कारोबार और सरकारों के लिए कर्ज लेने को महंगा बनाना है ताकि खर्च और निवेश में गिरावट आए जिससे उपभोक्ता वस्तुओं के दाम में कटौती हो और लोगों को मुद्रास्फीति के बोझ से राहत मिले। विश्लेषकों का कहना है कि ईसीबी के इस सख्त कदम को केंद्रीय बैंक की विश्वसनीयता बहाल करने के तौर पर भी देखा जा सकता है। लगातार बढ़ती महंगाई को काबू में करने के लिए ईसीबी की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर उस पर भी सवाल उठने लगे थे। यूरोपीय संघ के सदस्य देशों में मुद्रास्फीति अगस्त के महीने में रिकॉर्ड 9.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है और आने वाले महीनों में इसके दहाई अंक में भी जाने की आशंका विश्लेषक जता रहे हैं। यूक्रेन और रूस के बीच छिड़े युद्ध ने इस मुद्रास्फीति को बढ़ाने में काफी योगदान दिया है। रूस से सस्ती प्राकृतिक गैस की आपूर्ति घटने से यूरोपीय देशों में गैस की कीमतें 10 गुना तक बढ़ चुकी हैं। यूरोपीय अधिकारियों का कहना है कि रूस उसपर दबाव बनाने के लिए जानबूझकर गैस की आपूर्ति में कटौती कर रहा है। वहीं रूस ने इसके लिए तकनीकी समस्याओं को जिम्मेदार ठहराने के साथ इस हफ्ते से गैस आपूर्ति पूरी तरह ठप करने की धमकी भी दी है।

# मुद्रास्फीति का प्रबंधन सिर्फ रिजर्व बैंक पर नहीं छोड़ा जा सकता : सीतारमण

भाषा। नई दिल्ली



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुद्रास्फीति का प्रबंधन केवल भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति पर नहीं छोड़ा जा सकता। सीतारमण ने आर्थिक शोध संस्थान इंडिया काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकनॉमिक रिलेशंस (इक्रियर) की तरफ से आयोजित सम्मेलन में कहा कि महंगाई बढ़ने के ज्यादातर कारण मौद्रिक नीति के दायरे से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति को नियंत्रण में करने के लिए राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीति दोनों को मिलकर काम करना होगा। वित्त मंत्री के अनुसार, मुद्रास्फीति प्रबंधन को केवल मौद्रिक नीति पर नहीं छोड़ा जा सकता है। यह कई देशों में प्रभावी साबित नहीं हुआ है। सीतारमण ने कहा, रिजर्व बैंक को थोड़ा साथ चलना होगा। शायद उतना नहीं जितना पश्चिमी देशों में केंद्रीय बैंकों को चलना होता है। उन्होंने कहा, मैं रिजर्व बैंक को कोई आगे की दिशा नहीं दे रही हूं लेकिन यह सच है कि भारत की अर्थव्यवस्था को संभालने का समाधान, एक ऐसा अभ्यास है जहां मौद्रिक नीति के साथ-साथ राजकोषीय नीति को भी काम करना होता है। इसके एक हिस्सा मुद्रास्फीति को भी संभाल रहा है। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति को नियंत्रण में करने के उपाय के तहत देश ने पिछले कुछ महीनों में रूस से कच्चे तेल के आयात को बढ़ाकर 12 से 13 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले लगभग दो प्रतिशत था। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन के साथ युद्ध के चलते पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। ऐसे में भारत समेत कई देशों ने रियायती कीमतों पर कच्चा तेल और गैस खरीदने के लिए रूस के साथ द्विपक्षीय समझौता किया है। सीतारमण ने कहा, रूस से कच्चे तेल का आयात सुनिश्चित करने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति को श्रेय देती हूं। हमने सभी देशों के साथ अपने संबंध बनाए रखे और प्रतिबंधों के बीच रूस से कच्चे तेल प्राप्त करने का प्रबंधन किया। यह भी मुद्रास्फीति को नियंत्रण में करने के उपायों का हिस्सा है। उन्होंने कहा, अब भी कई देश (जापान और इटली सहित) रूस से कच्चा तेल और गैस प्राप्त करने के लिए अपना रास्ता खोज रहे हैं।

## विनिर्माताओं को इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग कई गुना बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माताओं को उम्मीद है कि पर्यावरण-अनुकूल वाहनों के बारे में उपभोक्ताओं की जागरूकता बढ़ने और सरकार के समर्थन से ईवी की मांग आने वाले समय में कई गुना बढ़ेगी। विश्व इलेक्ट्रिक वाहन दिवस के पहले ईवी विनिर्माताओं ने मांग में बढ़ोतरी के लिए बेहतर प्रदर्शन करने वाले ईवी वाहनों की पेशकश करने और ग्राहकों की जरूरत पूरा करने की आवश्यकता बताई।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Narender Kaushik is the owner of Built up Property No. A-31/120-A, area measuring 100 Sq., Yds., out of Khasra No. 353, Situated at Mata Mandir Marg, Mauj Pur, Illaqa Shahdara, Delhi vide a Relinquishment Deed dated 07.01.2020, Registered as Doc No. 87. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/ mortgage /litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

# शेयर बाजार में गिरावट थमी, सेंसेक्स 659 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई



घरेलू शेयर बाजारों में दो दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को थम गया और बीएसई सेंसेक्स 659.31 अंक के उछाल के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में मजबूती और बैंक, सूचना प्रौद्योगिकी तथा वाहन कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 659.31 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की मजबूती के साथ 59,688.22 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 683.05 अंक तक चढ़ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 174.35 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,798.75 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा निवेश और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने निवेशकों की धारणा को मजबूत किया। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में सबसे अधिक 3.23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ टाटा स्टील, एनटीपीसी, टाइटन, नेस्ले और पावर ग्रिड के शेयर गिरावट लेकर बंद हुए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और बढ़ती मुद्रास्फीति को लेकर निवेशकों की चिंता कम होने से वैश्विक बाजारों के साथ-साथ घरेलू बाजार में भी मजबूती आई।

## निरंजन हीरानंदानी, अनूप कुमार मित्तल ने यूनिटेक के बोर्ड से इस्तीफा दिया

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक लिमिटेड के गैर-कार्यकारी नामित निदेशकों निरंजन हीरानंदानी और अनूप कुमार मित्तल ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यूनिटेक ने शेयर बाजारों को दी एक सूचना में कहा कि निरंजन एल हीरानंदानी ने कंपनी के गैर-कार्यकारी नामित निदेशक पद से 10 अगस्त को और अनूप कुमार मित्तल ने 16 अगस्त को इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे की सूचना कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) को दी गई। एमसीए ने सात सितंबर को एक पत्र के माध्यम से दोनों लोगों के त्यागपत्र को रिकॉर्ड में ले लिया। जुलाई माह में दो अन्य गैर-कार्यकारी नामित निदेशकों..रेणु सूद करनाड और बालासुब्रमण्यम श्रीराम ने भी पेशेवर बाध्यताओं का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दे दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कुछ साल पहले यूनिटेक लिमिटेड के पूर्ववर्ती निदेशक मंडल को भंग करने और नए निदेशक मंडल की नियुक्ति का आदेश दिया था।

**ओके प्ले इंडिया लिमिटेड**

सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : 17-18, रोज-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103
वेबसाइट : www.okplay.co.in ई-मेल : info@okplay.in फोन : +91-124-2362335-36, फैक्स : +91-124-2362326

**33वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बही बंदी की सूचना तथा रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि ओके प्ले इंडिया लिमिटेड के सदस्यों की 33वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से, बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को मध्या. 12.30 बजे, एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध साधारण एवं विशेष व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी। बैठक की सूचना, 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु वार्षिक रिपोर्ट तथा रिमोट ई-वोटिंग विवरण उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड में प्रेषित किया जा चुका है, जिनकी ई-मेल आईडी'ज कम्पनी/आरटीए/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं। शेयरधारकों को सूचनाओं का ई-मेल प्रेषण 07 सितम्बर, 2022 को पूरा किया जा चुका है।

यदि आपने अपनी ई-मेल आईडी कम्पनी/डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत नहीं करवाई है, वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु वार्षिक रिपोर्ट और ई-वोटिंग के लिए लॉगइन विवरण प्राप्त करने हेतु अपनी ई-मेल आईडी पंजीबद्ध करवाने के लिए निम्नलिखित अनुदेशों का पालन करें।

भौतिक धारण : ई-मेल पता पंजीबद्ध करवाने के लिए कम्पनी के रजिस्ट्रार ऐंड ट्रांसफर एजेंट, एमएएस सर्विसेज लिमिटेड को एक अनुरोध info@masserv.com पर भेजें, जिसमें फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की की स्कैन प्रति (फ्रंट और बैक), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति) उपलब्ध करवाएं।

कृपया अपना बैंक विवरण, निरस्त चैक की मूल प्रति हमारे आरटीए (नामतः एमएएस सर्विसेज लिमिटेड, टी-34, द्वितीय तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेज-।।, नई दिल्ली-110020) को फोलियो नंबर के उल्लेखयुक्त पत्र सहित भेजें। यदि पहले से पंजीकृत नहीं हैं।

अभौतिक धारण : कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट से सम्पर्क करें तथा अपना ई-मेल पता डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करवाएं। कृपया अपना बैंक विवरण भी अपने डीपी के पास अद्यतन करें।

ये दस्तावेज सदस्यों द्वारा डाउनलोड हेतु कम्पनी की वेबसाइट www.okplay.co.in पर भी उपलब्ध हैं। कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, यथा संशोधित तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 के अनुपालन में सूचना दी जाती है कि कम्पनी ने सभी व्यवसायों के निष्पादन हेतु नैशनल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (एनडीएसएल) द्वारा उनके पोर्टल www.evoting.nsdl.com के माध्यम से ई-वोटिंग सुविधा प्रदान की है ताकि सदस्यगण अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकें।

रिमोट ई-वोटिंग अवधि सोमवार, 26 सितम्बर, 2022 (पूर्वा. 09.00 बजे) आरंभ होगी तथा बुधवार, 28 सितम्बर, 2022 (अप. 05.00 बजे) समाप्त होगी। विच्छेदन तिथि अर्थात 22 सितम्बर, 2022 को भौतिक या अभौतिक रूप में शेयरों के धारक कम्पनी के सदस्य इस अवधि में अपना वोट रिमोट ई-वोटिंग द्वारा डाल सकेंगे। कोई व्यक्ति, जो सूचना प्रेषण के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि 22 सितम्बर, 2022 को शेयर धारक है, evoting@nsdl.co.in पर अथवा आरटीए, एमएएस सर्विसेज लिमिटेड को info@masserv.com पर अनुरोध भेजकर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। लॉगइन में किसी तकनीकी समस्या की स्थिति में सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा टोल फ्री नंबर : 1800 1020 990 तथा 1800 22 44 30 पर सम्पर्क कर सकते हैं। तथापि, यदि कोई व्यक्ति ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल में पहले से पंजीकृत है, तब मौजूदा लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड का इस्तेमाल वोट डालने के लिए किया जा सकता है। तदुपरांत एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद सदस्य को बाद में उसमें बदलाव करने की अनुमति नहीं होगी। एजीएम में ई-वोटिंग द्वारा वोट डालने की सुविधा उपलब्ध होगी तथा एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके सदस्य एजीएम में भाग ले सकते हैं परंतु उनको दोबारा वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। श्री पुनीत कुमार पांडे, कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी (सदस्यता सं. ए29848 एवं सीपी संख्या 10913) को ई-वोटिंग प्रक्रिया के लिए संवीक्षक नियुक्त किया गया है। रिमोट ई-वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी गई है। ई-वोटिंग के संबंध में कोई भी संदेह/शिकायत सुश्री मीनू गोस्वामी, कम्पनी सेक्रेटरी, ओके प्ले इंडिया लिमिटेड, प्लॉट नंबर 17-18, रोज-का-मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा-122103, ई-मेल : meenu.goswami@okplay.in को संबोधित की जा सकती है। एतद्द्वारा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91, कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 10 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर हस्तांतरण बहियां 23 सितम्बर, 2022 से 29 सितम्बर, 2022 (दोनों दिन सहित) तक वार्षिक सामान्य बैठक में शेयरधारकों को अभिलेखबद्ध करने के प्रयोजनार्थ बंद रहेंगी।

वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता./-
मीनू गोस्वामी
कम्पनी सेक्रेटरी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 08 सितम्बर, 2022

**एसवीपी हाउसिंग लिमिटेड**

(पूर्वतः महाबीर मेटलेक्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय : ए-3, एनडीएसई, पार्ट-1, नई दिल्ली-110049
सीआईएन : यू70100डीएल2003पीएलसी118413, वेबसाइट : www.svphousing.com
ई-मेल आईडी : info@spvhousing.com फोन : 011-41070148

**वार्षिक सामान्य बैठक तथा ई-वोटिंग की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 19वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 30 सितम्बर, 2022 को पूर्वा. 11.00 बजे ए-3, एनडीएसई पार्ट-1, नई दिल्ली-110049 में आयोजित की जाएगी, जिसमें उक्त सूचना में सूचीबद्ध कार्य निष्पादित किए जाएंगे।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2015 द्वारा यथा संशोधित, के नियम 20 के अनुपालन में, कम्पनी इसके सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है ताकि वे एजीएम की सूचना दिनांकित 06 सितम्बर, 2022 में सूचीबद्ध सभी प्रस्तावों पर अपना वोट नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई ई-वोटिंग सेवाओं के माध्यम से डाल सकें।

एजीएम आयोजन संबंधी सूचना की प्रतियां उपस्थिति पर्ची तथा परोक्षी फार्म सहित, कम्पनी के उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा भेजी जा चुकी हैं, जिनकी ई-मेल आईडीज कम्पनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत है। अन्य सदस्यों के मामले में अर्थात जिन सदस्यों की ई-मेल आईडीज पंजीकृत नहीं है, उनको कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2015 द्वारा संशोधित की अपेक्षानुसार उपरोक्त दस्तावेजों की भौतिक प्रतियां अनुमत विधि द्वारा सदस्यों के पंजीकृत पते पर भेजी जाएंगी तथा यह कार्य 08-09-2022 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

**सभी सदस्यों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि :-**

(i) रिमोट ई-वोटिंग अवधि मंगलवार, 27 सितम्बर, 2022 को प्रातः 09.00 बजे आरंभ होगी तथा बृहस्पतिवार, 29 सितम्बर, 2022 को सायं 5.00 बजे समाप्त होगी। 29 सितम्बर, 2022 अप. 05.00 बजे के बाद रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी। तदुपरांत एनएसडीएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर एक बार वोट डालने के बाद उसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।

(ii) कोई व्यक्ति, जो 02 सितम्बर, 2022 के बाद अथवा विच्छेदन तिथि अर्थात् 23 सितम्बर, 2022 से पूर्व कम्पनी का सदस्य बनता है (जिसको एजीएम की सूचना प्रेषित नहीं की गई है) ई-वोटिंग के लिए लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करने के लिए फोलियो नंबर/डीपी आईडी अथवा कलाइंट आईडी के उल्लेख के साथ evoting@nsdl.co.in अथवा helpdesk@nsdl.co.in को ई-मेल लिख सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि सदस्य ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल ई-वोटिंग प्लेटफार्म के साथ पहले से पंजीकृत है, तब वह मौजूदा यूजर आईडी तथा पासवर्ड का उपयोग रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट डालने के लिए कर सकता है।

(iii) सदस्यगण नोट करें कि :-
(क) एजीएम में मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ;
(ख) सदस्य एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने के बाद भी एजीएम में भाग ले सकता है, परंतु उसको अपना वोट दोबारा डालने का अधिकार नहीं होगा।

(iv) एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामत : www.spvhousing.com पर भी उपलब्ध है।

निदेशक मंडल ने मैसर्स अंकित सिंघल ऐंड एसोसिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज, नई दिल्ली को वोटिंग/मतदान तथा रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया एक निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संचालित करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया है।

सदस्यों से एजीएम सूचना में मुद्रित ई-वोटिंग संबंधी अनुदेश ध्यानपूर्वक पढ़ लेने का अनुरोध है। किसी संदेह की स्थिति में, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूज) तथा शेयरधारकों हेतु यूजर मैनुअल देखें अथवा evoting@nsdl.co.in/amitv@nsdl.co.in पर ई-मेल द्वारा अथवा टोल फ्री नंबर : 1800-222-990/टेलीफोन नंबर : 022-2499 4360 पर एनएसडीएल से सम्पर्क कर सकते हैं।

हरित पहल के समर्थन हेतु, सदस्यगण, जिनके द्वारा अपना ई-मेल पता अभी तक पंजीकृत नहीं करवाया गया है अथवा जो अपना ई-मेल पता अद्यतन करवाना चाहते हैं, उनसे सभी सूचनाएं इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त करने के लिए अपने संबंधित डीपी (इलेक्ट्रॉनिक धारण के लिए) अथवा बिग शेयर सर्विसेज प्रा. लि./कम्पनी (भौतिक धारण के लिए) से सम्पर्क करने का अनुरोध किया जाता है।

वास्ते एसवीपी हाउसिंग लिमिटेड
हस्ता./-
(विजय कुमार)
प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 06-09-2022

# भारी सुरक्षा के बीच निकली लाटभैरव महराज की तिलकोत्सव यात्रा, काशीवासियों ने की पुष्पवर्षा







पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी

**काशी** के न्यायाधीश अनादिकालेश्वर बाबा लाट भैरव के भाल पर तिलक सजा तो काशीवासी भी विवाहोत्सव के उल्लास में डूब गए। बुधवार की शाम 7रू45 बजे कज्जाकपुरा स्थित जानकीबाग से बाबा लाट भैरव बाबा की तिलक शोभायात्रा निकाली गई। दूल्हा बनने से पहले राजशाही ठाठ से शहर भ्रमण पर निकले बाबा लाट भैरव की लोगों ने जगह-जगह पर आरती उतारी और बाबा के ऊपर पुष्प वर्षा की गई। इस दौरान शोभायात्रा में चल रहे डीजे और झूमते भक्तों की टोली ने पूरे माहौल को खुशनुमा बना दिया। रात नौ बजे तक शोभायात्रा हनुमान फाटक तक पहुंची थी। सैकड़ों लोगों की भीड़ साथ चल रही थी। बाबा के दर्शन के लिए लोग शाम से ही सड़कों के किनारे खड़े थे। जलालीपुरा, तेलियाना, हनुमान फाटक, बलुआबीर, अंबिया मंडी, कतुआपुरा, जतनबर, भैरवनाथ होते हुए विशेश्वरगंज सब्जी मंडी स्थित शीतला माता मंदिर शोभायात्रा पहुंची।

### शीतला माता मंदिर पर तिलकहरुओं का स्वागत

श्री कपाल भैरव व लाट भैरव प्रबंधक समिति के अध्यक्ष हरिहर पांडेय ने बाबा को तिलक चढ़ाया। इसी के साथ बाबा की बरात निकालने की तैयारी भी शुरू हो गई। शोभायात्रा में 51 थाल में वस्त्र, फल, फूल, माला, कारन, मिष्ठान, चावल, दही, पूजन सामग्री समेत बाबा को चढ़ाने के लिए आभूषण रखा गया था। बैंड, बाजा, डीजे, लाइट समेत भूत प्रेत का रूप धारण किए लाग विमान शोभायात्रा में शामिल थे।

## छत्तीसगढ़ पहुंची गोंडा के माटी की खुशबू



**गोंडा।** प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर (छत्तीसगढ़) का कुलपति बनकर गोंडा जिले का नाम रोशन किया है। प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव डिपार्टमेंट ऑफस्टेटिस्टिक्स इंस्टिट्यूट सोशल साइंसेज डॉ0 भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी आगरा में वरिष्ठ प्रोफेसर रहे। इसके साथ ही इसी विश्वविद्यालय में वे मुख्य नियंता समेत कई पदों पर भी कार्य कर चुके हैं। उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं तथा उनके कई शोध पत्र प्रकाशित हुए। वह श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा के पूर्व प्रोफेसर स्व0 डॉ0 प्रेम शंकर लाल श्रीवास्तव तथा डॉ0 श्रीमती शोभा श्रीवास्तव के इकलौते पुत्र हैं। यह जानकारी देते हुए एलबीएस पीजी कॉलेज के पूर्व मुख्य नियंता/सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. ओंकार पाठक ने बताया कि उनकी इस उपलब्धि पर उनके परिजन, रिश्तेदार, इष्ट मित्र व जनपदवासी गदगद हैं।

## शादी का झांसा देकर करता रहा दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन का दबाव



**बांदा।** शादी का झांसा देकर 2 वर्षो तक किया दुष्कर्म और फिर धर्म परिवर्तन कराने के लिए परिवार जनों ने बनाया दबाव। इस मामले में रेप और धर्म परिवर्तन की धाराओ में केस दर्ज किया गया है। घटटना में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शहर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक मुस्लिम युवक ने शादी का झांसा देकर एक नाबालिग लड़की से रेप किया, इसके बाद युवक और उसके परिवारजनों ने उसको मुस्लिम धर्म परिवर्तन कराने का दबाव भी बनाया। पुलिस ने इस मामले बलात्कार और धर्म परिवर्तन जैसे गंभीर धाराओ में केस दर्ज कर लिया है और 6 लोगो को अरेस्ट किया है। एक आरोपी जो इनकी मदद करता था वो मौके से फरार है। पुलिस के मुताबिक लड़के पक्ष के लोग हिन्दू नाबालिग लड़की को धर्म परिवर्तन का दबाव बनाते थे और हैदराबादए लखनऊए बाराबंकीए कानपुर ले गए थेए साथ ही एक दरगाह भी धर्म बदलने के लिए ले गएए लेकिन लड़की मौका पाकर निकल गयी। मामला शहर कोतवाली के अलीगंज इलाके का है। मुस्लिम लड़का का पूरा परिवार और उसके दोस्त लड़की को कई जगह दरगाह और मस्जिदों और मदरसों में ले गए उसका ब्रेनवाश किया कि तुम मुसलमान धर्म स्वीकार कर लो तो तुम्हें ?500000 मिलेगा और रोजगार भी मिलेगा हिंदू लड़की को कानपुर बाराबंकी दिल्ली के ओखला क्षेत्र में अलीगढ़ आदि जगह घूमते रहे। अभिनंदन ने बताया कि एक प्रकरण है कि एक युवक एक सितंबर को एक लड़की को लेकर चला गया थाए तत्काल हमने को बरामद करने के लिए टीम लगाई गई थीए जिसमे हमने सकुशल बरमदिगी की है विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बांदा मिस्टर बेदी ने मुख्यमंत्रीउत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि ऐसे अराजक तत्वों को सख्ती से कुचला जाए इसको मुसलमान श्रीनगर की घाटी बनाना चाहते है 2वर्ष से एक हिन्दू लड़की को लव जिहाद में फसाकर मुशिलम पूरा परिवारए एक ऐसा ही और मामला है बाँदा क़े सर्वोदय नगर चिल्ला रोड बाँदा में भी एक मुशिलम लड़के ने हिन्दू लड़की को लेकर भगा और उसे भी मुशिलम धर्म स्वविकार करा दिया है।

# नोडल अधिकारी ने विकास कार्यों का लिया जायजा



**गोंडा।** गुरूवार को नोडल अधिकारी/महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश शासन श्रीमती कंचन वर्मा (आई.ए.एस.) ने विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों के प्रगति की विभागवार समीक्षा किया। समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज के साथ ही स्वास्थ विभाग के सीएचसी, पीएचसी व अन्य अस्पतालों में आने वाले मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही गेहूं क्रय केंद्रों की व्यवस्था की समीक्षा, जनपद में स्थापित गौशाला की समीक्षा, बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में कराए जा रहे कायाकल्प, ड्रेस वितरण, बच्चों के किताब वितरण, रजिस्ट्रेशन तथा विद्यालय की बाउंड्रीवाल, स्वास्थ्य विभाग के सीएचसी, पीएचसी पर आने वाले मरीजों को दिये जाने वाली सुविधाओं के संबंध में, माध्यमिक शिक्षा विभाग में टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण की समीक्षा की गई। उन्होंने जिले की साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ ही नालों की सफाई तथा सफाई कर्मियों व अन्य संविदा कर्मियों के मानदेय व नगर पालिका/नगर पंचायत की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास के लक्ष्य के संबंध में समीक्षा की गई, जल निगम विभाग की समीक्षा के दौरान पाइप लाइन, पानी टंकी के निर्माण की क्वालिटी के संबंध में समीक्षा की गई। इस दौरान नोडल अधिकारी ने अटल आवासीय विद्यालय सिसवा मनकापुर सहित कई अन्य विभाग की योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, डीएफओ आरके त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, डीसी एनआरएलएम, डीसी मनरेगा, डीडी कृषि, डीपीआरओ, डीपीओ प्रोबेशन, डीएसटीओ, एक्सईएन जल निगम, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी सीडी-1 सीडी-2, प्रांतीय खंड, उद्योग विभाग, श्रम विभाग, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश से डिलीट हो चुकी है सपाः पाठक

**बदायू।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सपा प्रदेश से डिलीट हो चुकी है और आने वाले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक बार फिर बड़ी जीत हासिल करेगी। उन्होंने यह टिप्पणी अखिलेश यादव द्वारा मौजूदा उत्तर प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को 100 विधायक के साथ आने पर मुख्यमंत्री बनाने की पेशकश किए जाने के जवाब में की है। पाठक ने अपने एक दिवसीय बदायूं दौरे के दौरान संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को अखिलेश की ओर से की गई पेशकश के बारे में कहा, सपा एक डूबता हुआ जहाज है। उन्होंने कहा कि हमने समाजवादी पार्टी को वर्ष 2017 और



2022 के विधानसभा चुनाव में और 2019 के लोकसभा चुनाव में हराया हैअ समाजवादी पार्टी प्रदेश से डिलीट हो चुकी (मिट चुकी) है और आने वाले चुनावों में भाजपा एक बार फिर बड़ी जीत हासिल करेगी। गौरतलब है कि अखिलेश यादव ने मंगलवार को एक निजी समाचार चैनल के कार्यक्रम में कहा था कि अगर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बिहार में हाल में हुए राजनीतिक घटनाक्रम से सबक लेते हुए अपने साथ 100 विधायक लेकर सपा में शामिल हो जाएं तो वह उन्हें मुख्यमंत्री बना देंगे। इसका जवाब देते हुए मौर्य ने कहा कि जिस तरह से पानी से निकलने के बाद मछली तड़पती है, उसी तरह अखिलेश यादव सत्ता के बिना तड़प रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा के 100 विधायक खुद ही भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के लिए तैयार हैं, लेकिन हमें उन्हें तोड़ने की आवश्यकता नहीं क्योंकि हमारी सरकार पूर्ण बहुमत से अच्छे ढंग से चल रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने भी ट्वीट किया था, अखिलेश यादव अपने गठबंधन, अपने परिवार की, अपनी पार्टी और अपने विधायकों की भी चिंता कर लें, क्योंकि उनके विधायक हमारे संपर्क में हैं। गौरतलब है कि केशव प्रसाद मौर्य प्रदेश की पिछड़ी जातियों के बड़े नेता माने जाते हैं और योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली पिछली सरकार की तरह मौजूदा सरकार में भी उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। प्रदेश में भाजपा गठबंधन के पास 403 में से 273 विधायक हैं, जबकि समाजवादी पार्टी गठबंधन के सदन में कुल 119 सदस्य हैं।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले की सुनवाई टली, अदालत ने अगली तारीख सात अक्टूबर तय की

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मे कमिश्नर नियुक्त कर सर्वे कराए जाने के आग्रह वाली याचिका पर सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत मे होने वाली सुनवाई उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से बृहस्पतिवार को भी कोई प्रतिनिधि हाजिर नही होने के कारण टाल दी गई। अब इस मामले पर आगामी सात अक्टूबर को सुनवाई की जाएगी। हिन्दू पक्ष के वकील देवकीनंदन शर्मा ने बताया कि सिविल जज (सीनियर डिविजन) ज्योति सिंह की अदालत मे श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले की सुनवाई की जानी थी। उन्होने बताया कि यह मामला अखिल भारत हिन्दू महासभा की ओर से उसके कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा द्वारा दी गई उस अर्जी से सम्बन्धित है जिसमे मांग की गई है कि किसी वरिष्ठ अधिवक्ता को कमिश्नर नियुक्त कर ईदगाह का सर्वे कराया जाए, क्योंकि वह मूलतः ठाकुर केशवदेव के भव्य मंदिर का एक हिस्सा है और उसे नष्ट कर उसी के मलबे से ईदगाह का निर्माण किया गया है। शर्मा ने बताया कि अदालत मे आज भी प्रतिवादी उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड चेयरमैन की ओर से कोई भी प्रतिनिधि हाजिर नही हुआ, जिसके चलते सुनवाई टाल दी गई और अगली सुनवाई की तारीख सात अक्टूबर नियत कर दी गई।

## बरेली जामा मस्जिद को दी बम से उड़ाने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** किला थाना क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद के इमाम को हटवाने के लिए बम से उड़ाने की धमकी भरा पर्चा चस्पां करने के आरोप मे बृहस्पतिवार को सुबह एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज ने बताया कि बुधवार को सुबह छह बजे किला थाना क्षेत्र मे जामा मस्जिद की दीवार पर धमकी भरा पर्चा चिपका हुआ था। इसमे मस्जिद को बम विस्फोट कर उड़ाने और मस्जिद के इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम को गोली मारने की धमकी दी गई थी। थाना किला मे मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आज सुबह इस मामले मे किला क्षेत्र के रहने वाले मोहम्मद समद (25) को गिरफ्तार कर लिया।

# गोंडा में क्लीनिक पर सो रहे झोलाछाप डॉक्टर की गला रेतकर हत्या

**गोंडा।** जिले में क्लीनिक पर सो रहे एक कथित झोला छाप डॉक्टर की गला रेतकर हत्या कर दी गई। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करवाकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि मृत युवक के ससुर की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का अभियोग दर्ज कर मामले की जांच के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं। तरबगंज के पुलिस उपाधीक्षक संसार चंद राठी ने बृहस्पविार को बताया कि बहराइच जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र का मूल निवासी राजेश चौहान (32) गोंडा जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के जैतपुर माझा गांव के चौहान पुरवा स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। उन्होंने बताया कि आजीविका के लिए वह अपंजीकृत चिकित्सक के रूप से लोगों का इलाज किया करता था। राठी ने बताया कि बधवार रात वह अपने घर से कुछ दूर स्थित क्लीनिक के बाहर चौकी पर सो रहा था, तभी देर रात करीब एक बजे कुछ अज्ञात लोगों ने उस पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि युवक की चीख सुनकर मकान मालकिन (जिस भवन में क्लीनिक है) गुड़िया जब बाहर निकली, तब तक हमलावर गला रेतकर फरार हो गए।

## नमो-नमो मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय विधायकों का स्वागत व अभिनंदन 11 को



**वाराणसी।** नमो-नमो मोर्चा वाराणसी मंडल एवं जिला द्वारा काशी के पावन धरती पर पहली बार राष्ट्रीय अध्यक्ष मुस्कान शर्मा एवं रोहनिया विधायक डॉ0 सुनील पटेल तथा सेवापुरी विधायक नीलरतन सिंह पटेल का भव्य स्वांगत एवं अभिनंदन समारोह कार्यक्रम 10 सितम्बर 2022 को एस एच वाटिका, बंगालीपुर (राजातालाब) क्षेत्र में मध्याह्न साढ़े 12 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मुस्कान शर्मा, मुख्यवक्ता प्रदेश अध्यक्षा मीना मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि भुनेश्वर शर्मा, सारस्वत अतिथि प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी होगें। यह जानकारी गुरूवार को पराड़कर स्मृति भवन में नमो-नमो मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार दूबे (मुन्ना), जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाण्डेय एवं वैदिक आचार्य पं0 अमित कुमार पाण्डेय ने संयुक्तरूप से पत्रकार वार्ता में दी। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर पंचक्रोशी, माँ भीमचंडी देवी सहित कई स्थानों पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में प्रदेश महासचिव गिरीश कुमार दूबे, मंडल अध्यक्ष संजय कुमार मिश्र, अरविन्द कुमार पाण्डेय, व राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को ऋण वितरण विषय पर कार्यशाला



**वाराणसी।** भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ कार्यलय द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के वित्त पोषण के लिए बैंकर्स के क्षमतावर्धन पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 07 एवं 08 सितंबर 2022 को वाराणसी में किया गया। इस कार्यशाला में बालु केंचप्पा, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, श्रीमती सोनाली दास, महाप्रबंधक, पुष्कर कुमार, प्रबंधक, सुश्री अपराजिता, प्रबंधक तथा अन्य बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थें। बालु केंचप्पा, क्षेत्रीय निदेशक ने प्रतिभागियों को देश के विकास में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों की भागीदारी एवं योगदान के महत्व को समझाते हुए उनके विकास पर जोर देने की सलाह दी। सोनाली दास महाप्रबंधक ने कार्यशाला के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को ऋण वितरण विषय पर प्रतिभागियों को संबोधित किया।कार्यशाला में विभिन्न बैंकों के 75 अधिकारियों ने प्रतिभागिता की जिन्हें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से संबंधित विषयों पर अतिथि व्याख्याताओं द्वारा महत्त्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

## उर्वरक व बीज की दुकानों पर छापेमारी

**गोंडा।** शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर कृषि विभाग के उपनिदेशक व जिला कृषि अधिकारी की टीम द्वारा जिले के अलग-अलग तहसीलों में छापेमारी की गई। उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज की दुकानों पर कीटनाशक दवाओं की बिक्री की सघन चेकिंग की गई। जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार के निर्देश पर कृषि उप निदेशक शैलेंद्र कुमार शाही को मनकापुर व सदर तहसील, जिला कृषि अधिकारी जेपी यादव को करनैलगंज एवं तरबगंज तहसील में छापेमारी की जिम्मेदारी दी गई। दोनों अधिकारियों की टीम ने 26 दुकानों पर छापेमारी किया। जिसमें कीटनाशक दवाओं के 18 नमूने लिए गए। दो दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिन दुकानों पर स्टॉक बोर्ड, रेट बोर्ड एवं स्टॉक अभिलेख सही नहीं पाया गया उन्हें नोटिस जारी किया गया है। 18 दुकानों से नमूने लिए गए हैं जिन्हें परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। यह छापेमारी गुरुवार देर शाम तक चली। ताबड़तोड़ छापेमारी से उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। कृषि उपनिदेशक ने बताया कि मौजूदा समय में किसानों को कीटनाशक दवाओं की सबसे अधिक आवश्यकता है। यदि कीटनाशक दवाओं में किसी प्रकार की कमी पाई गई तो संबंधित दुकानदार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा कर कार्रवाई की जाएगी।

## बाढ़ राहत सामग्री का हुआ वितरण

**गोंडा।** जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार के निर्देशानुसार गुरूवार को तहसील तरबगंज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम सभा ऐलीपरसौली के बिहारीपुरवा, केवटाही व बाबूरामपुरवा में बाढ़ कटान पीड़ित 50 परिवारों को बाढ़ राहत सामग्री वितरित की गई। बाढ़ राहत सामग्री पैकेट का वितरण ब्लाक प्रमुख तरबगंज मनोज पांडेय के द्वारा किया गया।

# पितृपक्ष 10 सितम्बर से होगा शुरू, 25 को समापन

### महालया पर अर्पित करेंगे श्रद्धा, शनिवार से होगा प्रारंभ

पायनियर समाचार सेवा।वाराणसी



**पूर्वजों** को श्रद्धापूर्वक यादकर श्राद्ध कर्म किया जाता है। श्राद्ध उसी तिथि को किया जाता है, जिस तिथि को पितर परलोक गए थे। श्राद्ध न केवल पितरों की मुक्ति के लिए किया जाता है बल्कि उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट करने के लिए भी किया जाता है। पितृपक्ष का प्रारंभ शनिवार के दिन पूर्णिमा तिथि 10 सितंबर से होगा और अमावस्या तिथि पर 25 सितंबर को समापन होगा। पंडित अमित कुमार पाण्डेय के अनुसार पितृपक्ष 15 दिनों के बजाय इस बार 16 दिन का रहेगा। अष्टमी तिथि 17 सितंबर की बजाय 18 सितंबर को मनाई जाएगी। पितृपक्ष में पितरों का पूजन करने से हमें उनकी कृपा प्राप्त होती है एवं हर प्रकार की बाधाओं से मुक्ति मिलती है। पितृपक्ष में श्रद्धा पूर्वक अपने पूर्वजों को जल देने का विधान है। प्रातःकाल जल में थोड़ा सा काली तिल, मोटक कुशा के साथ पितृ तीर्थ से जल अर्पित करने का विधान है। शास्त्रों के अनुसार, पितृ पक्ष में पंचबली के माध्यम से पांच विशेष प्रकार के जीवों को श्राद्ध का बना भोजन कराने का नियम है। इसके लिए सबसे पहले ब्राह्मणों के लिए पकाए गए भोजन को पांच पत्तल में निकालें और सभी पत्तल में भोजन रखकर सभी के अलग-अलग मंत्र बोलते हुए एक-एक भाग पर अक्षत छोड़कर पंचबली समर्पित की जाती है।

### सबसे पहला ग्रास गऊ माता के लिए

पंडित अमित कुमार पाण्डेय ने बताया ब्रह्म पुराण में पंचबलि का बहुत महत्व है। पंचबली के लिए सबसे पहला ग्रास या भोजन गाय के लिए निकाला जाता है, जिसे गो बलि के नाम से जाना जाता है। इसके बाद दूसरा ग्रास कुत्ते को देना चाहिए, जिसको श्वान बलि के कहते हैं, फिर तीसरा ग्रास कौआ, जिसे काक बलि कहते हैं। चौथा ग्रास देव बलि होता है, जिसे जल में प्रवाहित कर दें या फिर गाय को दे दें और अंतिम पांचवां ग्रास चीटियों के लिए सुनसान जगह पर रख देना चाहिए, जिसे पिपीलिकादि बलि के नाम से जाना जाता है।

### श्राद्ध के लिए तय 2022 की तिथियां

| | |
|---|---|
| 10 सितंबर | पूर्णिमा का श्राद्ध |
| 11 सितंबर | प्रतिपदा का श्राद्ध |
| 12 सितंबर | द्वितीया का श्राद्ध |
| 12 सितंबर | तृतीया का श्राद्ध |
| 13 सितंबर | चतुर्थी का श्राद्ध |
| 14 सितंबर | पंचमी का श्राद्ध |
| 15 सितंबर | षष्ठी का श्राद्ध |
| 16 सितंबर | सप्तमी का श्राद्ध |
| 18 सितंबर | अष्टमी का श्राद्ध |
| 19 सितंबर | नवमी श्राद्ध |
| 20 सितंबर | दशमी का श्राद्ध |
| 21 सितंबर | एकादशी का श्राद्ध |
| 22 सितंबर | द्वादशी/संन्यासियों का श्राद्ध |
| 23 सितंबर | त्रयोदशी का श्राद्ध |
| 24 सितंबर | चतुर्दशी का श्राद्ध |
| 25 सितंबर | अमावस्या का श्राद्ध |

# टियाफो अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में

## अल्कारेज से होगी भिड़ंत

**भाषा।** न्यूयॉर्क





**फ्रांसिस टियाफो** अपने से बेहतर रैंकिंग वाले आंद्रे रूबलेव को यहां सीधे सेट में हराकर 2006 में एंडी रोडिक के बाद अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले मेजबान देश के पहले खिलाड़ी बने। चौथे दौर में 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने वाले 22वें वरीय टियाफो ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए नौवें वरीय रूबलेव को 7-6 (3), 7-6 (0), 6-4 से हराया। चौबीस साल के टियाफो ने कहा, मैं दुनिया को यह दिखाना पसंद करता हूं कि मैं क्या कर सकता हूं। मैं बस कोर्ट पर उतरकर दर्शकों को वह देना चाहता हूं जो वे चाहते हैं - और यही मुझे जीत दिला रहा है। इस बार टूर्नामेंट के पुरुष एकल में ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं बचा है जिसने कोई बड़ा खिताब जीता हो। सेमीफाइनल में टियाफो की भिड़ंत शुक्रवार को स्पेन के तीसरे वरीय कार्लोस अल्कारेज से होगी जिन्होंने 11वें वरीय यानिक सिनर को 6-3, 6-7 (7), 6-7 (0), 7-5, 6-3 से हराया। अल्कारेज और सिनर के बीच यह मुकाबला पांच घंटे और 15 मिनट तक चला। यह क्वार्टर फाइनल मैच गुरुवार तड़के दो बजकर 50 मिनट तक चला जो अमेरिकी ओपन के इतिहास में सबसे देर से खत्म होने वाला मुकाबला है। इससे पहले अमेरिकी ओपन में सबसे देर से खत्म होने वाला मुकाबला तड़के दो बजकर 26 मिनट तक चला था। उन्नीस साल के अल्कारेज पहली बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं और 1990 में 19 साल की उम्र में पीट सम्प्रास के अमेरिकी ओपन का खिताब जीतने के बाद टूर्नामेंट में इतने आगे तक पहुंचने वाले वह सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी हैं। बुधवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में मौजूद रोडिक 16 साल पहले खिताबी मुकाबले में रोजर फेडरर से हार गए थे। वह न्यूयॉर्क में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले आखिरी अमेरिकी पुरुष खिलाड़ी थे। रोडिक 2003 अमेरिकी ओपन में खिताबी जीत के साथ कोई भी ग्रैंडस्लैम एकल चैंपियनशिप जीतने वाले देश के अंतिम पुरुष खिलाड़ी भी हैं। टियाफो ने बुधवार को आक्रामक टेनिस खेला और एक बार भी अपनी सर्विस नहीं गंवाई। उन्होंने रूबलेव के खिलाफ शानदार वॉली के अलावा 18 ऐस भी लगाए। रूस के रूबलेव की ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में यह छह मैच में छठी हार है। टियाफो ने नेट पर 41 में से 31 अंक जीते जबकि रूबलेव केवल 11 बार नेट पर आए। बुधवार को महिलाओं के क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर एक इगा स्वियाटेक ने अमेरिका की नंबर आठ खिलाड़ी जेसिका पेगुला को 6-3, 7-6 से हराया। शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ियों के खिलाफ यह उनकी लगातार आठवीं जीत है। स्वियाटेक सेमीफाइनल में छठे नंबर की एरिना सबालेंका से भिड़ेंगी जिन्होंने कैरोलिना प्लिस्कोवा पर 6-1, 7-6 से जीत हासिल की। स्वियाटेक फ्रेंच ओपन में दो बार की चैंपियन हैं लेकिन इस साल से पहले कभी न्यूयॉर्क में चौथे दौर से आगे नहीं बढ़ी थी। स्वियाटेक ने कहा, टूर्नामेंट की शुरुआत में मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी। अन्य महिला सेमीफाइनल में गुरुवार को पांचवें नंबर की ओन्स जेब्युर की भिड़ंत 17वें नंबर की कैरोलिन गार्सिया होगी जिन्होंने मंगलवार को 18 वर्षीय अमेरिकी कोको गॉफ को हराया।

## नेपाल के क्रिकेट कप्तान पर लगा नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल क्रिकेट** टीम के कप्तान संदीप लामिछाने पर 17 साल एक लड़की ने यहां के एक होटल के कमरे में उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस किशोर लड़की ने गौशाला महानगर पुलिस सर्कल में मंगलवार को दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में आरोप लगाया कि 22 साल के लामिछाने ने लगभग तीन सप्ताह पहले एक होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया। गौशाला पुलिस सर्कल में दर्ज मामले के अनुसार लामिछाने 21 अगस्त को कथित तौर पर लड़की को काठमांडू और भक्तपुर के विभिन्न स्थानों पर ले गया। उसी रात काठमांडू के एक होटल में उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने हालांकि कहा कि वह घटना के संबंध में सीसीटीवी फुटेज समेत अन्य सबूत जुटा रही है। पुलिस ने कहा कि मामले की ठीक से जांच किए बिना कुछ नहीं कहा जा सकता है। लामिछाने इस समय कैरेबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) में खेल रहा है। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने वाले नेपाल का पहला खिलाड़ी है। उन्होंने 2018 में दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी के लिए पदार्पण कर सुर्खियां बटोरी थी।लामिछाने को हाल ही में नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) ने कहा कि लामिछाने ने इन आरोपों से इनकार करते हुए खुद को निर्दोष बताया है।

# आईसीसी टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड से भिड़ेगा भारत

**भाषा।** दुबई

**भारत आईसीसी** टी20 विश्व कप के अपने अभ्यास मैच में गत चैंपियन आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड से क्रमश: 17 और 19 अक्टूबर को भिड़ेगा। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम अपने दोनों मैच ब्रिसबेन के गाबा में खेलेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही 16 टीम के अभ्यास मैच का कार्यक्रम जारी किया। एतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पहले दौर में हिस्सा ले रही टीम के अभ्यास मुकाबलों की मेजबानी 10 से 13 अक्टूबर तक करेगा जबकि ब्रिसबेन के गाबा और एलेन बॉर्डर फील्ड में सुपर 12 चरण में खेलने वाली टीम के अभ्यास मैच 17 से 19 अक्टूबर तक खेले जाएंगे। पहले अभ्यास मैच में 2012 और 2016 का चैंपियन वेस्टइंडीज 10 अक्टूबर को जंक्शन ओवल में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगा। पहले दौर में खेलने वाली प्रत्एक टीम को दो अभ्यास मैच खेलने को मिलेंगे। वर्ष 2009 का चैंपियन पाकिस्तान और 2010 का चैंपियन इंग्लैंड गाबा में 18 अक्टूबर को आमने सामने होंगे। टी20 विश्व कप 2014 का चैंपियन श्रीलंका अपने दो अभ्यास मैच मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर 10 और 13 अक्टूबर को खेलेगा। आईसीसी ने कहा है कि दर्शकों को अभ्यास मुकाबलों के लिए स्टेडियम में आने की इजाजत नहीं होगी। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की शुरुआत गीलोंग के कार्डीनिया पार्क स्टेडियम में श्रीलंका और नामीबिया के बीच 16 अक्टूबर के बीच होने वाले मुकाबले के साथ होगी।

## महिला फुटबॉलरों के लिए न्यूनतम वेतन सुनिश्चित करना एआईएफएफ अध्यक्ष की प्राथमिकता में



**भाषा।** कोलकाता

**अखिल भारतीय** फुटबॉल महासंघ के नए अध्यक्ष कल्याण चौबे की प्राथमिकता में महिला फुटबॉल का विकास है जिसके तहत महिला और पुरूष फुटबॉल खिलाड़ियों के वेतन में अंतर को कम करना शामिल है। चौबे ने संतोष ट्रॉफी जैसे कुछ पुराने टूर्नामेंटों को नया जीवन देने की भी इच्छा व्यक्त की। उन्होंने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा , हम महिला फुटबॉलरों के लिए न्यूनतम वेतन तय करना चाहते हैं ताकि पुरूष फुटबॉलरों और उनके वेतन में अधिक अंतर नहीं रहे। हम आईडब्ल्यूएल को पहले से बेहतर बनाना चाहते हैं। पिछले साल महान फुटबॉलर बेमबेम देवी ने महिला खिलाड़ियों की आर्थिक परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा था कि उन्हें मामूली सा वेतन मिलता है। चौबे ने अंडर 17 महिला लीग शुरू करने की भी घोषणा की जो भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ मिलकर शुरू की जाएगी। एक महीने के भीतर फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप भारत में होना है। एआईएफएफ इसका प्रचार साइ के साथ भारत के 40 स्थानों पर मैचों का आयोजन करके करना चाहता है।

## रोमांचक मुकाबले के बाद एक बार फिर भिड़े पाकिस्तान, अफगानिस्तान के प्रशंसक

**शारजाह।** एशिया कप के सुपर फोर चरण में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बेहद रोमांचक मैच के बाद दोनों पड़ोसी देशों के प्रशंसकों के बीच मैदान के बाहर भिड़ंत हो गई। इससे पहले दोनों देशों के प्रशंसक पिछले साल टी20 विश्व कप और 2019 एकदिवसीय विश्व कप में दौरान भी एक-दूसरे से भिड़ गए थे। बुधवार को शारजाह में खेले गए मैच में यह विवाद तब और बढ़ गया जब पाकिस्तान के बल्लेबाज आसिफ अली ने आउट होने के बाद अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फरीद अहमद को मारने के लिए अपना बल्ला उठा लिया था।

## नेपोली ने चैंपियन्स लीग में लीवरपूल को 4–1 से हराया

**नेपल्स।** नेपोली ने चैंपियन्स लीग फुटबॉल मे पिछले सत्र के उप विजेता लीवरपूल पर बुधवार को 4-1 की आसान जीत दर्ज की। ग्रुप के पहले दौर के मैच मे नेपोली ने पहले हाफ मे तीन जबकि दूसरे हाफ मे एक गोल दागा। नेपोली के पियोत्र जीलिंस्की ने पेनल्टी पर गोल दागकर बढ़त दिलाई जिसके बाद आंद्रे फ्रेंक जेबो एनगुइसा ने टीम की बढ़त को दोगुना किया। एटलेटिको मैड्रिड के कोच डिएगो सिमियोन के बेटे जियोवानी सिमियोन ने इसके बद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप मे उतरकर गोल दागा और नेपाली को 3-0 से आगे किया।

## बायर्न ने चैंपियन्स लीग में इंटर मिलान को हराया

**मिलान।** बायर्न म्यूनिख ने सैन सिरो मे इंटर मिलान को 2-0 से हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का अपना पहला मैच जीतने की परंपरा को जारी रखा। लेरॉय साने ने बायर्न को 25वें मिनट मे बढ़त दिलाई और दूसरे गोल मे भी उनकी भूमिका रही। इंटर के डिफेंडर डेनिलो डिएम्ब्रोसियो ने 66वें मिनट मे सासने के शॉट पर गेंद को अपने ही गोल मे डाल दिया। यह लगातार 19वीं बार है जब जर्मनी की टीम ने प्रतियोगिता मे अपना पहला मैच जीता है और 17वीं बार उसके खिलाफ कोई गोल नही हुआ।

## जापान में शिनहैन डोंगहेई ओपन में संधू शीर्ष भारतीय

**नारा (जापान)।** भारतीय गोल्फर अजितेश संधू गुरुवार को यहां पहले दौर मे तीन अंडर 68 के स्कोर के साथ 38वें शिनहैन डोंगहेई ओपन मे संयुक्त 34वें स्थान पर चल रहे है। संधू ने प्रतियोगिता मे हिस्सा ले रहे चार भारतीयो के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शिव कपूर और एसएसपी चौरसिया दोनो दो अंडर 69 के समान स्कोर के साथ संयुक्त 58वें स्थान पर है।

## प्रणवी ने महिला पेशेवर गोल्फ टूर खिताब जीता

**हैदराबाद।** प्रणवी उर्स ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए गुरुवार को यहां पांच शॉट के बड़े अंतर से महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 12वें चरण का खिताब जीत लिया। प्रणवी ने अंतिम दौर मे दो ओवर 72 का स्कोर बनाया। स्थानीय गोल्फर स्नेहा सिंह ने एक ओवर 71 के स्कोर से एमेच्योर कृति चौहान के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रही। कृति ने अंतिम दौर मे तीन ओवर 73 का स्कोर बनाया। मौजूदा सत्र मे 12 प्रतियोगिताओं मे यह प्रणवी की पांचवीं जीत है जिससे उन्होने आर्डर आफ मेरिट मे भी अपनी बढ़त मजबूत कर ली है।

## खालिन ने जम्मू कश्मीर ओपन गोल्फ मे बढ़त कायम की

**जम्मू।** बेंगलुरु के खलिन जोशी ने चार अंडर 68 के कार्ड के साथ जम्मू कश्मीर ओपर 2022 गोल्फ प्रतियोगिता के दूसरे दौर के बाद गुरुवार को बढ़त कायम कर ली। पहले दौर के बाद तीसरे स्थान पर रहे जोशी ने दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर हासिल किया और एक शॉट की बढ़त के साथ तालिका मे शीर्ष पर काबिज हो गए। उनका कुल स्कोर छह अंडर 138 का है। शुरुआती दौर के बाद तालिका मे शीर्ष पर रहे युवराज संधू ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला।

# साव ने जड़ा नाबाद ताबड़तोड़ अर्धशतक



## बारिश से प्रभावित दलीप ट्रॉफी का पहले दिन का खेल

**भाषा।** चेन्नई

**पृथ्वी साव की** आक्रामक 61 रनों की पारी की बदौलत पश्चिम क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच के बारिश से प्रभावित शुरुआती दिन पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ बिना किसी नुकसान के 116 रन बना लिए। साव ने पहले विकेट के लिए यशस्वी जायसवाल (नाबाद 55) के साथ 116 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। बारिश के कारण मैच शुरू होने में काफी विलंब हुआ और पूर्वोत्तर क्षेत्र के कप्तान होकेतो झीमोमी ने टॉस जीत कर पश्चिम क्षेत्र को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया।

साव ने क्रीज पर उतरने के साथ ही अपने इरादे जाहिर कर दिए। वह गेंद को हवा में मारने में भी संकोच नहीं कर रहे थे। अबतक 66 गेंद की पारी में साव ने चार छक्के और पांच चौके लगाए है। रेक्स राजकुमार के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाकर उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया। खराब रोशनी के कारण 25 ओवर के बाद दिन के खेल को रोकना पड़ा। पुडुचेरे में खेले जा रहे दूसरे मैच में पूर्व क्षेत्र ने उत्तर क्षेत्र के खिलाफ मैच के पहले दिन 54 ओवर में तीन विकेट पर 179 रन बना लिए। बारिश के कारण इस मैच में भी विलंब हुआ। प्रतिभाशाली रियान पराग को पारी का आगाज करने के लिए भेजा गया लेकिन वह नवदीप सैनी की गेंद पर आठ रन बनाकर आउट हो गए। दूसरे सलामी बल्लेबाज सुदीप कुमार घरामी ने 137 गेंद की पारी में 68 रन बनाने के साथ अनुस्तूप मजूमदार (47) के साथ दूसरे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को सिद्धार्थ कौल ने तोड़ा। घरामी ने इसके बाद विराट सिंह (नाबाद 43) के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। वह हिमांशु राणा की गेंद पर आउट हुए। स्टंप्स के समय विराट के साथ कप्तान मनोज तिवारी नौ रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

# जीत व कोहली के शतक के साथ भारत एशिया कप से विदा

## अफगानिस्तान को 101 रनों से हराया

**भाषा।** दुबई



**विराट कोहली** के बल्ले से लगभग तीन साल बाद शतक निकला और उनके 122 रन की मदद से भारत ने एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ औपचारिकता के मुकाबले में 101 रन से जीत दर्ज की। कोहली ने 61 गेंद में 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से 122 रन की नाबाद पारी खेली जिसके दम पर भारत ने दो विकेट पर 212 रन बनाए। पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में करीबी हार से मायूस अफगानिस्तान टीम के बल्लेबाज भुवनेश्वर कुमार की स्विंग गेंदबाजी का सामना नहीं कर सके। भुवनेश्वर ने चार ओवर में सिर्फ चार रन देकर पांच विकेट लिए। अफगानिस्तान का स्कोर एक समय 21 रन पर छह विकेट था और 20 ओवर में उसने आठ विकेट पर 111 रन बनाए। इससे पहले कोहली ने नवंबर 2019 के बाद पहला और कैरियर का 71वां शतक लाया। इसके साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शतकों के मामले में रिकी पोंटिंग की बराबरी कर ली और अब वह सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं। नियमित कप्तान रोहित शर्मा को आराम दिया गया और उनकी जगह कप्तानी कर रहे केएल राहुल ने 41 गेंद में 62 रन बनाए। उन्होंने कोहली के साथ पहले विकेट के लिए 76 गेंद में 119 रन जोड़े। कोहली ने मनचाही दिशा में शॉट्स खेले और चिर परिचित फॉर्म में लौटने के संकेत दिए। दूसरे छोर पर राहुल ने भी आत्मविश्वास से भरी पारी खेली।

### टी20प्रारूप में शतक जड़ने की उम्मीद नहीं थी : कोहली

**दुबई।** करीब तीन साल बाद शतक जमाने वाले विराट कोहली ने अफगानिस्तान के खिलाफ एशिया कप के औपचारिकता के मैच मे 122 रन बनाने के बाद कहा कि इस प्रारूप मे उन्हें इसकी उम्मीद नही थी। कोहली ने 989 दिन बाद शतक जमाया। वह 71वां अंतरराष्ट्रीय शतक बनाने के साथ ही अब रिकी पोंटिग के बराबर आ गए और उनसे आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर (सौ शतक) है। कोहली ने पारी के ब्रेक मे कहा , पिछले ढाई साल ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मै एक महीने बाद 34 साल का हो जाऊंगा। अब गुस्से से जश्न मनाना अतीत की बात हो गई है। मै वास्तव मे स्तब्ध था। इस प्रारूप मे शतक के बारे मे नही सोचा था। कई चीजों का परिणाम है यह। टीम ने काफी मदद की। कोहली ने खराब दौर मे चट्टान की तरह उनके साथ खड़े होने के लिए पत्नी अनुष्का शर्मा को श्रेय दिया। मुझे पता है कि बाहर बहुत कुछ चल रहा था।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी** : केएल का जदरान बो अहमद 62, कोहली नाबाद 122,सूर्यकुमार बो अहमद 6,पंत नाबाद 20, अतिरिक्त : दो रन, **कुल योग** : 20 ओवर मे दो विकेट पर 212 रन, **विकेट पतन** : 1-119, 2-125, **गेंदबाजी** : फारूकी 4-0-51-0,रहमान 4- 0-29-0, अहमद 4-0-57-2, राशिद 4- 0-33-0, नबी 3- 0-34-0, उमरजई I-0- **8-0**

**अफगानिस्तान पारी** :हजरतुल्लाह पगबाधा बो कुमार 0, गुरबाज बो कुमार 0, जदरान नाबाद 64, जनत का कोहली बो कुमार 2,नजीबुल्लाह पगबाधा बो कुमार 0, नबी पगबाधा बो अर्शदीप 7, उमरजइ का कार्तिक बो कुमारI, राशिद का पटेल बो हुड्डा 15, रहमान बो अश्विन 18, अहमद नाबादI, **अतिरिक्त** : तीन रन,**कुल योग** : 20 ओवर मे आठ विकेट पर 111 रन, विकेट पतन :1-0, 2-1, 3- 9, 4-9, 5- 20, 6- 21, 7-54, 8-87, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-1-4-5, चाहर 4-0-28-0,अर्शदीप 2-0- 7-I,अक्षर 4-0- 24- 0, हुड्डा 1-0-3-1, अश्विन 4-0-27-I, कार्तिक I-0-18-0

## एफआईएच विश्व कप के पूल डी में मेजबान भारत के साथ इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स

**भुवनेश्वर।** भारत को भुवनेश्वर और राउरकेला में अगले साल जनवरी में होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के पूल डी में इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स के साथ रखा गया है। गुरुवार को 16 टीम के इस टूर्नामेंट का ड्रॉ हुआ। टीम को चार पूल में बांटा गया है और प्रत्एक पूल में चार-चार टीम होंगी। विश्व कप का आयोजन 13 से 29 जनवरी तक किया जाएगा। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम भारत पूल डी में शीर्ष रैंकिंग वाली टीम है। पूल में भारत की भिड़ंत छठे नंबर की टीम इंग्लैंड, दो बार के रजत पदक विजेता स्पेन और वेल्स से होगी। स्पेन दुनिया की आठवें जबकि वेल्स 16वें नंबर की टीम है। वेल्स की टीम पहली बार विश्व कप में खेल रही है। पूल ए में 2018 में पिछले विश्व कप की कांस्य पदक विजेता और दुनिया की नंबर एक टीम आस्ट्रेलिया के साथ 2016 के ओलंपिक चैंपियन अर्जेन्टीना, फ्रांस और अफ्रीकी चैंपियन दक्षिण अफ्रीका को रखा गया है। गत चैंपियन बेल्जियम की टीम को शीर्ष वरीयता दी गई है।

## एनएनएमएचएसएस, केरल ने सेंट फ्रांसिस जेवियर को हराया

**नई दिल्ली।** एनएनएमएचएसएस, केरल ने 61वें सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट में बृहस्पतिवार को दमन और दीयू को 23-0 से हरा दिया। खेल कॉलेज (लखनऊ), मिंगमांग नलबारी हाई स्कूल (असम) और सरकारी चांगफियांगा मिडिल स्कूल (मिजोरम) ने भी अपने अपने पूल में दूसरी जीत दर्ज की। सैनिक स्कूल , इम्फाल ने पाथवेस स्कूल , नोएडा को 8-0 से हराया।

# ऑस्ट्रेलिया ने वनडे श्रृंखला अपने नाम की



## न्यूजीलैंड को 133 रन से हराया

**भाषा।** केयर्न्स

**मिशेल स्टार्क** के हरफनमौला खेल और एडम जम्पा के फिरकी के कमाल के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे एकदिवसीय मैच में गुरुवार को न्यूजीलैंड को 113 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 195 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड की पारी को 33 ओवर में महज 82 रन पर समेट दिया। जम्पा ने नौ ओवर में 35 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि मिशेल स्टार्क और सीन एबोट ने दो-दो विकेट चटकाए। मैन ऑफ द मैच स्टार्क ने इससे पहले 38 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम के स्कोर को 200 रन के करीब पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस दौरान नौवें विकेट के लिए जम्पा (16) के साथ 31 रन जोड़ने के बाद जोश हेजलवुड (नाबाद 23) के साथ आखिरी विकेट के लिए 47 रन की अटूट साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड के सिर्फ चार बल्लेबाज दहाई के आंकड़े में रन बना सके। कप्तान केन विलियमसन 17 रन के साथ टीम के सर्वोच्च स्कोरर रहे। इससे पहले ट्रेंट बोल्ट (38 रन पर चार विकेट) और मैट हेनरी (33 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को नौ विकेट पर 195 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड ने 19वें ओवर में 54 रन तक ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया था।

# उप्र व सर्विसेज की लगातार दूसरी जीत



## 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल

**लखनऊ।** मेजबान उत्तरप्रदेश ने 51वीं राष्ट्रीय सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए पश्चिम बंगाल को 23-16 गोल से हराया। दूसरी ओर पिछली चैंपियन सर्विसेज ने मणिपुर को रोमांचक मुकाबले में 24-23 गोल से हराया। हैण्डबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैण्डबॉल संघ द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित इस चैंपियनशिप में दूसरे दिन कुल 16 मैच खेले गए। इसमें महाराष्ट्र व कर्नाटक का मैच कड़ी टक्कर के बाद 22-22 से छूटा। मेजबान उत्तर प्रदेश के लड़कों ने पूल जी में अपने दूसरे मैच में पश्चिम बंगाल को 23-16 गोल से हराया। यूपी मध्यांतर तक 11-8 ये आगे थी। उत्तर प्रदेश की ओर से संचित ने सर्वाधिक 7 गोल दागे। उनका साथ देते हुए गुरप्रीत व अरुण ने 5.5 गोल करने में सफ्लता हासिल की। अंकित चौधरी व मोहित यादव ने 2-2 जबकि शुभम सरोज व अविनाश राठौड़ ने एक.एक गोल किया। पश्चिम बंगाल से सचान ने चार जबकि बूटारामए पुष्पेंदर व मनदीप ने तीन-तीन और राहुल ने एक गोल किए। इस मैच में उत्तर प्रदेश के लड़को को मध्यांतर तक कड़ी टक्कर मिली। मध्यांतर के बाद यूपी के खिलाड़ियों को आक्रामक खेल का फायदा मिला। दूसरी ओर पूल ए में सर्विसेज को मणिपुर के खिलाफ 24-23 गोल की जीत में खासा पसीना बहाना पड़ा और टीम को एक अंक के मामूली अंतर से जीत मिली। इस मैच में सर्विसेज मध्यांतर तक 12-10 से आगे थी। सर्विसेज की ओर से दीपक ने सर्वाधिक आठ गोल दागे। चिराग ने चारए सुजाउर ने तीन गोल किए। साहिलए तरुण व मोहित को दो दो गोल करने में सफ्लता मिली। मणिपुर से मोहित यूनिया ने सर्वाधिक 7 व प्रदीप ने चार गोल किए।पूल सी में महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच रोमांचक टक्कर के बाद मुकाबला 22.22 से बराबरी पर खत्म हुआ। मैच के दौरान कई क्षण ऐसे आए कि लगा मैच का परिणाम निकलेगा लेकिन ऐसा नहीं हो सका। महाराष्ट्र से हरिंदर ने सर्वाधिक आठ गोल और अभिलाश ने 6 गोल किए। मनप्रीत ने चार व शिवाजी ने दो गोल किए। कर्नाटक से शुगन ने सर्वाधिक सात गोल और प्रेमनाथ व शेखर ने पांच.पांच गोल जबकि बाबूजी ने तीन गोल दागने में सफ्लता हासिल की। पूल डी में दमन दीव ने ओडिशा को 27-5 गोल से हराया। दमन दीव से अंकित ने सर्वाधिक आठ गोलए नवीन ने पांचए बलदेव ने चार वकील ने तीन और बलराम ने दो गोल किए। ओडिशा से बिप्लब ने तीन गोल किए। पूल एच में दिल्ली ने नागालैंड को 23-12 गोल से हराया। दिल्ली से नितिन मान ने आठ जबकि परमजीत व रोहित ने तीन-तीन गोल किए। नागालैंड से लोकेश ने पांच गोल किए। केसा साजो व जसवंत को तीन.तीन गोल करने में सफ्लता मिली। इसके अलावा अन्य मैचों में पूल सी में हरियाणा ने लद्दाख को 35-10 से पूल ई में जम्मू-कश्मीर ने झारखंड को 20-17 सेए पूल एच में बिहार ने दिल्ली को 27.22 सेए पूल बी में केरल ने आसाम को 27-15 सेए पूल जी में तमिलनाडु ने उत्तराखंड को 24-11 सेए पूल डी में रेलवे ने पुड्डुचेरी को 17-11 स पूल बी में राजस्थान ने केरल को 32-23 से, पूल ए में तेलंगाना ने मणिपुर को 16-10 से और पूल सी में हरियाणा ने कर्नाटक को 31-17 से हराया।

## दिशा व अनुराग को कांसा

**लखनऊ।** 75वीं सीनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप-2022 के दूसरे दिन गौतम बुद्धनगर की दिशा भंडारी ने 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में 05.14.51 सेकेंड का समय निकालकर कांस्य पदक हासिल किया। वाराणसी के अनुराग आर सिंह ने 16. 40.30 सेकेंड का समय निकालकर 1500 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीता।

## अधीर दुबे स्मारक प्रथम कॉरपोरेट कप आमंत्रण टी-20 क्रिकेट 25 से

**लखनऊ।** शहर की उम्दा 16 टीमें पूर्व विधान परिषद सदस्य अधीर दुबे स्मारक प्रथम कॉरपोरेट कप आमंत्रण टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता में खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने उतरेंगी। कॉरपोरेट वेटरन क्लब लखनऊ (सीवीसीएल) व अधीर दुबे फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता की शुरुआत 25 सितंबर से होगी। आयोजन सचिव शैलेंद्र कुमार अस्थाना ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को चार पूलों में बांटा जाएगा। इसके साथ ही लीग कम नाकआउट आधार पर होने वाली इस प्रतियोगिता के मैच शनिवारए रविवार एवं अवकाश के दिनों मे खेले जाएंगे। सीवीसीएल के अध्यक्ष परमजीत सिंह जग्गी ने बताया कि पूल ए में कॉरपोरेट की चार टीमें और पूल बी में आफिसेस की चार टीमें होंगी। पूल सी में मीडिया की एक टीमए व्यापारियोंकी एक टीम एवं कारपोरेट की दो टीमें होंगी। पूल डी में बैंकों की चार टीमें होंगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में कोई बाहरी खिलाड़ी हिस्सा नहीं ले सकते हैं। हालांकि कॉरपोरेट टीम चाहे तो दो.दो 30 प्लस और 35 प्लस टीम के खिलाड़ी अपनी टीम में खेला सकते हैं। प्रतियोगिता के मैच उत्तर रेलवे स्टेडियम और पंडित रास बिहारी स्टेडियम पर खेले जाएंगे।